सुप्रभात
रांची, मंगलवार
05.11.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 114




06 भारत के आर्थिक विकास में जनजाति समाज का है भरपूर योगदान



## भाजपा ने लगाया रेकी व फोन टेप का आरोप, सीइओ को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने भाजपा नेताओं की रेकी करने और फोन टेप करने का आरोप लगाया है। इस मसले को लेकर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में सोमवार को एक प्रतिनिधमंडल ने सीइओ के रवि कुमार से मुकालात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एक ज्ञापन भी सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि राज्य सरकार के इशारे पर पुलिस के वरीय पदाधिकारी द्वारा भाजपा नेताओं का फोन टेप कराया जा रहा है। नेताओं की रेकी भी की जा रही है। भाजपा नेताओं के यहां छापेमारी की भी योजना बनाई जा रही है, भाजपा नेताओं की हत्या भी कराई जा सकती है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि इस मसले पर मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने जांच के आदेश दिए हैं।

## सीइओ ने की श्रम विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक

# मतदान दिवस पर सवैतनिक छुट्टी का है प्रावधान : सीइओ

■ प्रावधान का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरुद्ध दण्ड का प्रावधान



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने श्रम विभाग के पदाधिकारियों के साथ सोमवार को निर्वाचन सदन में बैठक की। इस दौरान सीइओ ने सभी औद्योगिक और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों तथा अन्य सभी संस्थानों के नियोजकों को कहा कि वे अपने संस्थान में कार्यरत सभी कर्मियों को मतदान के दिन 13 और 20 नवंबर को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश दें। उन कर्मियों में दैनिक मजदूर भी शामिल हैं, जो राज्य के पंजीकृत मतदाता हैं। सीइओ ने कहा कि श्रम विभाग इसका वृहत प्रचार-प्रसार करे। साथ ही उन्हें मतदान के लिए जागरूक एवं प्रेरित भी करें, ताकि ऐसे मतदाताओं का उनके मतदान के अधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

बतते चलें कि निर्वाचन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 135-ख के अनुसार निर्वाचन के दौरान मतदान दिवस को किसी भी करोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी संस्थान में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान करने का प्रावधान है। इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे। इस प्रावधान का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरुद्ध दण्ड का भी प्रावधान है। सीईओ ने कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी संस्थान में कार्यरत कामगारों को मतदान के लिए सुविधा देने की दृष्टि से नियोजकों, प्रबंधकों से आग्रह किया है कि एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहे, इसके लिए प्रावधान का समुचित पालन करना सुनिश्चित करें। बैठक में श्रमायुक्त संजीव बेसरा, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, संदीप सिंह, संयुक्त श्रमायुक्त राजेश प्रसाद, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता आदि पदाधिकारी थे।

# पहले चरण के 682 उम्मीदवारों में से 174 पर अपराधिक मामले हैं दर्ज

## एडीआर की रिपोर्ट में खुलासा, 93 उम्मीदवार पीजी व 16 हैं पीएचडी होल्डर

■ पहले चरण में किस्मत आजमा रहे उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 2.16 करोड़



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में किस्मत आजमा रहे 682 उम्मीदवारों में से 174 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं 127 उम्मीदवारों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसका खुलासा एडीआर की रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, बीजेपी के 36 में से 20, कांग्रेस के 17 में 11, झामुमो के 23 में 11, बीएसपी के 29 में से 8, राजद के पांच में से तीन और जदयू के दो में से दो उम्मीदवारों पर अपराधिक मामले दर्ज हैं।

**गंभीर अपराध के मामले :** बीजेपी के 36 में से 15, कांग्रेस के 17 में से आठ, झामुमो के 23 में से सात, बीएसपी के 29 में छह, राजद के पांच में से तीन और जदयू के दो में से दो उम्मीदवारों पर गंभीर अपराधिक मामले दर्ज हैं।

**हत्या के मामले भी हैं दर्ज :** पहले चरण में किस्मत आजमा रहे चार उम्मीदवारों पर हत्या के मामले दर्ज हैं। हत्या के प्रयास से जुड़े 40 उम्मीदवारों पर मामले दर्ज हैं। महिलाओं पर अत्याचार से जुड़े मामले 11 उम्मीदवारों पर दर्ज हैं।

**63 उम्मीदवार की संपत्ति पांच करोड़ के पार :** पहले चरण में किस्मत आजमा रहे 682 उम्मीदवारों में से 63 उम्मीदवारों की संपत्ति पांच करोड़ से पार है। दो करोड़ से पांच करोड़ के बीच 78 उम्मीदवारों की संपत्ति है। 50 लाख से दो करोड़ के बीच 198, 10 लाख से 50 लाख के बीच 199 और 10 लाख से कम संपत्ति वाले उम्मीदवारों की संख्या 144 है। इस तरह पहले चरण में किस्मत आजमा रहे उम्मीदवारों की औसतन संपत्ति 2.16 करोड़ है।

**93 उम्मीदवार पीजी और 16 हैं पीएचडी धारक :** पहले चरण में किस्मत आजमा रहे उम्मीदवारों में दो निरक्षर, 18 साक्षर, पांचवां पास छह, आठवां पास 52, 10वीं पास 102, 12वीं पास 148, ग्रेजुएट 182, ग्रेजुएट प्रोफेशनल 57, पीजी होल्डर 93, पीएचडी धारक 16 और डिप्लोमाधारी छह प्रत्याशी हैं।


## AFFIDAVIT

I, Vicky Anand Oraon, S/o- Shri Dasrath Oraon, R/o- Vill - Surid, P.O- Turmuli, P.S- Burmu, Dist- Ranchi, Jharkhand, PIN - 835205, At present residing at - Bazra Kumba Toli, Itki Road, P.O- Hehal, P.S- Sukhdeonagar, Dist- Ranchi, Jharkhand. That in my 12th passing Certificates my father's name has been mentioned as DASHRATH ORAON which is incorrect. That my father's Actual and correct name is DASRATH ORAON which is mentioned at my Aadhaar bearing No. 8258 4347 1196 and 10th passing certificates. That DASRATH ORAON And DASHRATH ORAON both are the same and one person i.e.,my father. Affidavit No.- 3260, dated- 12.12.2023.

## AFFIDAVIT

I Rakesh Kumar Tiwari S/O- Kamla Kant Tiwari, R/O- Village Talya, P.O.- Narsinghpur, P.S.- Chainpur, Daltonganj, Palamu, Present address - Qtr. No. 1C/48, CCL colony Gandhi nagar Gonda Ranchi Jharkhand.
That my daughter Muskan father's & mother's name has been wrongly mentioned Rakesh Kumar Tiwary and mother's name Sushma Tiwary for registration of class IX CBSE board. Here Correct spelling of Father's name is Rakesh Kumar Tiwari and mother's name is Sushma Tiwari vide affidavit no. 3379
date - 30-10-24


## तीन बागी कांग्रेस नेता छह साल के लिए निष्कासित

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस ने बागी नेताओं के खिलाफ बड़ा एक्शन लिया है। तीन बागी नेताओं को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। इन नेताओं में देवेंद्र सिंह बिट्टू, लातेहार के जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, इसराफिल अंसारी भी शामिल हैं। निष्कासित करने की वजह यह है कि मुनेश्वर उरांव पार्टी लाइन से हटकर मनिका से, पांकी से देंवेंद्र सिंह बिट्टू और इसराफिल अंसारी गोमिया से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

# संकल्प पत्र के प्रमुख बिंदुओं को आज से समाज के हर वर्ग तक पहुंचायेगी भाजपा

■ प्रदेश के सभी जिलों में संकल्प पत्र को लेकर भाजपा की पीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के सभी जिलों में संकल्प पत्र को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संकल्प पत्र के प्रमुख बिंदुओं को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने की कोशिश की जाएगी। मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी को नेता जनता को यह बताने का प्रयास करेंगे कि भाजपा ही इस, प्रदेश को संवार सकती है।

### कौन कहां करेंगे पीसी



गिरिडीह में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, बोकारो के चंदनकियारी में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, जमशेदपुर में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, सरायकेला में पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, देवघर में सांसद निशिकांत दुबे, पलामू में सांसद वीडी राम, हजारीबाग में सांसद मनीष जायसवाल, धनबाद में सांसद डॉ प्रदीप वर्मा और अग्निमित्र पाल, गुमला में केदार कश्यप और विमला प्रधान, लोहरदगा में मनीर उरांव, सिमडेगा में विनय लाल और सुदर्शन भगत, खूंटी में नीलकंठ सिंह मुंडा और चंद्रशेखर गुप्ता, लातेहार में प्रतुल शाहदेव, गढ़वा में विकास प्रीतम, रामगढ़ में ओपी चौधरी, चतरा में टोखन साहू, कोडरमा में नीरा यादव, दुमका में सुनील सोरेन, जामताड़ा में वीरेंद्र मंडल और सत्यानंद झा बाटुल, साहिबगंज में अनंत ओझा, गोड्डा में अमित मंडल पीसी कर लोगें को भाजपा के संकल्प पत्र से अवगत करायेंगे। इसके अलावा शेष जिलों में भी प्रमुख नेताओं के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जाएगा।

## राज्य में चुनाव प्रचार शांतिपूर्ण : सीईओ

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि चुनाव प्रचार शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। अभी तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में 31 प्राथमिकी दर्ज की गई है। सर्वाधिक 18 मामले गढ़वा जिला में दर्ज हुए हैं। वहीं, रांची, सिमडेगा और रामगढ़ जिले में दो-दो मामले दर्ज हुए हैं। सरायकेला, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, देवघर, जामताड़ा, हजारीबाग और पलामू जिले में एक-एक मामले दर्ज हुए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 1 अरब, 47 करोड़, 80 लाख की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की गयी है।


''कोई भी मतदाता न छूटे''

अनुलग्नक 47
प्रारूप C-1 से C 8 तथा CA
<u>प्रारूप -1</u>

**आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणा**
(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)
अभ्यर्थी का नाम और पता: कुन्दरसी मुण्डा, म.सं. 229 टैगोर हिल P.O- मोराबादी, P.S- बरियातू, RANCHI-830008.
राजनीतिक दल का नाम: B.A.P (भारत आदिवासी पार्टी)
(स्वतंत्र अभ्यार्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)
निर्वाचन का नाम : 64 हटिया, विधानसभा इलेक्शन झारखंड 2024
निर्वाचन क्षेत्र का नाम: 64-हटिया
मैं कुन्दरसी मुण्डा (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करती हूं:

(A) लबित आपराधिक प्रकरण

| क्र सं | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सदर थाना, रांची | Case-No-333/2023 | अनुसंधान लंबित Under Investigation | *147/149/341/323/504/447/379 of IPC* जमीन विवाद |

(B) दडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र सं | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|

665/ रिटर्निंग अधिकारी के लिए पुस्तिका

**ANNEXURE 47**
**FORMATS C-1 TO C-8 and CA**
**<u>Format C-1</u>**

(for candidate to publish in Newspapers, TV

**<u>Declaration about criminal cases</u>**
(As per the judgment dated 25 September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011(Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name and address of candidate: DILIP SINGH NAMDHARI, NAWATOLE, WARD-23, MEDNINAGAR.
Name of political party. INDEPELDENT.
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election: LEGISLATIVE ASSEMBLY 2024.
*Name of Constituency: 76, DALTONGANJ
I.................................. (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | SRI SANJAY SINGH YADAV, JMFC DALTONGANJ | GR 2286/14 | EVIDENCE | 123, 129, 133. R.P Act 171A, 171B, 188 IPC and SECTSON & USE OF PLAY AND LAUDSP EKER Act. |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court &date(s) of order(s) | Description of office(s) & punishment Imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.


## राज्यहित में टीम के रूप में काम करें पदाधिकारी:अलका तिवारी

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा के नेतृत्व में मुख्य सचिव अलका तिवारी के साथ शिष्टाचार भेंट की। मुख्य सचिव द्वारा राज्य के प्रशासन एवं नीति निर्धारण में सचिवालय सेवा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए राज्य हित में एक टीम के रूप में काम करने की अपेक्षा संघ के प्रतिनिधियों से की गई। सचिवालय सेवा संघ की ओर से भी मुख्य सचिव को उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए हर संभव सहयोग की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। शिष्टमंडल में इरशाद आलम, जयकांत पंडित, अमिता लकड़ा एवं अमित कुमार शामिल थे।

## मुख्य सचिव अलका तिवारी ने की राज्यपाल से मुलाकात



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य की नई चीफ सेक्रेट्री अलका तिवारी ने सोमवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने चीफ सेक्रेट्री से विकास कार्यों की जानकारी ली। साथ ही चालू योजनाओं में गति लाने का भी निर्देश दिया। राजभवन ने इसे शिष्टाचार भेंटवार्ता बताया है। वहीं, दूसरी ओर चीफ सेक्रेटरी ने राज्य के आला अधिकारियों के साथ बैठक कर परिचय प्राप्त किया और राज्य में चल रहे विकास कार्यों में तेजी लाने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विकास योजनाओं को समय रहते पूरा कर लेना है। विकास कार्यों की गति ने रूके, इसका ख्याल रखना है।

# जेएमएम ने झारखंड को विनाश की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है : शिवराज सिंह

## खिजरी विधानसभा में झारखंड सरकार पर बरसे चौहान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को झारखंड के खिजरी विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार रामकुमार पाहन के समर्थन में सभा को संबोधित किया। इस दौरान शिवराज सिंह ने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि गठबंधन सरकार ने वन संपदा, जल संपदा और खनिज संपदा से भरपूर सुंदर राज्य को तबाह और बर्बाद कर दिया है। पूरे प्रदेश को लूट लिया है। यहां नेताओं और मंत्रियों के घरों से पैसों के पहाड़ बरामद हो रहे हैं और झारखंड की जनता त्राही-त्राही कर रही है। जेएमएम ने झारखंड को विनाश की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है और यही वजह है कि, झारखंड की जनता ने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। झारखंड में भारतीय जनता पार्टी ही सुशासन स्थापित करेगी।

**झारखंड में नयी क्रांति की जरूरत :** अगर झारखंड को बचाना है तो एक नयी क्रांति करनी पड़ेगी। आज जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन सरकार में भी शोषण की अति हो गई है। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही इन विदेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर किया जाएगा। इसलिए क्रांति की नई शुरूआत करनी पड़ेगी। उलगुलान भगवान बिरसा मुंडा जी ने जिसका बिगुल फूंका था। यहां भी अब उलगुलान की जरूरत है, एक नई क्रांति की जरूरत है।

**महिला सशक्तिकरण, हमारा संकल्प :** झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनते ही बहनों के खाते में हर महीने की 11 तारीख को गोगो दीदी योजना के तहत 2100 रूपए की राशि डाली जाएगी। इतना ही नहीं गरीब बहनों को 500 रूपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा और साल में दो बार त्योहार पर सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। महिला सशक्तिकरण भाजपा और पीएम मोदी का संकल्प है।

### नौजवानों को पूरा न्याय

भाजपा की सरकार बनते ही 2 लाख 87 हजार रिक्त पड़े पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। पहले ही साल में डेढ़ लाख नौकरियां दी जाएंगी। इतना ही नहीं 5 लाख नए स्वरोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे। ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट युवाओं को 2 साल तक 2 हजार रूपए प्रति माह दिए जाएंगे ताकि वो अच्छी नौकरी की तैयारी कर सकें। झारखंड के युवाओं को पूरा न्याय मिलेगा।

**झारखंड की तस्वीर बदलना, भाजपा का प्रण :** भाजपा की सरकार बनने के बाद झारखंड की धरती पर हर गरीब को पक्का मकान बनाने के लिए राशि दी जाएगी और बालू फ्री मिलेगा। प्रधानमंत्री ने 2 करोड़ मकान ग्रामीण और 1 करोड़ मकान शहरी क्षेत्रों में बनाने का फैसला लिया है। पांच एकड़ तक की जमीन वाले किसानों को प्रति एकड़ 5 हजार रूपए की राशि दी जाएगी। 50 लाख रूपए की संपत्ति अगर बहन के नाम पर खरीदी जाएगी तो रजिस्ट्री शुल्क केवल 1 रूपए ही लगेगा। झारखंड की तस्वीर और जनता की तकदीर बदलना भारतीय जनता पार्टी का प्रण है।

# तीन सजायाफ्ता ने विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए हाई कोर्ट का खटखटाया था दरवाजा, एक को मिली सफलता

खबर मन्त्र सवांददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में अपनी किस्मत आजमाने के लिए अपराधी/राजनीतिज्ञ समेत तीन सजायफ्ता ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था जिसमें से सिर्फ एक पूर्व विधायक ममता देवी को ही हाई कोर्ट से राहत मिली है। शेष दो बंधु तिर्की एवं अमन साहू के हाथ सिर्फ मायूसी लगी।

**बंधु तिर्की ने लंबी बहस के बाद वापस ली पिटीशन**



बंधु तिर्की ने चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर करते हुए सजा के खिलाफ अपनी क्रिमिनल अपील की सुनवाई के दौरान हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर सजा पर रोक का आग्रह किया था। 2 घंटे इस पर लंबी बहस भी चली थी, हालांकि बंधु तिर्की ने अपनी सजा पर रोक संबंधी अपनी आईए को वापस ले लिया था। बता दें कि 28 मार्च 2022 को सीबीआई की विशेष अदालत ने तत्कालीन मांडर विधायक बंधु तिर्की को 3 साल की सजा एवं 3 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के कार्यकाल में शिक्षामंत्री रह चुके बंधु तिर्की पर 6 लाख 28 हजार 698 रुपये आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप था।

### पूर्व विधायक ममता देवी की सजा पर लगी रोक



हजारीबाग की निचली अदालत से सजा पायीं रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी ने भी चुनाव लड़ने के लिए हाई कोर्ट से अनुमति मांगी थी। हाई कोर्ट ने ममता देवी को दो अलग-अलग मामले में हजारीबाग की निचली अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के बिंदु पर रोक लगा दी। इससे ममता देवी का चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया था। जिन दो मामलों में ममता देवी को दोषी ठहराते हुए सजा मिली थी उनमें से एक रजरप्पा थाना कांड संख्या 79/2016 में 13 दिसंबर 2022 को ममता देवी को 5 साल की सजा मिली थी। वहीं 4 जनवरी 2023 को गोला गोली कांड के चौथे मामले गोला थाना कांड संख्या 65/2016 में हजारीबाग की विशेष कोर्ट ने ममता देवी को 2 साल की सजा दी थी और उन पर 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया था।

### कुख्यात अपराधी अमन साहू की पिटीशन खारिज

वहीं कुख्यात अपराधी अमन साहू ने भी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए हाईकोर्ट में दस्तक दी थी। लेकिन उन्हें भी हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली। उनके खिलाफ 100 से अधिक गंभीर अपराधों को देखते हुए हाईकोर्ट ने उसे अनुमति नहीं दी थी। अमन साहू की ओर से चुनाव लड़ने के लिए सजा पर रोक लगाने के आग्रह संबंधित हस्तक्षेप याचिका (आईए) को हाइकोर्ट ने खारिज कर दी थी। आर्म्स एक्ट में रामगढ़ की निचली अदालत में अमन साहू को मई 2018 में 6 साल की सजा सुनाई थी। मामले को लेकर रामगढ़ के पतरातू थाना में कांड संख्या 273 /2015 दर्ज की गई थी।

### मधु कोड़ा की सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने उनके चुनाव लड़ने वाली याचिका खारिज कर दी है। बता दें कि कोयला घोटाला केस में 3 साल की सजा पाने वाले कोड़ा चुनाव लड़ना चाहते थे। इसलिए, उन्होंने अपनी दोषसिद्धि पर रोक की मांग की थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दोष स्थगित करने का यह आधार नहीं है। मधु कोड़ा ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दी गई थी। दिल्ली हाई कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद मधु कोड़ा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

सुप्रभात

रांची, मंगलवार

05.11.2024

नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net

कार्तिक, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 114





12 शेयर बाजार में भारी गिरावट

## न्यूज डायरी

### अंबर लकड़ा देवघर के नये एसपी बनाये गये

**रांची।** विधानसभा चुनाव कार्य से देवघर एसपी अजित पीटर डुंगडुंग को मुक्त करने के बाद अंबर लकड़ा को नया एसपी बनाया गया है। चुनाव आयोग के आदेश पर अंबर लकड़ा को देवघर एसपी के पद पर नियुक्त किया गया है। चुनाव आयोग के निर्देश पर सरकार की ओर से तीन नाम भेजा गया था। वहीं देवघर एसपी ने देवघर एसडीपीओ को चार्ज सौंप दिया था।

### धनबाद में एक ही परिवार के तीन की मौत

**धनबाद।** गोविंदपुर थाना में तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गयी। यह हादसा जीटी रोड पर हुआ। दो घायल हैं। गोविंदपुर थाना क्षेत्र के फरीकडीह–साहेबगंज रोड के समीप कोलकाता रुट से दिल्ली की ओर जा रही तेज रफ्तार पिकअप वैन की चपेट में आने से तीन की मौत हो गयी। मृतकों में 30 वर्षीय रूबी, 16 वर्षीय जानवी और 14 वर्षीय छात्रा सीफत शामिल है जबकि 10 वर्षीय छात्रा सजदा गंभीर रूप घायल है। इस घटना के संबंध में डीएसपी शंकर कामती ने कहा कि बेहद ही दुखद घटना है।

### ट्रलर और ट्रक में टक्कर, तीन की मौत

**सरायकेला–खरसावां।** सीनी–सिदमा मोड़ पर रविवार रात टेलर और एलपी ट्रक के बीच जोरदार टक्कर में टेलर के इंजन में आग लग गयी। देखते ही देखते आग की लपटें केबिन को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में ट्रेलर चालक की मौके पर ही जलकर मौत हो गई है, जबकि एलपी के चालक और चालक के पास बैठा एक अन्य व्यक्ति की भी हादसे में जान चली गयी। इस भीषण हादसे में कुल तीन लोगों की मौत हो गई है और दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं. घायलों को तत्काल सदर अस्पताल सरायकेला लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार कर घायलों को जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है दोनों घायल एलपी के पीछे सीट पर बैठे थे। वहीं मृतकों में एक की पहचान चतरा निवासी प्रबीर उरांव (19 वर्ष) के रूप में की गयी। जबकि अन्य दो शवों की अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी ह। वहीं घायलों में पलामू निवासी 25 वर्षीय छोटू उरांव , चतरा निवासी 23 वर्षीय सत्येंद्र उरांव शामिल हैं।

### 14 विधानसभा सीटों के उपचुनाव की तिथि बदली

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश, केरल और पंजाब में होने वाले उपचुनाव की तारीखों को बदल दिया है। चुनाव आयोग के मुताबिक, केरल, पंजाब और उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा सीटों पर उपचुनाव 13 नवंबर के बजाय 20 नवंबर को होंगे। चुनाव आयोग ने यह फैसला आगामी त्योहारों के मद्देनजर लिया है। इन सभी राज्यों में झारखंड और महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव के साथ ही मतदान होगा।

### झारखंड में रोटी-बेटी-माटी बचाने का मोदी ने किया शंखनाद, गढ़वा और चाईबासा में दिया नारा

# झारखंड में अबकी बार एनडीए सरकार

### भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी

**उदय चौहान/धनंजय सिंह**

**रांची/गढवा।** झारखंड विधानसभा के चुनावी अभियान की सोमवार को शुरुआत करते हुए पीएम मोदी ने झामुमो, कांग्रेस और राजद पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, इन दलों को झारखंड, आदिवासियों व गरीबों से कोई मतलब नहीं। इन्हें सिर्फ लूट-खसोट और अपने परिवार से मतलब है, जनता से नहीं। पीम मोदी ने चुनावी शंखनाद करते हुए रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में अबकी बार एनडीए सरकार का नारा दिया। उन्होंने मतदाताओं से अपील की- झामुमो-कांग्रेस पर करें चोट, भाजपा को करें वोट। वह सोमवार को गढवा और चाईबासा में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। पीएम



मोदी ने कहा, झारखंड की धरती जनजातीय गौरव और आदिवासी शौर्य की साक्षी रही है।

झारखंड से अत्याचारी शासन को उखाड़ फेंकना है। इसके लिए जनता ने कमर कस ली है। इस बार कोल्हान नया इतिहास रचने जा रहा है। भाजपा के लिए आदिवासी आकांक्षा और उनका स्वाभिमान सर्वोपरि रहा है।

उन्होंने कहा कि दोनों रैलियों (गढ़वा और चाईबासा) को देखने के बाद दावे से कहता हूं कि भाजपा ऐतिहासिक मतों के साथ सरकार बनायेगी। पीएम मोदी ने झारखंड भाजपा के संकल्प पत्र को अपनी गारंटी बताया। आप जानते ही हैं कि मोदी अपनी हर गारंटी पूरी करता है। बिहार के गया एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर के जरिए गढ़वा पहुंचे पीएम बाद में चाईबासा पहुंचे।

**इन्हें जनता से नहीं अपने परिवार से मतलब :** पीएम कांग्रेस ,झामुमो व राजद के परिवादवाद पर जमकर बरसे। (शेष पेज 11 पर)

### मोदी के भाषण के प्रमुख बिंदु

झारखंड इस बार रचने वाला है इतिहास। झारखंड ने देश की संस्कृति की रक्षा की। झारखंड ने देश को अनगिनत लीडर दिये। आदिवासियों का सम्मान सर्वोपरि है। सीता सोरेन का अपमान निंदनीय, सीएम चुप। झामुमो, कांग्रेस और राजद से बड़ा कोई आदिवासी विरोधी नहीं। पेपर लीक करने वालों को मिलेगी कड़ी सजा। एनडीए सबसे अधिक सीटों के साथ बनायेगी सरकार। हो भाषा को मातृभाषा का मिलेगा सम्मान। झारखंड विरोदी राजद की गोद में बैठा है झामुमो। कांग्रेस ने आदिवासियों के साथ बर्बरता की।

### राजद-कांग्रेस आदिवासी विरोधी

पीएम ने कहा कि भाजपा सरकार मातृभाषा का सम्मान करती है। भाजपा की सरकार सत्ता में आएगी तो हो सहित अन्य आदिवासी भाषाओं को उचित सम्मान देगी। राजद और कांग्रेस आदिवासियों की सबसे बड़ी विरोधी है। केंद्र में कांग्रेस के शासनकाल में आदिवासियों के साथ गोलीकांड हुआ। इस समय कांग्रेस सरकार ने अंग्रेजी हुकुमत की तरह आदिवासियों को अपना हक मांगने पर गोलियों से भून दिया था। राजद के नेता पहले कहते थे कि झारखंड उनकी लाश पर बनेगा। वे आदिवासियों को कुचलने की बात करते थे। आज झामुमो उसी की गोद में जाकर बैठा है।

### घुसपैठियों को बसा रही है झारखंड सरकार

मोदी ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस, राजद तुष्टीकरण कर रहे हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाया जा रहा है। स्कूलों में सरस्वती वंदना पर रोक लगने लगे तो पता चलता है कि खतरा कितना बड़ा है। तीज–त्यौहारों में पत्थरबाजी हो रही है। माता दुर्गा को रोक दिया जाये, तो पता चलता है कि स्थिति कितनी खतरनाक है। बेटियों के साथ शादी के नाम पर छल कपट होने लगे तो पता चलता है कि पानी सिर के उपर से गुजरने लगा है। पीएम मोदी ने कहा कि ये लोग रोटी भी छीन रहे हैं और बेटी भी। आपकी माटी को भी हड़प रहे हैं। अगर झामुमो, कांग्रेस, राजद की यही कुनीति जारी रही तो झारखंड में आदिवासी समाज का दायरा सिकुड़ जायेगा। ये आदिवासी समाज और देश दोनों के लिए खतरा है।

### हमने जनहित में काम किया, विरोधी साजिश करते रहे : हेमंत

# मेरे कार्यकाल से पहले झारखंड में चुनाव क्यों

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने फिर कहा कि केंद्र और भाजपा नेताओं ने पांच वर्ष सिर्फ मेरी सरकार को गिराने का काम किया। जब वे सफल नहीं हुए तो, मेरा कार्यकाल पूरा होने से पहले ही झारखंड में विधानसभा चुनाव करा रहे हैं। उन्होंने पूछा, यदि झारखंड में एनडीए की सरकार रहती तो ऐसा होता क्या। सीएम ने कहा, गटबंधन सरकार के विकास कार्यों से डर कर केंद्र सरकार ने यह कदम उठाया। हम चुनाव से नहीं डरते, भाजपा को उसकी साजिश का जनता करारा जवाब देगी। झारखंड में एक बार फिर हमारी सरकार बन रही है। सीएम ने भाजपा पर प्रहार करते हुए स्पष्ट रूप से कहा, झारखंड में न एनआरसी चलेगा



और ना ही यूसीसी, यहां तो बस सीएनटी, एसपीटी और पेसा कानून (पंचायत अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार अधिनियम) चलेगा। सीएम श्री सोरेन सोमवार को गढ़वा के भंडरिया और सिमडेगा में चुनावी सभा में बोल रहे थे। सिमडेगा में विलंब से पहुंचने पर क्षमा मांगते हुए हेमंत ने कहा, इसके लिए पीएम मोदी जिम्मेवार हैं। पूरे भाषण के दौरान अधिकांश समय हेमंत सोरेन भाजपा पर शब्दों से हमले करते रहे। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है वहां ना पुरानी पेंशन है और न ही सर्वजन पेंशन है। सीएम हेमंत सोरेन ने डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से इंडिया ब्लॉक सह कांग्रेस प्रत्याशी के एन त्रिपाठी को भारी मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज मइया योजना से लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज हर बुजुर्ग महिला व पुरुष को पेंशन मिल रहा है। सरकार गांव गांव जा कर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही है।

### यहां सिर्फ सीएनटी, एसपीटी और पेसा कानून ही चलेगा

सिमडेगा में मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि झारखंड में एनआरसी और यूसीसी नहीं यहां तो बस सीएनटी, एसपीटी और पेसा कानून चलेगा। यहां निर्धारित समय से कार्यक्रम में करीब डेढ़ घंटे विलंब से पहुंचे। इसके बाद उन्होंने मंच पर चढ़ते ही सीधे माइक अपने हाथों में थाम लिया। लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी के कार्यक्रम के कारण उनके हेलिकॉप्टर को समय से उड़ने नहीं दिया गया। इस कारण उन्हें सिमडेगा पहुंचने में विलंब हुआ। उन्होंने कहा कि झारखंड का विकास तो केवल महागठबंधन की सरकार ही कर सकती है बाकी कोई नहीं। उन्होंने कांग्रेस के सिमडेगा प्रत्याशी के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील की।

# योगी, राजनाथ सिंह, खड़गे व सचिन पायलट आज झारखंड में

### यूपी सीएम करेंगे तीन चुनावी सभा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को झारखंड में तीन चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इसमें डोमचांच, बड़कागांव और जमशेदपुर की जनसभा शामिल है। कोडरमा में डोमचांच के चंद्रावती स्कूल ग्राउंड में योगी की सुबह 10:30 बजे से जनसभा होगी। वहीं, हजारीबाग के बड़कागांव के प्लस टू हाई स्कूल मैदान में दोपहर 12:00 बजे से और जमशेदपुर के आम बागान ग्राउंड में दोपहर 1:30 बजे से जनसभा होगी। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 5 नवंबर को रांची





जिले के रातु स्थित सीएन राज छोटानागपुर हाई स्कूल मैदान में दोपहर 12:00 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद श्री सिंह दोपहर 1:30 बजे से लोहरदगा जिले के समाहरणालय मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन मांडू विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल और कांके विधानसभा क्षेत्र में सुरेश बैठा के पक्ष में दो जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं, राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट भी रांची पहुंच रहे हैं। वे जमशेदपुर पूर्वी से प्रत्याशी डॉ अजय कुमार के पक्ष में रोड शो करेंगे और चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

### शिवराज सारठ में

वहीं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की सारठ, आसनसोल और मधुपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वह दुमका जिले के मुरहाबहाल मोतीपुर मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। मधुपुर स्थित करौन स्कूल मैदान में दोपहर 2:00 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### भाजपा झूठ बोलने और जुमलेबाजी में एक्सपर्ट : कल्पना

# इस चुनाव में भाजपा की नहीं गलेगी दाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गढ़वा के रंका और हजारीबाग के बरकट्ठा की चुनावी सभा में सोमवार को कल्पना सोरेन ने जमकर केंद्र और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झूठ बोलने में माहिर भाजपा की इसबार भी झारखंड के चुनाव दाल नहीं गलेगी।

बरकट्ठा बांडासिंघा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव के पक्ष में गांडेय की झामुमो नेता कल्पना सोरेन ने जनसभा में कहा, जब झारखंड अलग हुआ था उस समय 27 प्रतिशत आरक्षण था।



भाजपा वालो ने घटा कर 14 प्रतिशत कर दिया। हेमंत की सरकार को भाजपा ने हर समय तबाह करने का काम किया। अगर हेमंत पांच साल तक स्थिरता की शासन में रहते तो झारखंड में कमल खिलना मुश्किल हो जाता। इसका एहसास भाजपा को हो गया था इसलिए सरकार को हरसमय केंद्र सरकार ने अस्थिर करने का प्रयास किया। बाद में तो समय से पहली ही चुनाव करा दिया। इस चुनाव में भी भाजपा हारेगी और हमारी सरकार बनेगी।

**भाजपा सिर्फ लूटना चाहती है :** भाजपा को निशाने पर लेते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा ने राज्य में 20 वर्षों तक शासन किया, लेकिन उनका सीधा मकसद झारखंड की खनिज-संपदा को लूटना था। उन्होंने कहा कि झारखंड का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये केंद्र सरकार के पास बकाया है। (शेष पेज 11 पर)

# अल्मोड़ा में भीषण हादसा, 36 की मौत

### यात्रियों से भरी बस गहरी खाई में जा गिरी

**देहरादून (एजेंसी)।** पहाड़ी प्रदेश उत्तराखंड में सड़क हादसे कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। सल्ट के मारचूला कूपी गांव के पास सोमवार को एक बस अनियंत्रित होकर गहरी खायी में जा गिरी। इस सड़क हादसे में अबतक 36 लोगों की मौत हो गयी है। हादसे के वक्त बस में 50 से ज्यादा यात्री सवार थे। कई घायलों को एयरलिफ्ट कर ऋषिकेश एम्स लाया गया। रामनगर में भी घायलों का इलाज जारी है। सीएम धामी ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख, घायलों को 1-1



लाख मुआवजे की घोषणा की है। वहीं पीएम मोदी ने पीएम राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख, घायलों को 50-50 हजार की राहत राशि की घोषणा की है। इस हादसे पर पीएम मोदी, अमित शाह और राहुल गांधी ने समेत तमाम नेताओं ने गहरा दुख जताया है। इस हादसे हादसे की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिये गये हैं। सीएम धामी ने सचिव आपदा प्रबंधन, आयुक्त कुमाऊँ मंडल को दिए तेजी से आपदा राहत के निर्देश दिया है। सीएम धामी दिल्ली के अपने कार्यक्रम रद्द करके उत्तराखंड पहुंच गये हैं। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने एम्स ऋषिकेश पहुंचकर घायलों से की मुलाकात की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ने भी बस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। पीएम मोदी ने ट्वीट में लिखा,उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुए सड़क हादसे में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों की शीघ्र कुशलता की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव के हरसंभव प्रयास में जुटा है।


## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 74200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 100000 रु./प्रति किलो |





# प्रधानमंत्री जी झारखंड का अधिकार लौटाया जाये

### चार वर्ष से अधिक हो गये, अबतक नहीं मिला : सीएम हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पीएम मोदी के झारखंड दौरे को लेकर सीएम हेमन्त सोरेन ने एक बार फिर झारखंडी हक अधिकार की बात मोदी के समक्ष रखी है। हेमंत सोरेन ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि हो, मुंडारी, कुड़ुख/उरांव भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखे 4 वर्ष से अधिक समय हो गया। अब तक आदिवासियों के भाषा को संरक्षण प्रदान करने की पहल केंद्र सरकार द्वारा नहीं की गयी। आखिर कब



तक झारखंड के आदिवासी अपनी पहचान सुरक्षित करने के लिए संघर्ष करते रहेंगे। क्या केंद्र सरकार आदिवासियों को अधिकार नहीं दे सकती। प्रधानमंत्री जी आज आप झारखंड में हैं, ऐसे में यहां के आदिवासियों को उनकी पहचान और अधिकार देने की कृपा करें।

**हमारा बकाया भी देने का कष्ट करें :** हेमन्त सोरेन ने कहा प्रधानमंत्री से झारखण्ड दौरे के अवसर पर मैं विनम्रतापूर्वक उनसे आग्रह करता हूं कि कोयला कम्पनियों द्वारा राज्य का बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ भुगतान कराने की कृपा करें। झारखंड के इस न्यायसंगत अधिकार को हमें लौटाया जाये। यह न केवल हमारा हक है, बल्कि राज्य के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक भी है। मालूम हो कि सीएम ने पीएम मोदी से बकाया राशि के भुगतान को लेकर दर्जनों बार आग्रह किया है।

### हेलीपैड के नीचे से आयी आवाज, हड़कंप

गढ़वा के भंडरिया में सीएम हेमंत सोरेन का हेलीकॉप्टर देर से लैंड हुआ। इसके पीछे जो वजह सामने आयी, उससे सुरक्षा एजेंसियां चौकन्ना हो गयीं। पुलिस-प्रशासन के साथ साथ, सुरक्षा एजेंसियों में काफी ऊहापोह की स्थिति रही। सीएम की सभा से पहले हेलीपैड की जब जांच की जा रही थी, तो मेटल डिडेक्टर से कुछ आवाज आयी। आवाज मिलने के बाद खुदाई की गयी तो अंदर से एक पाइप निकला। पाइप की अच्छी तरह से छानबीन की गयी, लेकिन उसके अंदर कुछ नहीं मिला। गढ़वा के भंडरिया का इलाका बूढ़ापहाड़ से नजदीक है और नक्सल प्रभावित इलाका माना जाता है। पूरी जांच के बाद स्पेशल ब्रांच की टीम ने हेलीकॉप्टर लैंडिंग की अनुमति दी । हालांकि, गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय ने हेलीपैड के नीचे से पाइप मिलने से इनकार किया है। झामुमो पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि परेशानी वाली कोई बात नहीं थी।

### पीएम मोदी का पलमुआ अवतार

# पूछा- सब ठीक बा न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को गढ़वा में पीएम मोदी पूरी तरह पलामू के रंग में रंगे नजर आये। उन्होंने पलमुआ भाषा से अपने संबोधन की शुरूआत की। इससे पहले प्रधानमंत्री का भोजपुरी, नागपुरी और मगही अवतार देखने को मिल चुका है। मोदी ने सोमवार को गढ़वा के चेतना मैदान से बीजेपी की चुनावी अभियान की शुरूआत की। जैसे ही वह मंच पर चढ़े उन्होंने सब ठीक बा न... बोल कर सभी का हाल-चाल लिया। इसके बाद अपने भाषण की शुरूआत की। पीएम ने लगभग सुबह के 11.45



बजे अपने संबोधन की शुरूआत की और लोगों का अभिवादन किया। जैसे ही पीएम मोदी ने स्थानीय पलमुआ भाषा में लोगों से हालचाल जाना लोग उत्साहित हो गये और मोदी-मोदी के नारे लगाने लगे। मंच से पहली बार किसी बड़े नेता ने इस भाषा से अपने संबोधन की शुरूआत की है।

सुप्रभात
मंगलवार 05.11.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 195
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



स्पीड न्यूज

### सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण



**धनबाद।** बाघमारा विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक हर्षित पी गोसावी ने सोमवार को अपने क्षेत्र के कांड्रा, चतरूतांड, छोटा पांडेडीह, बांगरा, राधानगर आदि में कुल 21 मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया। उन्होंने इन मतदान केन्द्रों से सम्बंधित मतदाताओं की कुल संख्या, महिला मतदाताओं की कुल संख्या, पीडब्ल्यूडी मतदाताओं की कुल संख्या, 85+ मतदाताओं की कुल संख्या एवं होम वोटर की कुल संख्या आदि के सन्दर्भ में सम्बंधित बूथों के बीएलओ से जानकारी प्राप्त की। सामान्य प्रेक्षक ने पेयजल, शौचालय एवं बिजली की स्थिति के सन्दर्भ में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाघमारा को मतदान केन्द्रों एवं उसके आस-पास सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

### सामान्य प्रेक्षक ने मीडिया कोषांग का निरीक्षण किया

**गिरिडीह।** बगोदर विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक जॉन त्लंगतिनखुमा ने सोमवार को एमसी एमसी, मीडिया कोषांग आदि का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने उक्त कोषांग में प्रतिनियुक्त सभी अधिकारियों और कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की क्रमवार जानकारी प्राप्त की तथा उनके दायित्व के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा एमसीएमसी कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा किए जा रहे पेड न्यूज के अनुश्रवण की पंजी की बारी बारी से जांच की। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी, एमसीएमसी और मीडिया कोषांग के अधिकारी समेत अन्य संबंधित कर्मी मौजूद थे।

### सिंदरी की टूटी सड़क से कैसे घाट तक पहुंचेंगी छठव्रती


**सिंदरी।** सिंदरी गुरुद्वारा से आइएम टाइप कॉलोनी को जोड़ने वाली पीसीसी सड़क की स्थिति जर्जर हो चुकी है। सड़क के किनारे तालाब के पानी से आधी सड़क टूट गई है और किसी बड़े हादसे की ओर इशारा कर रही है। मंगलवार से चार दिनी छठ व्रत शुरू हो रहा है। ऐसी स्थिति में सिंदरी के लगभग दो से तीन हजार आबादी इस टूटी सड़क को पार कर भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के लिए आइएम टाइप कालोनी स्थित छठ तालाब की ओर जाएंगे। इसकी मरम्मत के लिए जनप्रतिनिधियों को लगातार सूचना दी गई थी, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

# विरोधियों की भी कद्र करते थे स्व. सूर्यदेव सिंह

**झरिया पर वर्चस्व की लड़ाई- 2**

शिव नाथ झा







**धनबाद।** झारखंड में विधनसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। ऐसे समय में धनबाद के सिंह मेंशन के राजनीतिक इतिहास की चर्चा नहो, हो नहीं सकता। बलिया के एक साधारण पहलवान से देश के एक असाधारण विधायक होने वाले सूर्यदेव सिंह देश के बड़े-बड़े राजनीतिक नेताओं, मंत्रियों, अधिकारियों, पदाधिकारियों, विशेषज्ञों को अपने शब्दों और आर्थिक ताकतों से वशीभूत करने की क्षमता रखते थे। जिस हिं मेंशन की उन्होंने आधारशिला रखी, वह अब वटवृक्ष की तरह फैल चुका है। मगर उनके रहते सिंह मेंशन का राजनीतिक माहौल ही अनोखा था।

मैं जिस दिन सिंह मेंशन पहुंचा, उस दिन झरिया में सूर्यदेव सिंह के दफ्तर के बाहर कंधे पर आधुनिक बन्दूक और कमर में गोलियों का तरकश से सजा चौकन्ना सुरक्षाकर्मी और पहलवान जैसा व्यक्ति मुझे देखकर मुस्कुराया। उनकी हंसी में अनुशासन भी था और प्रशासन भी। मैंने भी मुस्कुराकर अभिवादन किया। अपने सहयोगियों से घिरे सूर्यदेव सिंह सामने की कुर्सी पर बैठे थे। वही शारीरिक भाषा। वही तेवर। चेहरे पर वही चमक। बाएं हाथ की कलाई पर चमकती घड़ी। सफेद धोती, कुर्ता पहने धनबाद के सैकड़ों-हजारों कोयला मजदूरों के मसीहा बैठे थे। मुझे बैठने का इशारा किया। आज समय और सोच में इतना बदलाव है कि झरिया कुरुक्षेत्र के चुनावी मैदान में खड़ी महिला अभ्यर्थीद्वय फोन और संवाद का भी जवाब नहीं देते। शायद इसी को परिवर्तन कहते हैं।

उस नवम्बर के पहले सप्ताह में कुछ क्षण में सभी से बातचीत कर उन्हें विदा किया और फिर मेरी और मुखातिब हुए। फिर एक क्षण रुके और कहा : झाजी !!! उस दिन आप सवाल पूछे थे कि मैं संसद का चुनाव क्यों नहीं लड़ता, जबकि धनबाद में मुझे चाहने वाले, समर्थकों की कमी नहीं है। संभव है कुछ प्रेम से वोट देंगे, कुछ भय से झ लेकिन वोट तो आपको ही देंगे। आपका प्रश्न बहुत ही सटीक था। आप उस प्रश्न में मेरे सम्पूर्ण व्यक्तित्व का चित्रण कर दिया। फिर कहा कि धनबाद में छः विधानसभा क्षेत्र हैं और एक लोक सभा क्षेत्र। लेकिन जब चुनाव आता है, पटना से दिल्ली तक सभी लोगों की निगाहें झरिया पर ही टिकी होती है। सूर्यदेव सिंह का कहना था कि उनके लिए झरिया महज विधान सभा क्षेत्र नहीं है, बल्कि एक जीवन मुकाम है। एक घर है। एक परिवार है। यहाँ की मिट्टी में उन्हें, उनके परिवार, गाँव के लोग, समाज के लोग, सगे-सम्बन्धी ही नहीं, बल्कि कोयला क्षेत्र में सांस लेने वाला प्रत्येक मजदुर, उसका परिवार, उसके बाल-बच्चे पला है, बड़ा हुआ है, बड़ा हो रहा है। उनकी यह दुनिया भले झरिया विधान सभा के नाम से जानी जाती हो, लेकिन यही दुनिया उन सभी के लिए ब्रह्माण्ड है। इस ब्रह्माण्ड पर हजारों लोगों की निगाहें टिकी रहें। सभी झरिया पर राज करना चाहते हैं और हम चाहते हैं कि हम सभी, परिवार के लोग, झरियाा, घनबाद के लोग मिलजुल कर, हंसी-खुशी अपना-अपना कार्य कर जीवन यापन करें। हम टकटकी निगाहों से उन्हें देख भी रहे थे और उनकी बातों को सुनते कागज पर लिख भी रहे थे। दी टेलीग्राफ अखबार के सम्पादकीय विभाग की एक खास विशेषता थी कि कहानी लिखने में व्यक्ति विशेष की कुछ बातों को उन्हीं की भाषा में, उनके ही शब्दों में लिखा जाता था। फिर मैंने बहुत ही शालीनता से उनसे पूछा कि अगर आप संसदीय चुनाव कभी नहीं लड़ना चाहते, तो यह मान लूं कि आप अरुण बाबू (अरुण कुमार रॉय @ए के रॉय) को मदद कर रहे हैं? वह क्षणभर रुके और लंबी उच्छ्वास के साथ कहा रॉय साहब बहुत ही सम्मानित हैं। शिक्षित हैं। एक अभियंता है। एक अधिवक्ता के पुत्र हैं। आज के युग में पढ़ा लिखा आदमी कहां किसी मजदूर के हक के लिए लड़ता है। मैं सूर्यदेव सिंह का इशारा समझ गया था। **(जारी)**

**संसद के लिए विधानसभा के लिए ही ठीक हूं**

जहां की मिट्टी में हम सभी पले, बड़े हुए, उसे छोड़कर सांसद क्यों बने? वैसे भी मैं भारतीय संसद के लिए नहीं बना हूँ। हम बिहार विधान सभा के लिए ही ठीक हैं, संतुष्ट हैं। सन 1990 के विधानसभा चुनाव के समय झरिया विधानसभा के अभ्यर्थी सूर्यदेव सिंह भी थे। वह तत्कालीन चुनाव से पूर्व तीन बार झ 1977, 1980 और 1985 में झरिया विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर चुके थे। सन नब्बे के विधानसभा चुनाव में भी वहे विजयी अभ्यर्थी के रूप में चुनाव का आधिकारिक रस्म पूरी कर रहे थे।

**सूर्यदेव सिंह के भाइयों में थी एकता**

सूर्यदेव सिंह का कहना था कि उनके सभी भाइयों में बहुत एकता है। उनके लिए बिक्रमा सिंह, रामधारी सिंह, बच्चा सिंह, राजन सिंह सभी भाई ही नहीं, भाई से बढ़कर हैं। ह्रदय का रिश्ता है सभी में। सभी एक दूसरे के प्रति समर्पित हैं। हमारा खून का सम्बन्ध तो है ही, उससे भी बढ़कर भावनात्मक और संवेदनात्मक सम्बन्ध है। अगर हम सभी झरिया को छोड़ देंगे तो कोई और लपक लेगा। प्रकृति का यही नियम है। झरिया हमारी कर्मभूमि है। हम सभी की पहचान है। झरिया में हम सभई की परछाई साथ नहीं छोड़ती, बल्कि दिखती थी।

## नारायणपुर के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष केश्वर सोरेन भाजपा छोड़ कर कांग्रेस में शामिल

**समर्थकों के पार्टी बदलने का जारी है सिलसिला**

खबर मन्त्र संवाददाता



**जामताड़ा।** जामताड़ा विधानसभा में चुनावी सरगर्मी बढ़ते जा रहे है। पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी दामन छोड़ते तो फिर पार्टी में शामिल होने की सिलसिला चल रहा है। नारायणपुर के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष श्री केश्वर सोरेन ने आज भाजपा से त्यागपत्र देकर पुनः कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर उन्होंने अपनी घर वापसी पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि भाजपा में शामिल होने का निर्णय उनके लिए एक क्षणिक भ्रम था। कुछ लोगों ने उन्हें बहलाकर भाजपा में शामिल करा दिया था। परंतु, उन्होंने बहुत शीघ्र ही भाजपा में आदिवासियों के प्रति असम्मानजनक रवैया और महज वोट बैंक की राजनीति को नजदीक से देखा। उन्होंने कहा कि भाजपा में आदिवासियों का कोई सम्मान नहीं है। भाजपा नेता केवल अपने स्वार्थ और वोट की राजनीति के लिए काम करते हैं। काम निकलने के बाद वहां किसी की कोई अहमियत नहीं रहती। कुछ समय भाजपा में रहने के बाद मुझे स्पष्ट हो गया कि जो अधिकार और सम्मान की बात कांग्रेस पार्टी करती है, वह भाजपा में कहीं नहीं है। कांग्रेस पार्टी आदिवासियों के अधिकारों के लिए सदैव समर्पित रही है और मैं स्वयं को एक सच्चा कांग्रेसी मानता हूं। उन्हें नारायणपुर प्रखंड के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कांग्रेस का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल किया।

## नारायणपुर में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ इरफान ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

जामताड़ा। जमाताड़ा विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के घटक दल कांग्रेस प्रत्याशी डॉ इरफान अंसारी ने सोमवार को नारायणपुर में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया।, मतदान की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, प्रत्याशियों की धड़कन भी बढ़ने लगी है। अब सभी प्रत्याशी जनसंपर्क अभियान तेज करने लगे हैं। कार्यालय के उद्घाटन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि उन्होंने 10 वर्षों से जामताड़ा की जनता की निस्वार्थ भाव से सेवा की और उम्मीद ही नहीं पूरा विश्वास है कि 23 तारीख को मुझे भारी बहुमत से यहां की विजयी बनाएगी। उन्होंने कहा कि एक साजिश के तहत उन्हें भाजपा के नेताओं द्वारा वीडियो एडिटिंग कर परेशान करने की कोशिश की जा रही है। उसे यहां के आदिवासी समझ चुके हैं। मौके पर झामुमो नेता अशोक मंडल, रवि दुबे, हीरालाल सोरेन, मनोरथ मरांडी, कांग्रेस के बीरबल अंसारी, रूपेश यादव, मुस्तफा अंसारी, मुबारक अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



**एक नजर में**

### जन संपर्क में शत्रुघन को मिल रहा जनसमर्थन



**मोदी की गारंटी पर मुहर लगाएगी बाघमारा की जनताः शत्रुघ्न महतो**

**कतरास।** बाघमारा से भाजपा के प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो ने जनसंपर्क अभियान के तहत क्षेत्र के कई गांवों का भ्रमण किया। माटीगढ़ पंचायत के काश्मीर कॉलोनी में लोगों से मुलाकात के दौरान कहा जन-जन की समस्या का समाधान मेरा संकल्प है। आने वाले दिनों में हर समस्या को दूर करने के लिए समर्पित भाव से काम करूंगा। इसके बाद, खरखरी और फुलवारीटांड़ पंचायत में लोगों से मिले। वहां मिले व्यापक समर्थन को देख कहा मुझे विश्वास है कि बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के सभी परिवारजन मोदी जी की गारंटी पर मुहर लगाते हुए राष्ट्रवाद और सुशासन का कमल खिलाने हेतु प्रतिबद्ध हैं। चंदन कुमार ने कहा कि जीत सुनिश्चित है।

### टुंडी का सर्वांगीण विकास ही मुख्य उद्देश्यः विकास कुमार महतो



**तोपचांची।** टुंडी विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी विकास कुमार महतो ने सोमवार को तोपचांची प्रखंड नेरो , लोकबाद, लेदाटांड तथा मदैयडीह पंचायत के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। जन सम्पर्क अभियान के दौरान उन्होंने टुंडी के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर मतदान करने की अपील की। ग्रामीणों ने उनका ढोल नगाड़े बजा कर जोरदार स्वागत किया। विकास कुमार महतो ने कहा कि टुंडी की जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि टुंडी की जनता क्षेत्र में परिवर्तन चाहती है। क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की घोर कमी है। अधिकतर सड़कें जर्जर स्थिति में हैं। क्षेत्र में अस्पताल से लेकर शिक्षा की घोर कमी है। पूर्व के जनप्रतिनिधियों ने यहां के लोगों का सिर्फ इस्तेमाल किया है।

### भाजपा नेता गणेश मिश्रा के बड़े भाई ने थामा भाकपा माले का दामन



**कुमारधुबी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद निरसा विधानसभा क्षेत्र में धुआंधार प्रचार प्रसार चल रहा है। इसी कड़ी में आज सोमवार की सुबह सहारा से जुड़े भाजपा नेता के बड़े भाई जनार्दन मिश्रा ने अपने साथियों के साथ भाकपा माले का दामन थाम लिया। भाकपा माले प्रत्याशी अरूप चटर्जी ने बुके देकर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोग दूसरी पार्टी छोड़ भाकपा माले पार्टी में आ रहे हैं, जिससे हमारी पार्टी और भी मजबूत हो रही है। जनार्दन मिश्रा ने कहा कि हमारी लड़ाई विचारों की है। भाकपा माले ने हमारी लड़ाई लड़ने का काम किया है इसलिए हम उनके साथ जुड़ रहे हैं। सभा की अध्यक्षता आगम राम और लालू ओझा ने की। संचालन अमरेश चक्रवर्ती ने किया। मौके पर अशोक राम, नागेंद्र कुमार कुशवाहा, जितेश अग्रवाल, दीपक कुमार, विष्णु भंडारी, हेमंत दास, अंगद सिंह, रवि शंकर राय व चुन्नू माझी, कुंदन संभु दास,अर्जुन,नदमी, साजन, विषय, अर्जुन सहित कई लोगों मौजूद थे।

## बिहार के कैबिनेट मंत्री पहुंचे सांसद ढुल्लू महतो के आवास शत्रुघ्न को जिताने की अपील की

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** झारखंड विधान सभा चुनाव को लेकर बाघमारा में प्रचार कार्य तेज हो गया है। बिहार सरकार के केंद्रीय मंत्री मो जामा खान सोमवार को चिटाही स्थित सांसद ढुल्लू महतो के आवास पर पहुंचे। वहां प्रेस वार्ता में अपने समुदाय के लोगों से भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो को वोट देकर जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिस तरह बिहार में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग एनडीए पर आस्था रखे हुए हैं, उसी तरह झारखंड में भी अल्पसंख्यको को एनडीए पर आस्था रखते हुए कमल फूल खिलाना होगा। तभी बिहार जैसा झारखंड के भी प्रत्येक जिले में अल्पसंख्यको का मान सम्मान के साथ वादा पूरा होगा। सबका साथ विकास के आधार पर हमारी सरकार काम करती है। यहां पहुँचते ही भाजपाइयों ने उनका स्वागत किया।

## झूला वालों पर हमला, आधा दर्जन जख्मी

**बाघमारा के मेले में लगा है झूला**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** बाघमारा थाना अंतर्गत काली मंदिर के समीप मेला सोमवार सुबह रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। चेहरे पर गमछा बांधे लाठी-डंडे से लैस करीब एक दर्जन युवकों के दल ने झूला वाले लोगों पर हमला कर दिया। झूला लगाने वाले बिहार नालंदा बिहारशरीफ के हैं। एमके इंटरप्राइजेज नामक कंपनी में कार्यरत आधा दर्जन कर्मी घायल हो गए। घायलों का इलाज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघमारा में कराया गया। जख्मियों में मोनू कुमार (जमुई), अरूण कुमार, उमेश कुमार, बुधु राम, अखिलेश पासवान शामिल हैं। बताया जाता है कि रविवार रात झूला झूलने के दौरान एक युवक खड़ा होकर झूल रहा था। मना करने पर युवक के साथ झूले वाले की बकझक हुई थी। इसी बात को लेकर सोमवार को विवाद बढ़ गया। मारपीट के बाद वे लोग वहां से भाग निकले। मारपीट की इस घटना के दौरान मेला में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। सीसीटीवी में घटना कैद : मारपीट की घटना को लेकर पूजा समिति ने बाघमारा पुलिस से मौखिक शिकायत की है। शिकायत के आधार पर पुलिस मेला परिसर पहुंची और तहकीकात की। पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज को खंगाला, जिसमें लाठी -डंडा लेकर चेहरा ढके हुए हमलावर कैद हो गए हैं। पुलिस फूटेज के आधार पर हमलावरों की पहचान करने में जुटी हुई है।



**प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की जांच**

**धनबाद।** व्यय प्रेक्षक आरए ध्यानी एवं कुमार आदित्य ने सोमवार को जिले के सभी छः विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के चुनाव खर्च से जुड़ी लेखा पंजी की जांच की। प्रत्याशियों की ओर से चुनाव के प्रचार-प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय का लेखा संधारण निर्वाची पदाधिकारी की ओर से उपलब्ध कराए गए निर्वाचन व्यय पंजी की जांच की गई। उन्होंने दैनिक निर्वाचन व्यय लेखा का गहन एवं सम्यक जांच कर छायाप्रेक्षण पंजी से मिलान किया।

# तारा देवी सिर्फ तारा देवी ही नहीं, चमकता सितारा हैं: ढुल्लू महतो

**बलियापुर में सांसद ने की प्रेस वार्ता**

खबर मन्त्र संवाददाता




**सिंदरी ।** बलियापुर के पार्जन्य बीएड कॉलेज में सिंदरी विधानसभा को लेकर सांसद ढुल्लू महतो ने प्रेसवार्ता कर कहा कि झारखंड के पुरोधा बिनोद बिहारी महतो को सम्मान देने का काम किया है। भाजपा सिंदरी विधानसभा क्षेत्र में उनका भव्य स्मारक बनाएगी। उन्होंने कहा कि तीन तारा नहीं तारा देवी ही सिंदरी की ओरिजनल चमकता तारा हैं। उन्होंने कहा कि भाकपा माले, काँग्रेस और झामुमो की गठबंधन सरकार के दोहरे चरित्र को जनता पिछले पाँच वर्षों में देख चुकी है। इस सरकार ने अवैध माइनिंग को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि अवैध माइनिंग को संरक्षण देने वाले पुलिस पदाधिकारियों पर कार्रवाई तय है। गरीब परिवार द्वारा प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए बालू लाने पर उन्हें पकड़कर केस करना गलत है। सांसद ने प्रेस वार्ता में कहा कि सिंदरी विधानसभा की सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्या का निराकरण किया जाएगा। जीत दर्ज करने के बाद भाजपा नेत्री तारा देवी 206 बेड के बंद पड़े एफसीआई अस्पताल को पुनः चालू कराएंगी। उन्होंने कहा कि कोरोना काल से पहले झारखंड विधानसभा में इसके लिए सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो ने आवाज उठाई थी। इलाजरत होने के कारण उनके अधूरे सपने को तारा देवी पूरा करेंगी।

**सांसद ने की प्रेसवार्ता**

प्रेसवार्ता में भाजपा प्रत्याशी तारा देवी, सिंदरी विधानसभा प्रभारी पवन साहू, ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, विधानसभा संचालन समिति संयोजक संतलाल प्रमाणिक, संजय झा, महामंत्री मनोज मिश्रा मौजूद थे।

# भाजपा के लोकलुभावने संकल्प पत्र से झामुमों को कोई फर्क पड़ने वाला नहीं : बसंत सोरेन

## बूथ स्तरीय बैठक में झामुमों नेताओं ने कार्यकर्त्ताओं को दिये जीत का मंत्र



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** इंडोर स्टेडियम में झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधानसभा स्तरीय बैठक सोमवार को आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से सांसद नलीन सोरेन एवं दुमका विधानसभा प्रत्याशी बसंत सोरेन मौजूद रहे। बैठक में कार्यकर्त्ताओं को बूथ स्तर के कार्यो को बताया। इस अवसर पर सांसद नलीन सोरेन ने कार्यकर्त्ताओं को हेमंत सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव पहुंचाने और दिशोम गुरू शिबू सोरेन एवं सीएम हेमंत सोरेन का अबुआ राज का संदेश पहुंचाने का अपील किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्त्ता पार्टी के रीढ़ होते है। उन्ही के बल पर ही कोई चुनाव जीता जाता है। उन्होंने लोकसभा चुनाव के तरह एकजुटता का परिचय देते हुए विधानसभा प्रत्याशी बसंत सोरेन के पक्ष में चुनाव करने का अपील किया। प्रत्याशी बसंत सोरेन ने कहा कि चुनाव चुनौतीपूर्ण है। इस चुनाव को कार्यकर्त्ता हलके में नहीं ले। इसे चुनौती के रूप में स्वीकारें। उन्होंने कहा कि केंद्र की भजापा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने का काम किया। लेकिन प्रदेश की जनता का आशीर्वाद और स्नेह था कि हेमंत सोरेन जेल से आखिरकार बाहर निकले। उन्होंने कहा कि कार्यकर्त्ता के मेहनत के बल पर चुनाव जरूर जीतेंगे। कार्यकर्त्ता बूथ स्तर पर और पंचायत स्तर पर मजबूती के कार्य करते हुए तैयारी में जुट जायें। भाजपा के चुनावी घोषण पत्र पर बसंत सोरेन ने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र हमेशा लुभावने होते है। इससे झामुमों को कोई फक्र नहीं पड़ने वाला है। वहीं हेमंत सोरेन के प्रस्तावक सिदो कान्हू मुर्मू के वशंज मंडल मुर्मू के भाजपा में जाने के सवाल के जबाब में कहा कि इससे पार्टी को कोई खास फर्क नहीं पड़ने वाला है। इस अवसर पर प्रवक्ता अब्दुस सलाम अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष सिराजुद्दीन रवि यादव आदि मौजूद थे।

# दो बार विधायक रहने के बाद भी हेमंत कभी क्षेत्र में नहीं आये : हेंब्रम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरहेट।** भाजपा बरहेट विधानसभा प्रत्याशी ग्मालियन हेंब्रम ने क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान पंचकठिया मांझी टोला, हथीगढ़ मांझी टोला, के अलावा विभिन्न गांव में पहुंचकर लोगों से मिले। उनकी समस्याओं से भी रूबरू हुए। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि विधानसभा में लगातार 2014 से लेकर 2024 तक हेमंत सोरेन इस क्षेत्र के विधायक हैं। बल्कि बरहेट विधानसभा से जीत कर मुख्यमंत्री भी बने, लेकिन क्षेत्र में जितने के बाद कभी भी नहीं आये, क्षेत्र में आये जरूर पर हेलीकाप्टर से सभा को संबोधित कर फिर हेलीकाप्टर से रांची लौट गए। पिछले दो बार विधायक रहने के बाद भी कभी गांव के हाल चल तक देखने नहीं गए। गांव की स्थिति गंभीर है। आदिवासियों की जिंदगी बद से बदतर है, सभी वर्गों के लोग बहुत परेशान है। खासकर मुस्लिम समाज वोट बैंक बनाकर लोगों को इस्तेमाल कर रहा है। सभी को बातों पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है और युवा, माता, बहने हमे एक बार बरहेट क्षेत्र से मौका देने का काम करें तो वादा करता हूं कि जनता का हर दुख सुख में साथ रहूंगा। मौके पर मनीष बेसरा, जॉन मुर्मू, सनी मारंडी, अजय के अलावा भाजपा समर्थक मौजूद थ।

# हेमंत सरकार बनाना ही हमारा लक्ष्य : राजद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** जिला अंतर्गत पथरगामा प्रखंड झामुमो समिति की बैठक बारा बांध गांधी ग्राम के डॉ कयूम अंसारी के आवास में की गई। बैठक गोड्डा विधानसभा चुनाव में गठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रसार करने की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। उपस्थित 19 पंचायत के पंचायत अध्यक्ष/सचिव एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने अपने अपने सुझाव दिए। जिला झामुमो अध्यक्ष बासुदेव सोरेन ने कहा इस बार हर हाल में गठबंधन उम्मीदवार जो राजद के संजय यादव है जिनका चुनाव चिन्ह लालटेन छाप है, उन्हें विजयी बना कर फिर से हेमंत सरकार बनाना ही हम कार्यकर्ताओ का लक्ष्य है। वहीं राजेश मंडल ने बताया कि झामुमो कार्यकर्ताओं को प्रत्याशी का निमंत्रण का आसरा ना रखते हुए अपने बल पर गांव गांव, घर घर में हेमंत सरकार के किए गए काम को जनता के सामने रख कर 20 नवंबर को लालटेन छाप पर बटन दबाना है।


**न्यायालय उपायुक्त, पलामू**

**नोटिस**

**झारखण्ड खनिज (अवैध खनन पर रोक, परिवहन एवं भंडारण) नियम 2017 की नियम 11 के अंतर्गत**

**विविध(राजसात) वाद सं0 – 130/2024–25**

राज्य बनाम् अज्ञात

नोटिस बनाम अज्ञात

इस दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अंचल अधिकारी हुसैनाबाद द्वारा दिनांक 20.07.2024 को ग्राम बड़ेपुर के टोला सहियारा में लगभग 20 ट्रैक्टर बालू खनिज का अवैध भण्डारण पाया गया जिसे जप्त कर प्रखण्ड परिसर में अभिरक्षित की गयी है, जिस पर झारखण्ड खनिज (अवैध खनन पर रोक, परिवहन एवं भंडारण) नियम 2017 की नियम 11 के अंतर्गत राजसात की कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकरी पलामू के पत्रांक 1520/एम दिनांक 23.07.2024 से उपायुक्त पलामू के न्यायालय में प्राप्त हुआ है। उपरोक्त स्थल पर अवस्थित बालू खनिज पर यदि किसी व्यक्ति का दावा/आपत्ति हो तो दिनांक 05.11.2024 को 10.30 बजे पूर्वाह्न में उपायुक्त न्यायालय में उपस्थित होकर पक्ष रखना सुनिश्चित करें, अन्यथा जप्त अवैध बालू खनिज पर राजसात् (Confiscation) की कार्यवाही पर अंतिम निर्णय ले लिया जाएगा।

उपायुक्त, पलामू के निदेशानुसार
उप समाहर्त्ता,
प्रभारी जिला विधि शाखा, पलामू

PR 339845 (District)24-25*D


# केंद्र की मोदी सरकार उद्योग व मजदूर विरोधी : आरसीएमयू

## आरसीएमयू सभी क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान शुरू होगी : विजय यादव

## प्रचंड बहुमत से जीतेंगे अनूप सिंह : अजय कुमार सिंह



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बेरमो विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह ने अपने अल्प कार्यकाल में विकास की गंगा बहाई है। बेरमो की जनता का अनूप के नाम पर विश्वास कायम हुआ है।

जिसे जनता आशीर्वाद स्वरुप वोट देकर विकास के गति को तेज करने के लिए आगे बढ़ेगी। उक्त बात की जानकारी क्षेत्रीय समिति की बैठक में यूनियन के पदाधिकारी के द्वारा दिया जा रहा था। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह के द्वारा किया गया। संचालन क्षेत्रीय सहायक सचिव व बुढ़िया दक्षिणी पंचायत के अध्यक्ष विजय यादव के द्वारा किया गया। संबोधित करते हुए अजय कुमार सिंह ने कहा वर्तमान के केंद्र सरकार उद्योग एवं मजदूर विरोधी सरकार है। देश के मजदूरों को जो सुख सुविधा प्राप्त हुए हैं उसमें कांग्रेस पार्टी का सबसे बड़ा योगदान है?। कोयला के मजदूर दिन-रात मेहनत कर देश के विकास में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वाह करते हैं। वहीं केंद्र में बैठी सरकार पूर्व में मिल रही सुविधाओं को समाप्त करने पर अमादा है। बेरमो विधायक के नेतृत्व में मजदूर हितों की रक्षा होगी। बेरमो की जनता विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह के विकास कार्यों से प्रभावित होकर अनूप के पक्ष में मतदान करने के लिए संकल्पित है। विपरीत परिस्थिति में भी अनूप बाबू के द्वारा हर समय जनता का साथ और विश्वास को लेकर आगे बढ़े हैं। जनता के सुख दुख में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की है। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लेकर बेरमो विधायक को विजय बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अजय कुमार सिंह आशीष चक्रवर्ती वेदव्यास चौबे विजय यादव राजेंद्र वर्मा राजेंद्र तिवारी मोहम्मद नसीम बीएन तिवारी शिवदत्त चौहान सुजीत मिश्रा हरिहर चौहान सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### जमुई पुलिस ने साइबर अपराधी को दबोचा



दुमका। बिहार की जमुई थाना की पुलिस ने साइबर अपराध के बाद अपने खाते में एक लाख रुपया मंगवाने वाले साइबर अपराधी जाहिद अंसारी को सोमवार को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए जमुई ले गई। आरोपी जाहिद अंसारी की गिरफ्तारी शिकारीपाड़ा थाना पुलिस के सहयोग से उसके घर शिकारीपाड़ा के सोनाढाब गांव से गिरफ्तार करने में सफल रही। पुलिस आरोपी को पूछताछ के लिए उसे अपने साथ जमुई ले गई है। जानकारी के अनुसार इसी साल 21 मई को जमुई की रहने वाली एक महिला के खाते से साइबर अपराधियों ने 2.91 लाख धोखाधड़ी किया। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि शिकारीपाड़ा के जाहिद अंसारी के खाते में एक लाख रुपया ट्रांसफार्मर हुआ है। पूछताछ में ठगी गिरोह के पांच सदस्यों को नाम आरोपी बताया। पुलिस गिरोह में अन्य लोगों के होने की आशंका जता रही है। जमुई थाना की पुलिस जाहिद का गिरफ्तारी वांरट लेकर शिकारीपाड़ा थाना पहुंची। उसने स्थानीय पुलिस के साथ गांव में दबिश देकर जाहिद को धर दबोचा। शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी हरिप्रसाद साह ने बताया कि जमुई की एक महिला के खाते से पैसों की निकासी हुई थी। ठगी में जाहिद अंसारी भी शामिल था। उसके खाते में ठगी का पैसा आया था। इसी आधार पर पुलिस उसे गिरफ्तार कर न्यायालय ले गई और न्यायालय के आदेश पर अपने साथ ले गई है।

### चंद्रपुरा में उत्पाद विभाग ने जब्त किया अवैध शराब



बोकारो। डीईओ सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के तेलो में अवैध शराब बिक्री स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 90 लीटर विदेशी शराब एवं 3000 किलोग्राम जावा महुआ 150 लीटर तैयार महुआ शराब को जब्त किया। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद विजय पाल अवर निरीक्षक सदर सह तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की अवर निरीक्षक बेरमो सह चंद्रपुरा महेश दास शामिल थे।

### साहिबगंज थाना प्रभारी ने किया छठ घाट बरहेट का निरीक्षण



बरहेट। सोमवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बरहेट बाजार स्तिथ सबसे बड़ा छठ घाट बाबा भूतेश्वर नाथ मंदिर के समीप गुमानी नदी छठ घाट का निरीक्षण बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार ने किया। वहीं निरीक्षण के दौरान साफ सफाई से लेकर विधि व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु समिति के सदस्यों को विशेष दिशा निर्देश दिए। छठ घाट में ऊबड़ खाबड़ जगहों को जेसीबी के माध्यम से समतल कराया गया एवं सुविधा हेतु डस्ट बिछाया गया ताकि छठ व्रती के पूजा अर्चना में किसी प्रकार का परेशानी न हो। मौके पर छठ घाट के अध्यक्ष निरंजन कुमार, उप प्रमुख रूपक साह,पप्पू भगत , वरुण जयसवाल उपस्थित थे।

# गोमिया विधानसभा क्षेत्र के लोगों के बीच हमेशा रहा : योगेंद्र प्रसाद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/ललपनिया।** इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी सह पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो ने गोमिया प्रखंड क्षेत्र के होसिर पेट्रोल पम्प समीप पार्टी चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उदघाटन किया। इस अवसर पर झारखंड आंदोलन कारी केदारनाथ पंडा, विधानसभा चुनाव प्रभारी रामकिशुन रविदास पंसस महेश रविदास, संतोष साव, किशोर साव, रामदेव दास, भरत रविदास, किशोर प्रजापति, टुनटुन रवानी, कुंदन कुमार समेंत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान प्रत्याशी योगेंद्र महतो पर आस्था विश्वास रखते हुए होसिर के दर्जनों लोग दूसरे दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल हो गए। मौके पर प्रत्याशी योगेंद्र महतो ने सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए झामुमो प्रत्याशी महतो ने कहा की गोमिया विधान सभा क्षेत्र में उन्हें जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। 20 तारीख को तीर धनुष छाप पर मतदान कर गोमिया और राज्य को विकास के मार्ग पर प्रशस्त करें। उन्होंने कहा वे 19 वर्षो से निरन्तर गोमिया क्षेत्र की जनता के बीच सहज उपलब्ध रहता हूं। क्षेत्र का वे और उनकी धर्मपत्नी मिलकर विकास किया है। मौके पर दिलीप यादव, परमेश्वर रविदास, परण रविदास, छोटी, राजकुमार, अनिल, मानिकचंद, मुकेश, सिकेन्द्र, हेमंत, कौशल, विकास प्रजापति, गणेश रविदास सहित सैकड़ों थे।

# दुमका : पेड़ से झुलता मिला किशोर प्रेमी युगल का शव

## मृतक का नाम दूत कुमार राय 18 है, वह बिलकांदी पंचायत के साकाकान्दर गांव का रहने वाला था, मृतका का नाम सुष्मिता राय 14 है

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिले के रानेश्वर प्रखंड के पाठजोड़ पंचायत के बेलडंगाल गांव के समीप बहियार में सोमवार अल सुबह किशोर प्रेमी युगल का शव पेड़ के डाली में झूलता मिला।

जिसे देख स्थानीय लोगों में सनसनी फैल गईं। जानकारी के अनुसार मृतक का नाम दूत कुमार राय 18 है। वह बिलकांदी पंचायत के साकाकान्दर गांव का रहने वाला था। मृतका का नाम सुष्मिता राय 14 है। वह बेलडंगाल गांव की रहने वाली थी। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो गांव के लोग सुबह शौच करने लिए बहियार तरफ जा रहे थे। उसी समय दोनो को मृत अवस्था में पेड़ के डाली में झूलता हुआ देखा गया। मृतका शर्ट के कपड़े से फंदे में झूली हुई थी। वही मृतक बेल्ट के फंदे से झूला हुआ था। दोनो का पैर जमीन में सटा हुआ था। घटना आग के तरह फैल गई एवं देखते देखते लोगो का भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय लोगो ने घटना की जानकारी रानेश्वर थाना के पुलिस को दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे लिया है।

स्थानीय लोगो के मुताबिक मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। ग्रामीण सूत्र के मुताबिक दोनो के बीच प्रेम प्रंसग था। दोनो एक दूसरे से शादी करना चाहते थे। परिजन द्वारा शादी देने को लेकर राजी नही होने के कारण दोनो ने आत्महत्या कर लिया। रानेश्वर थाना प्रभारी बलराम कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौप दिया गया है। बताया कि प्रथम द्दष्टिया आत्महत्या लग रहा है। मामले की अनुसंधान की जा रही है।

# बोकारो डीसी ने घर-घर जाकर मतदाता पर्ची वितरण करने का दिया निर्देश

## विजया जाधव ने सभी बीएलओ को मतदाता पर्ची हर हाल में परिवार के मुखिया या सदस्य को ही देने का निर्देश दिया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने जिले के शतप्रतिशत मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची वितरण करने का निर्देश दिया है। जिले में मतदाता पर्ची का वितरण कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने मतदाताओं से बूथ लेवल आफिसर को इस कार्य में सहयोग करने की अपील की है। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता पर्ची का वितरण करते वक्त मतदाता का हस्ताक्षर अवश्य करा लें। उन्होंने सभी बीएलओ को मतदाता पर्ची हर हाल में परिवार के मुखिया या सदस्य को ही देने का निर्देश दिया। जिन मतदाताओं के पास मतदाता फोटो पहचान पत्र कार्ड नहीं है वे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता पर्ची फोटो पहचान पत्र नहीं है। इससे मतदान करने के समय मतदान क्रम संख्या/भाग संख्या एवं मतदाता की विवरणी मतदाता सूची में खोजने में सहूलियत होती है।

# झाकोमयू यूनियन नेता के आवास में हुई इंडिया गठबंधन की बैठक



**बेरमो/गोमिया।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के स्वांग वाशरी शाखा सचिव मुमताज आलम के आवास पर इंडिया गठबंधन की एक बैठक रविवार की देर शाम हुई। उक्त बैठक में गठबंधन के प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस दौरान योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि इस बार झारखंड में पुनः इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा राज्य के लोगों के हित में काफी कार्य किया गया है और माताओं एवं बहनों को सम्मान दिया गया है। कहा कि आप चुनाव में मेरा समर्थन करें, मैं आपलोगों का पांच साल सेवा करूंगा। इस बार गोमिया विधानसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के पक्ष में हवा चल रही है और भारी मतों से मेरी जीत सुनिश्चित है। संचालन मुमताज आलम ने किया। मौके पर पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, अरविंद सिन्हा, शंकर पासवान, कृष्ण दयाल सिंह, शंभू यादव सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।


**कार्यालय – जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, लातेहार**

ई–मेल आई.डी. vehiclecellltr@gmail.com

(वाहन कोषांग)

**आम सूचना**

एतद द्वारा वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि विधान सभा चुनाव–2024, 073–मनिका एवं 074 लातेहार का मतदान की तिथि दिनांक–13.11.2024 को निर्धारित है। गत लाकेसभा आम चुनाव–2024 का सफल आयोजन आपके सहयोग से सम्पन्न हुआ था। इस चुनाव में भी आपसे सहयोग की अपेक्षा है।

प्रखण्ड एंव वाहन कोशांग से किए गए अधियाचना वाले वाहनों तथा लोकसभा आम चुनाव 2024 में वाहन कोषांग में जमा किये गये वाहन के स्वामियों को निदेश है कि आप अपना वाहन यथा–बस, सवारी, बोलेरो, कमाण्डर को दिनांक–06.11.2024 से 09.11.2024 के बीच में वाहन कोशांग, स्थान–जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। अन्यथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम' 1951 के सुसंगत धाराओं के तहत जिला प्रशासन आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने पर निर्णय ले सकती है।

जिला परिवहन पदाधिकारी
–सह–नोडल पदाधिकारी,
जिला वाहन कोषांग,
लातेहार।

PR 339825 Election(24-25)D



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, चतरा।**

(प्रशिक्षण कोषांग)

विधानसभा आम निर्वाचन–2024

प्रशिक्षण कैलेंडर

समयः– 1st Sitting 10:00AM to 01:00PM and 2nd Sitting 02:00PM to 05:00PM

| S. No | Date | Day | Sunday and Holiday | Total Batches (max 40 participants in one batch) | Name of Training | No Of participant | Topic | Training | Ramarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01.11.2024 | Friday | 2nd Randomization | 1 | Micro Observer | 50 | Common Error by Polling Parties Role and Responsibilities of Micro Observers | Observer ALMT | |
| 2 | 02.11.2025 | Saturday | Gowardhan Puja | 1 | Hands on Training for EVM Commissioning | 190 | EVM Commissioning | RO/DLMT/ALMT/EVM Cell Nodal | |
| 3 | 03.11.2024 | Sunday | Sunday | 2 | Presiding Officer | 1067 | Common Error for Polling Parties Voter Turn Around Time Management Hands on Training on EVM & VVPAT Duties of Volunteers Webcasting on Poll Day Video on volunteers Video on Webcasting Any other topic as per opinion of Deo/RO | RO/DLMT/ALMT | |
| 4 | 04.11.2024 | Monday | | 2 | Polling Officer-1 | 1067 | | DLMTs/ALMT | |
| 5 | 05.11.2024 | Tuesday | | 2 | Polling Officer-P2 | | | | |
| 6 | 06.11.2024 | Wednesday | | 2 | Polling Officer-P3 | | Common Error for Polling Parties Voter Turn Around Time Management Hands on Training on EVM & VVPAT Duties of Volunteers Webcasting on Poll Day Video on volunteers Video on Webcasting Any other topic as per opinion of Deo/RO | | |
| 7 | 07.11.2024 | Thursday | Chhat Puja | | | | | | |
| 8 | 08.11.2024 | Friday | | | | | | | |
| 9 | 09.11.2024 | Saturday | | 3 | Polling Party (Chatra) | Total Party 475 | Common Error for Polling Parties Webcasting on Poll Day From filling sealing and Packing Management of EVM cum Material Receiving center Video on Webcasting Any other topic as per opinion of Deo/RO | DLMTs/ALMT | |
| 10 | 10.11.2024 | Sunday | Sunday | 1 | All RO/ARO/Computer Operator and related staff Training | | Poll Day Data Collection Plan | DLMTs/ALMT | |
| | | | | 3 | Polling Party (Simaria) | Total Party 419 | Common Error for Polling Parties Webcasting on Poll Day From filling sealing and Packing Management of EVM cum Material Receiving center Video on Webcasting Any other topic as per opinion of Deo/RO | | |
| 11 | 11.11.2024 | Monday | P-2 Dispatch | 1 | | | EVM - Hands on Training and Doubt Clearance | | |
| 12 | 12.11.2024 | Tuesday | P-1 Dispatch | 1 | | | EVM - Hands on Training and Doubt Clearance | | |
| 13 | 13.11.2024 | Wednesday | Poll Day | 1 | | | | | |
| 14 | 14.11.2024 | Thursday | P+1 Receiving | 1 | | | | | |
| 15 | 15.11.2024 | Friday | Gurunanak Jayanti | | | | | | |
| 16 | 16.11.2024 | Saturday | | 1 | RO Table counting staff | | Counting Process of Postal Ballot Live Test On ILMS Common Error by Polling Parties Process of counting of Votes | DLMTs/ALMT | |
| 17 | 17.11.2024 | Sunday | Sunday | | | | | | |
| 18 | 18.11.2024 | Monday | | 1 | ETPBS Counting staff with micro Observer PB counting staff with Micro Observer | | Counting Process of Postal Ballot Live Test on ILMS | DLMTs/ALMT | |
| 19 | 19.11.2024 | Tuesday | | | | | | | |
| 20 | 20.11.2024 | Wednesday | | 1 | EVM Counting Supervisor / Counting Assistance/ Micro Observer | | Common Error by Polling Parties Process of Counting of Votes Live Test on ILMS | DLMTs/ALMT | |
| 21 | 21.11.2024 | Thursday | | 1 | Resealing Staff | | | DLMTs/ALMT | |
| 22 | 22.11.2024 | Friday | | | | | | | |
| 23 | 23.11.2024 | Saturday | Counting | | | | | | |

PR 339827 (Election) 24-25 (D)

DEO-Cum-DC, Chatra

# घटती घरेलू बचत

देश में आर्थिक विकास की बात बहुत जोरशोर से हो रहा है लेकिन घरेलू बचत के घटने पर चिंता भी है। घरेलू बचत, जो किसी व्यक्ति की आय का शेष हिस्सा होती है, जो 2006-07 में जीडीपी का 18 प्रतिशत थी, लेकिन 2022-23 में यह घटकर 5.2 प्रतिशत पर आ गई है। इसका मुख्य कारण छोटी बचत योजनाओं जैसे राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र और सुकन्या समृद्धि योजना पर कम ब्याज दर है, जिससे छोटे निवेशक शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड और सोने की ओर आकर्षित हो रहे हैं। साथ ही, बढ़ते कर्ज, जैसे आवास और शिक्षा के लिए ऋण, भी घरेलू बचत में कमी का कारण बन रहे हैं। इस स्थिति पर अगर चर्चा नहीं हुई तो यह समस्या इतनी बड़ी जो जायेगी जिसके कारण देश के विकास गति पर भी सवाल खड़ा हो रहा है। आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर चल रहे देश को एक समान और न्यूनतम सुविधा वाले बड़ी जनसंख्या की आवश्यकता है। आज देश में सात करोड़ जिनकी संख्या लगभग 35 करोड़ होगी। वे देश की अधिकतम सुविधाओं का उपभोग कर रहें हैं। जबकि लगभग 25 करोड़ परिवार जिनकी आबादी लगभग 100 करोड़ है उनके पास रोजगार-शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मुलभूत सुविधा भी नहीं है। देश की आर्थिक दशा कुछ सीमित लोगों की बढ़ते धन से बढ़ना अर्थव्यवस्था के लिये खतरे की घंटी है। किसी भी देश के लिये उसकी अधिकतम आबादी की आय और जीवन स्तर का बेहतर होना देश के विकसित होने का संकेत है लेकिन देश से मिल रहे संकेत बेहतर नहीं है। देश के धन का वितरण लाभ की हिस्सेदारी इस प्रकार से हो जिससे यह निचले तबकों तक पहुंचे अन्यथा स्थिति 1990-91की आर्थिक बदहाली से भी अधिक खराब होगी। सामाजिक संतुलन और शांति के साथ विधि व्यवस्था भी इससे सीधे प्रभावित होती है।

## कार्टून वर्ल्ड







मेष : जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि व खर्चा बढ़ेगा। शुभांक-2-4-6

वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-3-4-5

मिथुन : बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-4-5

कर्क : शत्रुभय, चिंताए संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खान-पान में सावधानी रखें। शुभांक-4-6-7

सिंह : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगें। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-6-8

कन्या: शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई धार्मिक यात्रा करेगें। शुभांक-2-5-7

तुला : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-3-5-7

वृश्चिक : कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-2-4-6

धनु : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-4-6-8

मकर : कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। शुभांक-6-7-9

कुंभ : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-5-7

मीन : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6

# भारत के आर्थिक विकास में जनजाति समाज का है भरपूर योगदान

**शुरूआती** दौर में तो जनजाति समाज उक्त वर्णित वनस्पतियों एवं उत्पादों का उपयोग केवल स्वयं की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ही करते रहे हैं परंतु हाल ही के समय में इन वनस्पतियों का उपयोग व्यावसायिक रूप से भी किया जाने लगा है।

भारत भूमि का एक बड़ा हिस्सा वनों एवं जंगलों से आच्छादित है। भारतीय नागरिकों को प्रकृति का यह एक अनोखा उपहार माना जा सकता है। इन वनों एवं जंगलों की देखभाल मुख्य रूप से जनजाति समाज द्वारा की जाती रही है। जनजाति समाज की विकास यात्रा अपनी भूख मिटाने एवं अपने को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से केवल वनों के इर्द गिर्द चलती रहती है। वास्तविक अर्थों में इसीलिए जनजाति समाज को धरतीपुत्र भी कहा जाता है। प्राचीन काल से केवल प्रकृति ही जनजाति समाज की सम्पत्ति मानी जाती रही है, जिसके माध्यम से उनकी सामाजिक, आर्थिक एंव पारिस्थितिकीय आवश्यकताओं की पूर्ति होती रहती है। ऐसा कहा जाता है कि अनादि काल से जनजाति संस्कृति व वनों का चोली दामन का साथ रहा है और जनजाति समाज का निवास क्षेत्र वन ही रहे हैं। इस संदर्भ में यह भी कहा जा सकता है कि वनों ने ही जनजातीय जीवन एंव संस्कृति के उद्भव, विकास तथा संरक्षण में अपनी आधारभूत भूमिका अदा की है। भील वनवासियों का जीवन भी वनों पर ही आश्रित रहता आया है। जनजाति समाज अपनी आजीविका के लिए वनों में उत्पन्न होने वाली विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का उपयोग करते रहे हैं।

भारतीय वन क्षेत्रों में पाए जाने वाले प्रमुख वनस्पतियों, पेड़ों एवं उत्पादित वस्तुओं में शामिल रहे हैं बबूल, बेर, चन्दन, धोक, धामन, धावडा, गुदी, हल्दू, इमली, जामुन, कजरी, खेजडी, खेडा, कुमटा, महुआ, नीम, पीपल, सागवान, आम, मुमटा, सालर, बानोटीया, गुलर, बांस, अरीठा, आंवला, गोंद, खेर, केलडी, कडैया, आवर, सेलाई वृक्षों से करा, कत्था, लाख, मौम, धोली व काली मुसली, शहद, आदि। इनमें से कई वनस्पतियों की तो औषधीय उपयोगिता है। कुछ जड़ी बूटियों जैसे आंवला का बीज, हेतडी, आमेदा, आक, करनीया, ब्राह्मी, बोहडा, रोंजडा, भोग पत्तियां, धतुरा बीज, हड, भुजा, कनकी बीज, मेंण, अमरा, कोली, कादां, पडूला, गीगचा, इत्यादि का उपयोग रोगों के निवारण के लिए किया जाता रहा है। आमेदा के बीजों को पीसकर खाने से दस्त बंद हो जाते हैं।



अरण्डी के तेल से मालिश एंव पत्तों को गर्म करके कमर में बांधने से दर्द कम हो जाता है। बुखार को ठीक करने के लिए कड़ा वृक्ष के बीजों को पीस कर पीते हैं। जोडों में दर्द ठीक करने के लिए ग्वार व सैजने के गोंद का उपयोग करते हैं। फोडे फुन्सियों एवं चर्म रोग को ठीक करने के लिए नीम के पत्तों को उबालकर पीते हैं। इसके अलावा तुलसी, लौंग, सोठ, पीपल, काली मिर्च का उपयोग बुखार एवं जुखाम ठीक करने के लिए किया जाता है।



- प्रहलाद सबनानी

> जनजाति समाज ने वनों के सहारे अपनी संस्कृति को विकसित किया। घने जंगलों में विचरण करते हुए उन्होंने जंगली जानवरों शेर, भालु, सुअर, गेंडे, सर्प, बिच्छु आदि से बचने के लिए आखेट का सहारा लिया। वनों एवं पहाडियों के आन्तरिक भागों में रहते हुए भील समाज शिकार करके अपनी आजीविका चलाता रहा है। भील समाज जंगलों में झूम पद्धति से खेती, पशुपालन, एवं आखेट कर अपने परिवार का

जनजाति समाज द्वारा देश की अर्थव्यवस्था में विकास को गति देने के उद्देश्य से अपनी भूमिका का निर्वहन तो बहुत सफल तरीके से किया जाता रहा है परंतु अर्थव्यवस्था के विकास का लाभ जनजातियों तक सही मात्रा में पहुंच नहीं सका है। हालांकि भारत में प्राचीन काल से ही जनजाति समाज जंगलों में अपना जीवन यापन करता रहा है और वनोपज (जैसे मध्यप्रदेश में तेन्दु पत्ता को एकत्रित करना) को एकत्रित करता रहा है परंतु अब धीरे धीरे अपने आप को यह समाज कृषि कार्य एवं पशुपालन जैसे अन्य कार्यों में भी संलग्न करने लगा है। जनजाति समाज ने बिना किसी भय के सघन वनों में जंगली जानवरों व प्राकृतिक आपदाओं से लड़ते हुए अपने जीवन को संघर्षमय बनाया है। जनजाति समाज ने कृषि कार्य के लिए सर्वप्रथम जंगलों को काटकर जलाया।

जनजाति समाज ने वनों के सहारे अपनी संस्कृति को विकसित किया। घने जंगलों में विचरण करते हुए उन्होंने जंगली जानवरों शेर, भालु, सुअर, गेंडे, सर्प, बिच्छु आदि से बचने के लिए आखेट का सहारा लिया। वनों एवं पहाडियों के आन्तरिक भागों में रहते हुए भील समाज शिकार करके अपनी आजीविका चलाता रहा है। भील समाज जंगलों में झूम पद्धति से खेती, पशुपालन, एवं आखेट कर अपने परिवार का पालन पोषण करते रहे हैं।

घने जंगलों में जनजाति समाज को प्रकृति द्वारा, स्वच्छंद वातावरण, स्वच्छ जल, नदियां, नाले, झरने, पशु पक्षियों का कोलाहल, सीमित तापमान, हरियाली, आर्द्रता, समय पर वर्षा, मिटटी कटाव से रोक, आंधी एंव तूफानों से रक्षा, प्राकृतिक खाद, बाढ़ पर नियंत्रण, वन्य प्राणियों का शिकार व मनोरंजन इत्यादि प्राकृतिक रूप से उपलब्ध कराया जाता रहा है। इसी के चलते जनजाति समाज घने जंगलों में भी बहुत संतोष एवं प्रसन्नता के साथ रहता है।जनजाति समाज आज भी भारतीय संस्कृति का वाहक माना जाता है क्योंकि यह समाज सनातन हिंदू संस्कृति का पूरे अनुशासन के साथ पालन करता पाया जाता है। जनजाति समाज आज भी आधुनिक चमक दमक से अपने आप को बचाए हुए है। इसके विपरीत शहरों में रहने वाला समाज समय समय पर भारतीय परम्पराओं में अपनी सुविधानुसार परिवर्तन करता रहता है। हाल ही के समय में अत्यधिक आर्थिक महत्वकांक्षा के चलते वनों का अदूरदर्शितापूर्ण ढंग से शोषण किया जा रहा है।

विश्व पर्यावरण एवं विकास आयोग के अनुसार विश्व में प्रतिवर्ष 110 लाख हैक्टर भूमि के वन नष्ट किये जा रहे है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार प्रत्येक देश में उपलब्ध भूमि के लगभग 33 प्रतिशत भाग पर वन होना आवश्यक है। यदि वनों का इस प्रकार कटाव होता रहेगा तो जनजाति समाज पर विपरीत प्रभाव पड़ना स्वाभाविक ही है।

भारत द्वारा इस संदर्भ में कई प्रयास किए जा रहे हैं। देश में वनों के कटाव को रोकने के लिए वर्ष 2015 एवं 2017 के बीच देश में पेड़ एवं जंगल के दायरे में 8 लाख हेक्टेयर भूमि की वृद्धि दर्ज की है। साथ ही, भारत ने वर्ष 2030 तक 2.10 करोड़ हेक्टेयर जमीन को उपजाऊ बनाने के लक्ष्य को बढ़ाकर 2.60 करोड़ हेक्टेयर कर दिया है ताकि वनों के कटाव को रोका जा सके।

भारत में सम्पन्न हुई वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में अनुसूचित जनजातियों की कुल जनसंख्या 10.43 करोड़ है, जो भारत की कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत है। जनजाति समाज को देश के आर्थिक विकास में शामिल करने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं ताकि इस समाज की कठिन जीवनशैली को कुछ हद तक आसान बनाया जा सके।

## लेटर टू एडिटर

### साइबर अपराध

**देश** में साइबर अपराधों पर नियंत्रण के लिए एक सक्षम और प्रशिक्षित साइबर विशेषज्ञ कार्यबल की कमी है। साइबर अपराधी शिक्षित हैं और विभिन्न तरीकों से अधिकारियों को शिकार बना रहे हैं। हाल में वीआईपी और विमान सेवाओं को धमकी देने के घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। इस स्थिति में, अत्याधुनिक तकनीक से लैस युवा साइबर टीमों का गठन आवश्यक है, जिसमें पर्याप्त संख्या में अधिकारी भी शामिल हों।

**-बीएल शर्मा, हजारीबाग**

### प्रदूषण की समस्या

अफसोस है कि कारगर समाधान की तलाश नहीं होती। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते, हमें कुछ कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। सामूहिक प्रयास प्रदूषण को कम कर सकते हैं। इस दिशा में हम सभी को जागरुक होना होगा।

**-सत्यप्रकाश गुप्ता, खूंटी**

## ट्वीट

**सरना** आदिवासी धर्म कोड हमारी पहचान है।जब आदिवासी समाज से कम जनसंख्या वाले समाज का अपना कोड हो सकता है तो हमारा क्यों नहीं?आदिवासी समाज अपना हक-अधिकार लेकर रहेगा।

**-हेमंत सोरेन, सीएम**

**हम** एक नई उम्मीद के साथ झारखंड की जनता-जनार्दन के बीच हैं। हमारा संकल्प-पत्र आदिवासी भाई-बहनों के सम्मान के साथ-साथ विकास, युवाओं को रोजगार और राज्य की नारीशक्ति को सशक्त बनाने वाला है। हम यहां की रोटी, बेटी और माटी की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# हर दिन भगवान सूर्य को जल देना चाहिए, विज्ञान भी मानता है इसे बेहद फायदेमंद

**बासुकीनाथ पाण्डेय**

छठ पर्व

**सूर्य** हमारे जीवन के लिए कितना आवश्यक है यह बात हम सब जानते हैं सूर्य न सिर्फ हमें बल्कि सम्पूर्ण ब्रह्मांड को ऊर्जा प्रदान करता है। पौराणिक काल से ही सूर्य को देवता का दर्जा प्राप्त है। हाल ही में छठ का पर्व बीता है जिसमें विशेषकर सूर्य को जल का अर्घ्य देकर पूजा की जाती है। वैदिक ज्योतिष और हमारे पुराणों में भी सूर्य का विशेष महत्व बताया गया है। हमारे पुराणों में भी सूर्य भगवान की पूजा और महत्व का उल्लेख मिलता है।

देशभर में बने सूर्य मंदिर भी सूर्यदेव में लोगों की धार्मिक आस्था का प्रतीक है। इसी तरह सूर्य को जल का अर्घ्य देना और जल अर्पित करना भी एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। आज से नहीं बल्कि प्राचीनकाल से यह प्रथा चली आ रही है और आज भी इसका धार्मिक महत्व है तो चलिए आज बताते हैं सूर्य को अर्घ्य देने के ज्योतिषीय और वैज्ञानिक कारणों के बारे में।

### ऊर्जा की होती है प्राप्ति

सूर्यदेव को जल का अर्घ्य देने के पीछे माना जाता है कि जो भी मनुष्य सूर्योदय के समय सूर्य को जल अर्पित करता है उसके दिन की शुरूआत अच्छे से होती है। प्राचीन काल में लोग तालाब या नदी में स्नान करते समय सूर्य देवता को अर्घ्य देते थे। धार्मिक मान्यतानुसार, सुबह उठकर सूर्य देवता के दर्शन करने और जल अर्पित करने से व्यक्ति की आत्मा और मन को ऊर्जा मिलती है। यदि यह प्रक्रिया नियमित रूप से की जाए तो ऐसा माना जाता है कि मनुष्य का सौभाग्य बना रहता है। न सिर्फ धार्मिक बल्कि ज्योतिष और विज्ञान में ऐसा करना फायदेमंद बताया गया है चलिए हम आपको बताएंगे कि ज्योतिषीय और वैज्ञानिक आधार पर सूर्य को अर्घ्य देना कितना आवश्यक है।

### सूर्य को अर्घ्य देने का ज्योतिषीय महत्व

सौरमंडल में सूर्य को निडर और निर्भीक ग्रह माना गया है। इस आधार पर सूर्य को अर्घ्य देने वाले व्यक्ति को भी ये विशेष गुण व्यक्ति मिलते हैं। सूर्य को प्रतिदिन अर्घ्य देने से व्यक्ति कुंडली में सूर्य की स्थिति भी मजबूत होती है। ज्योतिषविद्या के मुताबिक हर दिन सूर्य को अर्घ्य देने से व्यक्ति की कुंडली में यदि शनि की बुरी दृष्टि हो तो उसका प्रभाव भी कम होता है। जो व्यक्ति विशेष रूप से रोजाना ऐसा करता है तो इससे उसके जीवन पर पड़ने वाले शनि के हानिकारक प्रभाव भी कम हो जाते हैं। चंद्रमा में जल का तत्व निहित होता है और जब हम सूर्य को जल देते हैं तो न सिर्फ सूर्य बल्कि चंद्रमा से भी बनने वाले शुभ योग स्वयं ही व्यक्ति की कुंडली में विशेष रूप से सक्रिय हो जाते हैं।

### सूर्य को अर्घ्य देने का ज्योतिषीय महत्व

सूर्य को जल चढ़ाने के पीछे न सिर्फ ज्योतिषीय कारण हैं बल्कि वैज्ञानिक कारण भी बताए गए हैं जैसे, सूर्य को जल का अर्घ्य देते समय जल की प्रत्येक बूंद एक माध्यम की तरह काम करती है और वातावरण में मौजूद विभिन्न जीवाणुओं से सुरक्षा करती हैं। सूर्य को प्रतिदिन अर्घ्य देने से हमारे आंखों की रोशनी भी तेज होती है। ऐसा माना जाता है कि सूर्य को अर्घ्य देने का खास महत्व सुबह का होता है। नियमित तौर पर से सूर्य को जल का अर्घ्य देने से हमारे शरीर की हड्डियां भी मजबूत होती हैं क्योंकि सुबह की सूर्य की किरणें व्यक्ति को सेहतमंद बनाने में भी मददगार होती हैं, चिकित्सीय आधार पर सूरज की किरणें हमारे शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए ऊर्जा प्रदान करती हैं।

### अर्घ्य देना है लाभप्रद

हम ये समझ चुके हैं कि किस तरह सूर्य को ज्योतिषीय और वैज्ञानिक आधार पर जल का अर्घ्य देना आवश्यक है लेकिन हमारे लिए यह भी जानना जरूरी है कि सूर्य को किस विधि से अर्घ्य देना शुभ फलदायी हो सकता है। ऐसे में सूर्य को अर्घ्य देने की सही विधि भी जाननी चाहिए जिससे हमें उससे मिलने वाले शुभ फल की प्राप्ति हो। सबसे पहले सूर्य को जल अर्पित किए जाने वाले जल को लाल चंदन, सिंदूर और लाल फूल के साथ मिश्रित करें। अर्घ्य देते समय सूर्य की किरणों पर भी ध्यान देना चाहिए कि किरणें हल्की हो न कि बहुत तेज। अर्घ्य देते समय सूर्य मंत्र ह्यओम सूर्याय नमःह्व का 11 बार जप करना चाहिए, इसके बाद सूरज की ओर मुंह करते हुए 3 बार परिक्रमा करनी चाहिए। सूर्य को अर्घ्य देने के लिए केवल तांबे के बर्तन या ग्लास का ही इस्तेमाल करना चाहिए। इस दौरान गायत्री मंत्र का भी जाप करना भी शुभ माना जाता है। सूर्य पूर्व दिशा में निकलता है इसलिए अर्घ्य भी उसी दिशा में अर्पित करना फलदायी है।

# भारत के चाय बगानों का इतिहास और इनकी विकास यात्रा



**डॉ. उषा किरण**

छठ पर्व

रोजगार सृजन करने में और विदेशी मुद्रा अर्जित करने में चाय उद्योग देश के आर्थिक विकास में प्रमुख भूमिका निभाता है। चाय उद्योग भारत में 160 वर्ष से भी अधिक लंबे इतिहास वाला सबसे पुराना संगठित उद्योग है। राजस्व सृजन में, कमाई के मामले में, विदेशी मुद्रा और रोजगार उत्पन्न करने में चाय उद्योग का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान है। भारत दूसरा सबसे बड़ा चाय उत्पादक है और कुल विश्व उत्पादन का 22.4% उत्पादन करता है. जबकि निर्यात में कुल विश्व निर्यात का 13.4% योगदान देकर यह चौथे स्थान पर है।

### भारत में चाय पौध रोपण

इसके पीछे एक लंबा इतिहास है. यह नियातोन्मुख कृषि फसलों का उत्पादन करता है। भारत में, चाय बागानों की शुरूआत 1774 के आसपास चीनी चाय के बीजों के आगमन के साथ हुई।

कुछ लोगों का मानना है कि असम इस झाड़ी का घर है और बाद में यह तीसरी शताब्दी ईस्वी में चीन, डचों द्वारा यूरोप और 1645 के आसपास इंग्लैंड तक फैल गया। चाय ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी द्वारा व्यापार की एक महत्वपूर्ण वस्तु थी। ईस्ट इंडिया कंपनी का चीन के साथ चाय व्यापार पर पूर्ण एकाधिकार था. लेकिन राजनीतिक शत्रुता के कारण कंपनी के अधिकारियों को भारत में चाय की खेती का पता लगाने के लिए प्रेरित किया गया (सवूर, 1973)। इसके कारण चीनी चाय की तुलना में भारतीय चाय की लोकप्रियता में वृद्धि हुई है. ब्रिटेन में गाढ़ी शराब के कारण भारत में चाय बागानों का विकास हुआ (भौमिक, 1980)।

इस वर्णनात्मक आलेख के लिए डेटा विभिन्न माध्यमिक स्त्रोतों जैसे कि चाय सांख्यिकी और श्रम ब्यूरोः बागान श्रम अधिनियम, 1951 के कामकाज रिपोर्ट से एकत्र किया गया है।

### असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल मुख्य उत्पादक

वर्ष 2000 में भारत में चाय बागानों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई-विशेकर असम और तमिलनाडु में। हालाँकि, चाय की संख्या में भारी गिरावट देखी जा रही है। 2014 में असम (0.01%) और कर्नाटक (0.24%) को छोड़कर विकास में गिरावट द्रष्टव्य है. उत्तर भारतीय चाय बागानों (-1.1%) की तुलना में दक्षिण भारत में चाय बागानों की संख्या अधिक (-3.48%) है।

कुल मिलाकर भारत में चाय बागानों की संख्या की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर - 2.16% है।

1951 से नियोजित श्रम की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर 2014 तक सभी चाय उत्पादक राज्यों के लिए नकारात्मक रहा है, सबसे कम असम (-0.02%) है।

प्रमुख चाय उत्पादक राज्यों में कर्नाटक की नकारात्मक विकास दर सबसे अधिक है.

नियोजित श्रमिक (-3.03%) और उत्तर भारतीय राज्य पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक है

श्रम रोजगार की नकारात्मक वृद्धि दर (-1.37%)। नियोजित श्रम की वृद्धि दर भारत के सभी चाय बागान -0.55% है.

यद्यपि सभी चाय उत्पादक राज्यों में चाय बागानों की संख्या में भारी गिरावट आई है, चाय बागान के अंतर्गत क्षेत्र में वृद्धि हुई है, जो 1.05% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से पता चलता है। चाय के अंतर्गत क्षेत्र में वृद्धि उत्तर भारतीय चाय बागानों में अधिक है-1.15%। जबकि दक्षिण भारतीय चाय बागानों में 0.59% की वृद्धि हुई है। उत्तर भारत और दक्षिण भारत में असम और तमिलनाडु में चाय के अंतर्गत क्षेत्र में सबसे अधिक वृद्धि हुई है।जो क्रमशः 1.16% और 0.95% रही। इसके बावजूद चाय का उत्पादन उल्लेखनीय रूप से बढ़ रहा है।

पूरे भारत में चाय के उत्पादन में 2.17% की वृद्धि दर्ज की गई है। उत्पादन के मामले में, पश्चिम बंगाल (2.35%) अन्य उत्तर भारतीय राज्यों से आगे है जबकि तमिलनाडु (2.65%) ने अन्य सभी चाय उत्पादक राज्यों की तुलना में चाय का उत्पादन बढ़ाया है। चाय उद्योग एक श्रम प्रधान उद्योग है, हालाँकि हाल के वर्षों में इस उद्योग में अभूतपूर्व तेजी आई है तथापि बढ़ती श्रम शक्ति के लिए रोजगार पैदा करने में विफल रही.भारत के सभी चाय बागानों में नियोजित श्रमिकों की दर में भी कमी आई है. चाय श्रमिक सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से वंचित हैं, उनके अधिकांश परिवार गरीबी में जी रहे हैं।

चाय की झाड़ियों की उम्र बढ़ने, भारत में चाय श्रमिकों को मिट्टी का कटाव और कम लाभ जैसे मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है और भारत में चाय बागानों की संख्या में भारी गिरावट आ रही है। चाय बागान अपनी कम मजदूरी के लिए जाने जाते हैं, जिसका रोजगार, श्रम विभाजन, और कार्यस्थल नियंत्रण,

कौशल वितरण जैसे श्रमिक संबंधों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। श्रम-केंद्रित गतिविधियों पर उनकी निर्भरता की कमी - शिक्षा, प्रशिक्षण और अन्य कौशल तक पहुंच से समझाया गया है। यह श्रमिकों के बीच एक प्रचलित मुद्दा रहा है, जो परिवारों के गरीबी के मुख्य कारणों में से एक माना जाता है।

## स्पीड न्यूज

### निर्भीक होकर करें मतदान : पवन



भुरकुंडा (रामगढ़)। विधानसभा चुनाव को लेकर भुरकुंडा ओपी में सोमवार को पतरातु एसडीपीओ पवन कुमार ने भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, संयाल-उरीमारी और बरकाकाना के पत्रकारों के साथ बैठक की। बैठक में एसडीपीओ ने पत्रकारों से कई विषयों में सुदृढ़ व्यवस्था और पुलिसिंग के लिए सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर को क्षेत्र में मतदान होना है। निर्भीक और शांतिपूर्ण मतदान में मीडिया के लोग सहयोग करें और संवेदनशील विषयों की जानकारी दें। छठ महापर्व में कोई अप्रिय घटना ना हो इसके लिए सुदृढ़ व्यवस्था पर नजर रखें। किसी प्रकार की अप्रिय घटना का संदेह हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। एसडीपीओ श्री कुमार ने साफ शब्दों में कहा की क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अचार संहिता उल्लंघन करने वाले और असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने समाज के हर वर्ग के लोगो को चुनाव के महापर्व में शांति व्यवस्था बनाए रखते हुए निर्भीक होकर निष्पक्ष रूप से मतदान करने की अपील की। बैठक में पतरातु इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, सहित कई पत्रकार मौजूद थे।

### कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी ने मांगा वोट



गोला (रामगढ़)। सोमवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की महागठबंधन की प्रत्याशी ममता देवी ने गोला प्रखंड क्षेत्र के कोराम्बे पंचायत के विजयडीह, गुंदलीखरई, सड़सियारी, धोरधोरा, कोराम्बे महावीर चौक, कोराम्बे बाजार, कोराम्बे, घाघरा, केन्दूवाडीह, जोगीदास, कतराटोला, कोराम्बे बीच टोला, साड़म पंचायत के जयंतीबेडा व नावाडीह पंचायत के उडूसाडम, चोकड़बेड़ा, सिमरटोला, छापरगढ़ा, रमहारू का दौरा कर चुनावी जनसंपर्क अभियान की और अपने पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की।

### 1350 किलो जावा महुआ बरामद



रामगढ़। रामगढ़ थाना अन्तर्गत ग्राम- भेलवागढ़ा, मांडू( कुज्जू) ओपी अन्तर्गत ग्राम- . सेवटा बस्ती एवं मांडू (वे०बो०) ओपी अन्तर्गत ग्राम-चैनपुर चटनियां टोला में संचालित अवैध जावा महुआ करीब 1,350 किग्रा बरामद हुआ। जिसका अनुमानित मूल्य 94,500 रुपया है।

### जीएम अजय सिंह हुये सम्मानित



भुरकुंडा (रामगढ़) । कोयला उत्पादन, डिस्पैच और बुनियादी ढांचे के विकास में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बरका-सयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह को सर्वश्रेष्ठ जीएम का पुरस्कार मिला है। कोल इंडिया लिमिटेड के 50वें वार्षिक दिवस समारोह में प्रतिष्ठित ₹सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र महाप्रबंधक पुरस्कार₹ से जीएम अजय सिंह को सम्मानित किया गया। अजय सिंह के कुशल नेतृत्व में बरका-सयाल क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 61.38 लाख टन कोयला उत्पादन हासिल किया। जो क्षेत्र की स्थापना के बाद से एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह उल्लेखनीय सफलता पिछले वर्ष के उत्पादन पर 11प्रतिशत की दो अंकों की वृद्धि को दर्शाती है ।उनके योगदान में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को भी आगे बढ़ाना शामिल है। विशेष रूप से नोर्थ उरीमारी में कोयला हैंडलिंग प्लांट (सीएचपी) सायलो जो कोयला मंत्रालय की महत्वाकांक्षी फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजना का एक हिस्सा है ।इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 मार्च 2024 को किया था। इस परियोजना ने कोयला डिस्पैच को सरल बनाने, परिवहन समय को कम करने और आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### आदिवासियों का धरोहर है सोहराय : ममता



रजरप्पा। कुंदरूकलां स्थित नावाडीह में सोहराय परब, बरदखुटा मेला सह नागपुरी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का इंडिया गठबंधन के उमीदवार ममता देवी, उप प्रमुख प्रतिनिधि भरत महतो ने संयुक्त रूप से किया। ममता देवी ने कहा कि सोहराय आदिवासियों की धरोहर है। इस दिन देवता, खेत खलिहान और मवेशियों की अलग- अलग पूजा करते हैं। मान्यता है कि आराधना के जरिए एक दुसरे से मिलने का अवसर प्राप्त होता है। ऐसे आयोजनों से एकता व भाईचारगी बढ़ती है। ऐसे मेलों में झारखंड की संस्कृति झलकती है। मौके पर कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नागपुरी, खोरठा गीत एवं नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

# सांसद ने सदर विस में झोंकी ताकत

## डेढ़ दर्जन गांवों का किया दौरा, कहा -भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद को जिताएं

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल ने पूरे लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए जनसंपर्क यात्रा को तेज कर दिया है। हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के को- ऑपरेटिव कॉलोनी, आदर्श नगर, आर्या नगर और पतरातु बस्ती और सोमवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड क्षेत्र के करीब डेढ़ दर्जन गांवों का जनसंपर्क सदर विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के साथ किया और लगातार अपनी पूरी ताकत झोंक रहें हैं।

सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने संयुक्त रूप से सदर प्रखंड क्षेत्र के सिंघानी, अमृतनगर, रोला, केसुरा, सिलवार, अंबाडीह, मेरु, तरवा, हुटपा, लखैया, बनाहप्पा, डूमर, सरौनी, चुटियारो, गौतम बिहार कॉलोनी और अमृतनगर का तूफानी दौरा कर लोगों से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के पक्ष में आगामी 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में ईवीएम के क्रम संख्या 2 में कमल निशान पर मतदान करने का अपील की।

जायसवाल ने क्षेत्र वासियों से कहा कि आजादी के बाद पहली बार पिछले 10 सालों में बतौर विधायक मैंने अपने कार्यकाल में सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास की गति में जो रफ़्तार और प्रगति प्रदान किया है उसे आगे बढ़ाने और झारखंड में स्थिर और डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए भाजपा को जरूर चुने। उन्होंने कहा कि वर्तमान गठबंधन की सरकार ने झारखंडियों को सिर्फ छला है।

उन्होंने यह भी कहा कि हमारा संकल्प पत्र मोदी की गारंटी के साथ जारी हुआ है और सरकार बनते ही हम अपनी घोषणा अनुरूप राज्य और राज्य वासियों के विकास और समृद्धि के लिए कार्य करेंगे। भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हमेशा एक समाजसेवी के नाते आपके दुख-सुख का सहभागी रहा हो और आशीर्वाद मिला तो विधायक बनकर आपकी सेवा में सदैव तत्पर रहूंगा । मौके पर विशेषरूप से भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता, अमित गुप्ता, छत्तीसगढ़ से पहुंचे भाजपा नेता सह प्रवासी प्रभारी, रथुलाल गुप्ता बीजेपी जिला महामंत्री सुमन कुमार पप्पू, जिला मंत्री अरविंद कुमार सिकरवार, कमल गोप, पूर्व विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार,भाजपा सदर पूर्वी मंडल अध्यक्ष सह मुखिया कृष्णा मेहता, दिनेश प्रसाद, विजय वर्मा, दिनेश यादव, राजेश यादव, महेश प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, सामेंद्र सिन्हा, रौशन कुमार, विराट, सिलनी, राजेश साव, कौलेश्वर रजक, सीताराम प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद, नागेंद्र पप्पू, अनेश्वर प्रसाद, राजकुमार महतो, मुकेश सिंह, प्रदीप मेहता, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# हेमंत सरकार को भाजपा ने किया तबाह : कल्पना

## बरकट्ठा में कल्पना सोरेन बोलीं-सरकार ने 20 लाख राशन कार्ड बनाया

खबर मंत्र संवाददाता



**बरकट्ठा।** झारखंड के 24 साल में 20 साल तक भाजपा शासन किया। उसने बहन बेटियों के लिए कोई योजना नहीं लाया। भाजपा ने झारखंड को पीछे धकेला। उक्त बातें बरकट्ठा के बंडासिंघा मैदान में झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव के पक्ष आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए झामुमो के स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने कही। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार को भाजपा ने हर समय तबाह किया। अगर हेमंत पांच साल तक स्थिरता की शासन में रहते तो झारखंड में कमल खिलना मुश्किल हो जाता। इसका अहसास भाजपा को हो गया था। इसलिए सरकार को हरसमय केंद्र सरकार ने अस्थिर करने का काम किया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने 20 लाख हरा राशनकार्ड, सरकारी स्कूलों में आधुनिक शिक्षा की सुविधा बढ़ाई, बच्चियों को सावित्री बाई फुले योजना से जोड़ा गया। विदेश में पढ़ने वाले छात्र को भी दिया। आवास योजना का पैसा केंद्र ने बंद कर दिया। 40 लाख लोगों को सर्वजन पेंशन। भाजपा सरकार ने 13 लाख लोगों को दिया। 55 लाख बहन बेटियों को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया। कल्पना ने कहा कि केंद्र सरकार और भाजपा से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लड़ाई लड़ रहे हैं। राज्य का पैसा एक लाख 36 हजार करोड़ केंद्र सरकार नहीं दे रही है। केंद्र की मोदी सरकार से अपना पैसा मांग रहे हैं। हम कोई भीख नहीं मांग रहे हैं। झारखंड के खनिज संपदा और राजस्व को भाजपा ने लूटा। ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण बढ़ाया। अलग राज्य बनने पर ओबीसी का आरक्षण 27 प्रतिशत था। उसे भाजपा सरकार ने 14 प्रतिशत किया। हेमंत सरकार ने पुनः 27 फीसदी आरक्षण बढ़ाया। झारखंड के साथ भाजपा ने भेदभाव किया है। हम अपनी हक की लड़ाई लड़ रहे है।

**हेमंत का दुबारा आना तय:** जानकी इंडिया गठबंधन और झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि झारखंड से भाजपा का विदाई तय है। हेमंत दुबारा आना तय है। सभा को इन्होंने भी संबोधित किया राजद नेता रमेशचंद्र यादव, इंद्रदेव मेहता, पूर्व मुखिया संघ बसंत साव, अंजू देवी, पूनम यादव, कांग्रेस नेता सुरेंद्र यादव, झामुमो नेता यासीन खान, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मो कुदुश अंसारी, वासुदेव महतो, संजय साव समेत आदि लोग शामिल हैं।

### प्रेक्षक ने बड़कागांव में कई बूथों का किया निरीक्षण



**रामगढ़।** बड़कागांव विधानसभा की तैयारियों एवं चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से सामान्य प्रेक्षक 22- बड़कागांव वी सरवना ने सोमवार को 22 बड़कागांव अंतर्गत केरेडारी एवं बड़कागांव के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। वी सरवना ने 22 बड़कागांव क्षेत्र अंतर्गत केरेडारी, बड़कागांव एवं पतरातु के विभिन्न सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया वहीं मतदाताओं के लिए किए जाने वाले सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई इस दौरान उन्होंने वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए बनाए गए रैंप पानी की व्यवस्था शौचालय की व्यवस्था बिजली की व्यवस्था सहित अन्य का निरीक्षण किया गया। निवार्ची पदाधिकारी बड़कागांव क्षेत्र सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर को मतदान के दौरान मतदाताओं को कोई परेशानी ना हो इस संबंध में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई दिशा निर्देश भी दिए।

# बीजेपी की ए और बी टीम आपस में लड़ रही है : सौरभ नारायण सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह ने हजारीबाग सदर विधानसभा से इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह के समर्थन में प्रत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा किपिछले 10 साल से हजारीबाग विधानसभा तथा लोकसभा में भाजपा का शासन रहा है। इसके बावजूद भाजपा इस क्षेत्र में विकास लाने में असफल रही है ।पिछले पांच सालों में महागठबंधन सरकार के द्वारा जनता के हित में किए गए कार्यों और योजनाओं से झारखंड की जनता लाभान्वित हुई है ।इस कारण जनता का समर्थन हमारे साथ है। अब वक्त है बदलाव का,और मुझे पूरा विश्वास है कि हमारे प्रत्याशी मुन्ना सिंह को यहां की जनता अपना आशीर्वाद देगी और इन्हें यहां से विजयी बनाएगी। श्री सिंह ने कहा कि हजारीबाग में देखने में आ रहा है की भाजपा की ए टीम और बी टीम आपस में लड़ रही है, इससे निश्चित तौर पर फायदा कांग्रेस को होगा। हमलोग मुन्ना सिंह के जीत को लेकर आश्वस्त हैं, डोर टू डोर कैंपेनिंग करें।

### चित्रांश समाज हो एकजुट : अरूण सिन्हा



**रामगढ़।** बिजुलिया चित्रगुप्त नगर स्थित श्री श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में सोमवार को चित्रगुप्त महापरिवार की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने की। उन्होंने समाज के लोगों से एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जो समाज जितना एकीकृत है उस समाज को उसी के अनुरूप उसका अधिकार मिलता है इसलिए कायस्थ समाज की एकजुटता समय की मांग है। बैठक के दौरान ट्रस्ट के पंजीकरण पर चर्चा हुई और चित्रगुप्त महापरिवार का विस्तार कर संगठन से समाज के लोगों को जोड़ने का निर्णय लिया गया। साथ ही चित्रगुप्त महापरविार के यूथ विंग का गठन करने का निर्णय लिया गया। इसके उपरांत विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

# बरही के बेटे अरुण साहू को दें वोट : कल्पना

खबरमंत्र संवाददाता

## क्षेत्र का करेंगे सर्वांगीण विकास : अरुण साहू



**बरही।** बरही प्रखंड मैदान में इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी अरुण साहू के समर्थन में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने जनसभा को सम्बोधित किया। कल्पना सोरेन ने स्व. तिलेश्वर साहू को याद करते हुए कहा कि बरही के विकास का सपना उन्होंने देखा था। 2014 में पति की मौत के बावजूद वे चुनाव लड़ीं और जनता का समर्थन पाया। अब फिर से मौका आया है कि उनके सपनों के बरही का निर्माण किया जाए। सोरेन ने कोराना काल में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की संवेदनशीलता की भी सराहना की, जिन्होंने मजदूरों के लिए जमीनी स्तर पर काम किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया, जैसे 25 लाख अबुआ आवास, 40 लाख लोगों को पेंशन, बिजली बिल माफी, 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड, गुरुजी क्रेडिट, किसान क्रेडिट कार्ड, आदि। कल्पना सोरेन ने यह भी कहा कि इंडिया महागठबंधन जाति-धर्म के नाम पर लोगों को विभाजित नहीं करता और लोकसभा चुनाव में 5 आरक्षित सीटों पर जीत हासिल की है। उन्होंने विश्वास जताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव में नई गाथा लिखी जाएगी और इंडिया महागठबंधन की सरकार फिर से बनेगी। कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने कहा कि इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी के रूप में उनकी उम्मीदवारी का एक प्रमुख कारण है कि पार्टी युवाओं को लेकर सोंच रही है।

उन्होंने युवाओं से अपील की है कि मतदान के दिन एकजुट होकर मतदान करें और उन्हें विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि बरही में बदलाव की लहर आ चुकी है, बस लोगों का समर्थन जरूरी है। साबी देवी भावुक होकर अपने पुत्र अरुण साहू के पक्ष में मतदान की अपील की । राष्ट्रीय ओबीसी अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव, छत्तीसगढ़ की पूर्व सांसद सह चुनाव प्रभारी छाया वर्मा, हजारीबाग सदर पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह, झामुमो नेता बिनोद विश्वकर्मा, कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू की माता साबी देवी, मेघनाथ साहू मौजूद रहे। जनसभा में ओबीसी के झारखंड प्रभारी डॉ रूपम यादव, कोडरमा कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगीरथ पासवान, राजकिशोर बारिक, डॉ प्रकाश कुमार, रेणु देवी प्रदेश सचिव, धीरज सिंह, कजरू साव, सुरजीत नागवाला, मंसूर आलम, डॉ आरसी मेहता, बरही प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, पदमा प्रखण्ड अध्यक्ष गौतम मेहता,, सहजाद खान, उदय केशरी समेत हजारों लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### वेटरन ऑर्गेनाइजेशन ने दिया अरविंद ओझा को समर्थन



हजारीबाग। सदर विधानसभा निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व सैनिक अरविंद ओझा ने हजारीबाग शहर के कई क्षेत्रों का दौरा किया इसी क्रम में उनका समर्थन देने वेटरन ऑर्गेनाइजेशन आफ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश कुमार ने साथियों के साथ रांची से आकर उनको शुभकामनाएं दी और अपना समर्थन दिया साथ ही हजारीबाग क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि हजारीबाग के इतिहास में पहली बार कोई पूर्व सैनिक चुनाव के मैदान में है,आज तक यहां की जनता ने नेताओं को चुना है एक बार देश के सैनिक को चुनकर देखें आपको कभी भी शिकायत का मौका नहीं मिलेगा । श्री ओझा हजारीबाग शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की साथ ही कहा कि एक बार हम पर विश्वास करके देखिए, आम और खास सभी लोगों को जिंदगी जीना आसान बना दूंगा और सरकारी योजनाओं का लाभ जन तक पहुंचाने का काम करूंगा और सरकारी कार्यालय में हो रहे खुलेआम भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कठोर कानून बनाने के लिए मजबूती से अपनी आवाज विधानसभा में उठाऊंगा। भ्रमण के दौरान पूर्व सैनिक अवध कुमार भारती, राजदेव प्रसाद, अजीत सिंह, निरंजन सिंह, महेंद्र गोप, नीरज ओझा ,अजय प्रसाद, कमल किशोर, अशोक यादव, अशोक दांगी, विकास राणा आदि कई पूर्व सैनिक समेत देशभक्त सहयोगी शामिल थे।

### मंजीत यादव हत्या मामले में निकाली रैली



**हजारीबाग।** जमीन व्यवसायी मंजीत यादव की हत्या मामले में सोमवार को यादव समाज ने आक्रोश रैली निकाली । यादव समाज के सभी लोगों का एक स्वर मे आवाज उठाया की इस हत्याकांड मे शामिल सभी अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द करते हुए उन्हें फाँसी की सजा दी जाए। कहा कि प्रशासन आपराधियो की गिरफ्तारी में ढुल मूल निति ना आपनाये। यदि प्रशासन दोषियों पर जल्द कार्रवाई कर उन्हें कड़ी सजा नहीं दिलाती है तो यादव समाज एक बड़े आंदोलन करने को बाध्य होगा ।बासुदेव यादव ने कहा कि हत्याकांड में शामिल सभी अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करे पुलिस।

### लंबित योजनाएं होंगी पूरी : अमित यादव



हजारीबाग/बरकट्ठा। बरकट्ठा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी सह विधायक अमित कुमार यादव सोमवार को जयनगर प्रखंड के ग्राम नोकाडीहा में जनआशीर्वाद यात्रा में ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि लंबित योजनाओं को पूरा किया जाएगा। विकास की गति धीमी नहीं होने दी जायेगी। अमित यादव ने कहा कि आपलोगो के समर्थन और आशीर्वाद के बलबूते में यहां हूँ । आपलोगो का आशीर्वाद मुझे फिर मिलेगी ऐसी आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है । उन्होंने कहा कि भाजपा विकास की राजनीति करती है। डबल इंजन की सरकार बनेगी तो केंद्र और राज्य मिलकर और विकास करेंगे। उन्होंने लोगो से अपील करते हुए क्रमांक संख्या 1 में कमल का बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को और मजबूत करें। मौके पर भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### उम्मीदों पर खरा उतरूंगा : हर्ष अजमेरा



**हजारीबाग।** कटकमदाग प्रखंड में निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने विभिन्न गांवों का दौरा किया, जहां उन्हें जनता का अपार समर्थन मिला। क्षेत्र की बहनों ने हर्ष अजमेरा को रक्षा सूत्र बांधकर आशीर्वाद दिया और उनके सेवा के संकल्प में अपनी सहभागिता दिखाई। अजमेरा ने लोगों से कहा कि आपके विश्वास और समर्थन से ही मैं इस क्षेत्र की सेवा कर पाऊंगा और आपकी उम्मीदों पर खरा उतरूंगा। आपका हर वोट मेरे लिए एक जिम्मेदारी होगी। हर्ष अजमेरा ने अपने दौरे के दौरान जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनसे वादा किया कि उनका उद्देश्य क्षेत्र की हर समस्या का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि वे जीत के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देंगे। हर्ष अजमेरा ने भरोसा दिलाया कि वे हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे और किसी भी तरह की क्षेत्रीय उपेक्षा बर्दाश्त नहीं करेंगे।

### एआइएमआइएम का केरेडारी में खुला ऑफिस

केरेडारी । एआईएमआईएम के कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को केरेडारी मुख्य चौक में हुआ। बड़कागांव से ओवैसी पार्टी प्रत्याशी शमीम मियां ने कहा कि केरेडारी प्रखंड समेत बड़कागांव विधान सभा क्षेत्र विस्थापन समस्या से जूझ रहा है। झारखंड में कई ऐसे समस्याएं हैं जिनका निदान आज तक नहीं हो पाया है। मैं मजलिस के सच्चे सिपाही के रूप में बड़कागांव विधान सभा क्षेत्र की जनता के सेवा में रहूंगा और बैरिस्टर असुद्दीन ओवैसी साहब केंद्र में जनता की आवाज बुलंद करेंगे। मौके पर जिला अध्यक्ष सूरज दास, प्रखण्ड अध्यक्ष सामसेर आलम, सुभान मियां एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बटेश्वर मेहता ने किया डोर टू डोर जनसंपर्क



**इचाक ।** बरकट्ठा विधानसभा में निर्दलीय प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता के पक्ष में उनके समर्थको ने समूहों में बंटकर गांव-गांव, घर-घर जाकर बटेश्वर के लिए समर्थन जुटा रहे हैं। प्रचार अभियान में कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा से जुटे हुए हैं, दिन-रात 15 घंटे मेहनत कर रहे हैं, ताकि इस चुनाव में बटेश्वर को विजयी बना सकें ।बटेश्वर मेहता ने स्वयं भी इचाक, दारू, टाटीझरिया, बरकट्ठा और जयनगर प्रखंडों में दौरा कर जनता से सीधा संवाद किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उनका कहना है कि यह चुनाव उनके लिए नहीं, बल्कि बरकट्ठा की जनता के अधिकार और सम्मान की लड़ाई है। उन्होंने जनता से अपील की कि टेंपो छाप वोट देकर क्षेत्र के विकास के लिए समर्थन दें।

### कुजू में एनडीए कार्यकर्ताओं की बैठक



कुजू। मांडू विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता आजसू मांडू प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो व संचालन भाजपा मांडू प्रखंड अध्यक्ष तोकेश सिंह ने किया। एनडीए प्रत्याशी तिवारी महतो के पक्ष में अधिक से अधिक वोट दिलाने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि चुनाव में अधिक से अधिक एनडीए प्रत्याशी की जीत होगी। साथ ही राज्य के भ्रष्टाचार सरकार को उखाड़ फेंकना है। मौके पर चुनाव सह सयोंजक पंकज साहा, लालचंद महतो, प्रो खिरोधर साहू, जगेश्वर प्रजापति, राजू कुशवाहा, रतन प्रसाद, रवि साहू, चितु महतो, अशोक कुमार, रामभजन लाल महतो, रामाकांत पटेल, सहदेव मांझी, राकेश मेहता रॉक, भोला तुरी, तापेश्वर महतो, नरेश साहू, पंचित महतो, सहित काफी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## लोजपा प्रदेश अध्यक्ष नें भद्रकाली मन्दिर में की पूजा अर्चना

**इटखोरी।** लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान ने मां भद्रकाली मंदिर, शहस्त्र शिवलिंग महादेव मंदिर, राम जानकी मंदिर, कोटेश्वर नाथ मंदिर सहित अन्य देवालयों में पूजा-अर्चना की। उन्होंने चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के चुनाव दौरे पर निकलने की जानकारी दी और कहा कि जनता जनार्दन पासवान और उज्जवल कुमार दास को भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजेगी। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन समिति के रत्न शर्मा, सुरेंद्र सिंह, सतीश कुमार सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सिसई वृन्दा कोल परियोजना विवादों में घिरी

**टंडवा।** सिसई वृन्दा कोल परियोजना विवादों में घिरी हुई है, जितना काम धरातल पर दिखता है उससे कहीं अधिक विवादों पर सुर्खियां बटोरती रहती है। कंपनियों का आना और फिर वापस चला जाना इसकी बानगी है। प्रबंधन की टीम जमीन पर कम भरोसा दिलाने वाले दलालों पर अधिक भरोसा कर रही है। कुछ बाहरी दलाल किसानों की जमीनों पर नजर गड़ाए हुए हैं, ये वही हैं जिन्होंने कुछ साल पहले किसानों से 84 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री तो करवा ली थी लेकिन अधिकांश किसानों का चेक बाउंस कर दिया था। अब जब डालमिया ने कदम बढ़ाना शुरू किया है तो वही दलाल सक्रिय हो गए हैं।आश्चर्य की बात यह है कि इस टीम में कुछ ऐसे चेहरे भी हैं जो गांवों में हक अधिकार दिलाने की बात करते हैं। किसानों ने तोड़-फोड़ की रणनीति शुरू कर दी है, लेकिन बिना मुआवजा दिए जमीन पर चढ़ना किसी भी कंपनी के लिए आसान नहीं है।

## मतदान केंद्रों के रिलोकेशन से संबंधित बैठक संपन्न

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता अरविंद कुमार की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित मतदान केंद्रों के रिलोकेशन से संबंधित बैठक सभी अभ्यर्थी विधानसभा चुनाव 2024 एवं सभी जिला अध्यक्ष व सचिव मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल, जिला इकाई चतरा की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में की गई। उक्त बैठक में 3 मतदान केंद्रों के रिलोकेशन पर सर्वसम्मिति से अनुमति प्रदान की गई। यथा कान्हाचट्टी प्रखंड के 372 उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय शिकीद को 371 उत्क्रमित मध्य विद्यालय गड़िया बैगों, 267 उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय एकता मर्गडा (कुन्दा) को 264 उ० उ० वि० कुटील, 269 नव प्रा०वि० कोजरम (कुन्दा) को 268 उ०म०वि० सिकीदाग रिलोकेशन हेतु सभी द्वार सहमति प्रदान की गई।

## उपायुक्त ने अंतर जिला चेकपोस्ट का निरीक्षण किया

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप ने अंतर जिला चेकपोस्ट का निरीक्षण किया और वहां तैनात दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उन्हें वाहनों की सघन जांच करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान आने-जाने वाले वाहनों का निरीक्षण करते हुए देखे गए और उन्होंने कहा कि चेक पोस्ट से गुजरने वाले हर आने-जाने वाले वाहनों की कड़ाई से जांच करनी है।

## महागठबंधन पार्टी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के पास महागठबंधन पार्टी के कार्यालय का सोमवार को विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन प्रेमलता चंद्रा, संगीता कुशवाहा समेत अन्य ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कर और फीता काटकर किया। इस अवसर पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, राजद प्रखंड अध्यक्ष रामदेव यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष महावीर दांगी, राजेश कुशवाहा, प्रमुख पति उमेश यादव, कवींद्र दांगी, आरजेडी पंचायत अध्यक्ष राम आशीष यादव, रमेश कुमार समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### सुन ल अरजिया हमार, हे छठी मैया..

# नहाय-खाय के साथ महापर्व छठ आज से शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सुन ल अरजिया हमार, हे छठी मैया.. सूर्योपासना का महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान नहाय-खाय मंगलवार से शुरू होगा। इसको लेकर व्रतियों के निवास स्थलों पर सफाई के बाद सोमवार को गेहूं चुनने एवं फटकने का काम शुरू हो चूका है। व्रत के लिए रखे बर्तन को साफ करने के लिए निकाला गया। पर्व को लेकर व्रतियों के निवास स्थल पर उत्सव का माहौल देखने को मिल रहा है। वहीं गली मुहल्लों में छठ मईया के गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया है। वहीं बुधवार को खरना के महा प्रसाद के बाद छठ पर्व में महिलाएं 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखेंगी एवं अपने संतान की सुख समृद्धि व दीर्घायु की कामना के लिए सूर्यदेव और छठी मैया की आराधना करेंगी। बताते चलें कि यह पर्व प्रत्येक वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है एवं हिंदुओं के लिए छठ पर्व सबसे बड़े त्योहारों में से एक है। छठ पर्व षष्ठी तिथि से दो दिन पहले यानी चतुर्थी से नहाय खाय के साथ शुरू होता है। इसमें भगवान भाष्कर की विशेष उपासना की जाती है। इसमें अस्ताचलगामीव व उदीयमान सूर्य की पूजा की जाती है। छठ का व्रत काफी कठिन व नियम के साथ किया जाता है, छठ पर्व पूरे चार दिनों तक चलता है। इस पर्व में मुख्यतः सूर्य देव को अर्घ्य देने का सबसे ज्यादा महत्व माना गया है। पर्व चतुर्थी तिथि को नहाय खाय से होता है, फिर पंचमी को लोहंडा व खरना होता है। इसके बाद षष्ठी को छठ पूजा होती है, जिसमें सूर्य देव को शाम का अघ्र्य अर्पित किया जाता है, इसके बाद अगले दिन सप्तमी को सूर्योदय के समय में उगते हुए सूर्य को अघ्र्य देते हैं व फिर पारण कर व्रत को पूरा किया जाता है।

## छठ महापर्व को लेकर घाटों की सफाई युद्ध स्तर पर



**मरकच्चो (कोडरमा)।** छठ महापर्व की शुरुआत मंगलवार से नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। वहीं पर्व को लेकर प्रखंड मुख्यालय समेत विभिन्न ग्रामीण इलाकों में चार दिवसीय छठ महापर्व की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। वहीं बुधवार को शाम में खरना होगा, 7 नवम्बर को अस्ताचलगामी एवं 8 नवम्बर को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जायगा। वहीं छठ व्रती अभी से ही कठिन साधना और निष्ठा के लिए व्रत की तैयारी में जुट गई है। वहीं गठित छठ समितियों एवं अन्य क्लबों के द्वारा छठ घाटों की सफाई युद्ध स्तर पर की जा रही है। लोक आस्था के महापर्व छठ की शुरुआत पांच नवंबर को नहाय-खाए से हो गई। बताते चलें कि भगवान सूर्य और छठी मैया को समर्पित महापर्व छठ पर्व हर वर्ष कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। इस बार यह पूजा पांच नवंबर से शुरू हुई, जो आठ नवंबर की सुबह अर्घ्य देने के साथ समाप्त होगी। इस दौरान महिलाएं संतान के स्वास्थ्य, सफलता और दीर्घायु के लिए पूरे 36 घंटे का निर्जला उपवास करेंगी। जानकारों की माने तो पांच नवंबर को नहाय-खहाय और छह नवंबर को खरना होगा, इसके बाद छह नवंबर की रात से ही 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होगा। सात नवंबर को तीसरे दिन व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे एवं आठ नवंबर को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रती अपना व्रत तोड़ते हैं। उल्लेखनीय हो कि डोमचांच का छठ महापर्व के साथ साथ मेले को देखने दूर-दूर से लोग आते हैं। जहां हजारों की भीड़ मेले में होती है एवं आकर्षक लाइटिंग लोगों को अपनी ओर खींचती है।

# भाजपा को हराने को लेकर राजद को समर्थन करने का फैसला : असीम सरकार



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सीपीएम की कोडरमा जिला कमेटी की बैठक में सर्वससम्मति से आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा जैसे सांप्रदायिक पार्टी को हराने के लिए राजद उम्मीदवार को विजय बनाने का फैसला लिया गया। चुंकि भाजपा डबल इंजन की सरकार का नारा देकर साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण कर चुनाव में जीत हासिल करना चाहती हैं। इसके लिए बंगलादेशी घुसपैठियों की बढ़ती जनसंख्या, डेमोग्राफी में परिवर्तन, आदिवासियों की संख्या में कमी होना, धर्मांतरण की काल्पनिक मुद्दा बना रही हैं। सीपीआईएम हमेशा इस झुठ के खिलाफ अभियान चलाई। झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर की हैं। भाजपा दर असल झारखंड की खनिज सम्पदा पर नजर हैं। उसे अपने कारपोरेट दोस्तों के हाथों देने के लिए गद्दी पर आने के लिए विभाजन और झूठ का सहारा ले रही हैं। सीपीआईएम हमेशा भाजपा विरोधी वोट के बिखराव को रोकने के लिए व्यापक एकता का पक्षधर रहा हैं। झारखंड में कांग्रेस और झामुमो व्यापक एकता के प्रति उदासीन रवैया अपनाती रही। किसी प्रकार की संयुक्त बैठक नहीं की गई। सीपीआईएम राज्य हित में भाजपा को हराने का फैसला लिया हैं। इसके लिए जिला कमिटी अपने सभी ब्रांच कमिटी और अपने जनसंगठनों से अपील करती हैं कि स्वतंत्र तरीके से काम करते हुए अपने मतदाता और आम नागरिकों के बींच भाजपा को हराने के लिए अपने झण्डे तले अभियान चलाए और राजद को जीताकर विधानसभा भेजें। जिला कमिटी ने किसी भी तरह के संयुक्त गतिविधियों में नहीं जाने का फैसला लिया है। बैठक में रमेश प्रजापति, ग्यासुद्दीन, भिखारी राम, परमेश्वर यादव, पार्वती देवी, सबिता देवी, मुकेश यादव, संतोष कुमार भाग लिए।

## राजद का विभिन्न इलाकों में चला जनसम्पर्क अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** इंडिया गठबन्धन के समर्थित राजद प्रत्याशी के पक्ष में सोमवार को विभिन्न गांवों में जनसम्पर्क अभियान चलाया गया। अभियान में राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव की धर्मपत्नी लालती देवी, बेटी आयुषी कुमारी के अलावा महागठबंधन के नेता शामिल थे। जनसम्पर्क अभियान करमा दलित टोला, दलित टोला पश्चिम, बारा टोला, मोहंडरा, झुमरी, असनाबाद, झलपो, बजरंग नगर, यदुटांड़, मड़ुआ टांड़, मोरियांवा समेत अन्य गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर श्री यादव के पक्ष में मतदान करने की अपील किया गया। अभियान में शांति प्रिया, अनवारुल हक, महेंद्र यादव, अनिल यादव, चरनजीत सिंह, दीपक यादव, वीरेंद्र यादव, घनश्याम तुरी, सुरेश यादव, अमरजीत कौर आदि मौजूद थे।

## मेहंदी, रंगोली और संध्या चौपाल के माध्यम से नैतिक मतदान का दिया गया सन्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव में शतप्रतिशत मतदान और आमजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार स्वीप कोषांग के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। वहीं सोमवार को ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मेहंदी, रंगोली और संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट के महत्व की जानकारी देते हुए 13 नवंबर को मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की अपील किया गया। साथ ही नैतिक मतदान के लिए सामूहिक रूप से शपथ दिलवाया गया।

# विधानसभा चुनाव को लेकर पोलिंग पार्टियों का चुनावी प्रशिक्षण जारी

### कर्मियों और पदाधिकारियों को हर पहलुओं की दी जा रही है जानकारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देश के आलोक में विधानसभा चुनाव को लेकर इंजीनियरिंग कॉलेज में पोलिंग पार्टियों का चुनावी प्रशिक्षण तीसरे दिन भी जारी रहा। वहीं सोमवार को मास्टर ट्रेनरों के द्वारा पोलिंग पार्टियों को मतदान से सम्बंाित विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी गयी। दो पालियों में आयोजित प्रशिक्षण शिविर को सामान्य प्रेक्षक माल सिंह भयडिया और डीडीसी ऋतुराज ने औचक निरीक्षण किया और पोलिंग पार्टियों को गम्भीरता पूर्वक प्रशिक्षण लेने का निर्देश दिया।

वहीं प्रशिक्षण शिविर में बताया गया कि निर्वाचन कार्य एक बहुत ही संवेदनशील कार्य है, जिसे काफी सावधानी पूर्वक किया जाता है, इसके अलावे मतदान के दिन ईवीएम, विविपैट के खराब होने पर किये जाने वाले आवश्यक कार्रवाई, विभिन्न प्रपत्रों को भरने आदि की जानकारी दी गयी। मौके पर मास्टर ट्रेनर रामचंद्र ठाकुर, सुदीप सहाय, अश्विनी तिवारी, मनोज चौरसिया, सत्यजीत हिमवान, राजेश्वर पांडेय, अनन्त मिश्रा, उमेश सिन्हा, नरेश यादव, कृष्णकांत तिवारी, उदय सिंह, अजित आजाद, अरुण मिश्रा, मनोज पांडेय आदि मौजूद थे।

### लोग बोले-पांच साल नहीं दिखते, नेताजी सुबह से ही दे रहे दस्तक

# हर गली-मोहल्ला व चौक चौराहों पर तेज हुई चुनावी चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा विधानसभा चुनाव की तारीख 13 नवम्बर जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे चुनावी सरगर्मी बढ़ती जा रही है। हर गली-मोहल्ला व चौक-चौराहों पर इस समय चुनावी चर्चा का ही दौर चल रहा है। प्रत्यशियों के बदले नजरिए पर लोग चटखारे ले रहे हैं। पांच साल तक दिखाई न देने वाले नेता जी इन दिनों सुबह होते ही लोगों के घरों पर दस्तक दे रहे हैं। वहीं मतदाता कहते हैं कि जब हमें जरूरत होती है तो ये मिलते नहीं हैं, इनके कार्यालय से लेकर घर तक चक्कर लगाने पड़ते हैं। अब सुबह आंख नहीं खुल पाती है, उससे पहले ही घर आ धमकते हैं। जिले में मतदाताओं के दरवाजों पर आजकल सुबह सात बजे से नेताजी समर्थकों के साथ पहुंच रहे हैं। अबकी वोट सिर्फ हमें ही देना, शहर का भला हम ही कर सकते हैं। तुम्हारी हर परेशानी, सुख-दुख में खड़े हुए और आगे भी खड़े होंगे, बस हमारा ध्यान रखना। यह बोल कोडरमा विधानसभा का चुनाव लड़ने वाले नेताओं के हैं। मतदाता भी आजकल शहर के चौक चौराहों, चाय की दुकानों पर यही सब चर्चा करते हैं। जब तक मतदान नहीं हो जाएगा, तब तक इनकी परिक्रमा जारी रहेगी। मतदाता जीत और हार का गणित लगाने में जुटे। चुनावी चकल्लस में कई ऐसे लोग भी शामिल होते हैं कि जो चुनाव की भविष्यवाणी भी करते हैं और रणनीति भी बताते हैं। कौन प्रत्याशी जीतेगा और कौन हारेगा। हारेगा तो क्यों हारेगा और जीत क्यों रहा है। इन सभी के तर्क भी बिंदुवार दिए जाते हैं। जो सीधे मुंह बात नहीं कर रहे थे, वह दिन में दो बार पैर छू रहे हैं। चुनाव में प्रत्याशी सोशल मीडिया (फेसबुक व्हाट्सएप ग्रुप) को अपना मजबूत प्रचार का जरिया बना रहे हैं। जनता के असली हमदर्द बनने और हमेशा दुःख सुख में साथ देने का वायदा भी कर रहे हैं। फेसबुक पर अपनी सुबह से लेकर देर रात तक के हर क्रिया कलाप शेयर कर रहे हैं।

**लोग ले रहे हैं चटखारे :** पैर छूने और हाथ जोड़कर अभिवादन करने समेत मदद करने की फोटो जरूर शेयर कर रहे हैं। इस समय प्रत्याशी अपने आप को लोगों के हितैषी और मद्दगार साबित करने में लगे हैं। हालांकि चुनाव के समय अचानक से बदले स्वभाव और नजरिया को लेकर लोग भी खूब चटखारे ले रहे हैं।

एक नजर में

## बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग के जरिए किया मतदान

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप के निर्देश पर विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर 85 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध मतदाता (एभीएससी और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं (एभीपीडी) को भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के अनुसार होम वोटिंग कराया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड क्षेत्रों में वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र पहुंच मतदान करने में शारीरिक रूप से असक्षम हैं 85 वर्ष की उम्र से अधिक और दिव्यांग 40 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने होम वोटिंग पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान किया। होम वोटिंग के लिए प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों ने बुजूर्गों और दिव्यांग मतदाता, जिन्होंने होम वोटिंग का विकल्प चुना था, उनके घर जाकर उत्साहवर्धन किया और लोकतंत्र के सजग प्रहरी के रूप में अपने मत का प्रयोग करने के लिए धन्यवाद दिया। मतदान की पूरी प्रक्रिया संपन्न होने के बाद वरिष्ठ मतदाताओं ने खुशी जाहिर की। साथ ही बुजुर्ग मतदाताओं के परिवारजनों को भी 13 नवंबर को अपने बूथ पर जाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। 5 नवंबर को भी होगा होम वोटिंग।

## भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवादाता

**इटखोरी।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन प्रखंड क्षेत्र के खौरा गांव में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में इटखोरी और मयूरहंड के भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सदस्य, मोर्चे के पदाधिकारी और बुथ तक के कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सांसद कालीचरण सिंह, जिप उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता बिरजू तिवारी गौतम, जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोक्ता, भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास, भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री टुन्नी सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रामविलास सिंह, मयूरहंड पूर्व जिला परिषद सदस्य सतेन्द्र भगत, डोमन राणा, सीताराम दांगी, अनिल सिंह, रंजय भारती, इश्वर रविदास, प्रयाग साहु, जय रविदास, नागेश्वर रविदास, वकील रविदास, पेमन नायक, ब्रह्मदेव यादव, ठाकुरी साव, संतोष दांगी, परमेश्वर राणा, मनजीत सिंह, बहादुर सिंह, राजेश्वर यादव, सुबोध यादव, रामचन्द्र सिंह नगीन सिंह, मुन्ना सिंह, राकेश सिंह, विनय सिंह, कौशल सिंह सहित सैकड़ों अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पार्टी के सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर चुनाव जीतने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि वे सभी मिलकर भाजपा प्रत्याशी उज्जवल दास को जिताएंगे। इस सम्मेलन का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष ऋषि बाला सिंह ने किया।

## कुंदा प्रखंड में आरजेडी का डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान



खबर मन्त्र संवादाता

**कुंदा (चतरा)।** सोमवार को, सत्यानंद भोक्ता ने कुंदा प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों में आरजेडी के सैकड़ों समर्थकों के साथ डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। कुंदा प्रखंड मुख्यालय में आरजेडी कार्यालय का उद्घाटन विधायक प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने अपने मंत्री और समर्थकों के साथ संयुक्त रूप से किया। रश्मि प्रकाश ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर लाया गया है और महिलाओं को मान-सम्मान के साथ-साथ मईया सम्मान योजना के तहत सभी महिलाओं को ?1000 देने का काम किया जा रहा है। अगर 2024 में भी इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो मईया सम्मान योजना 1000 के जगह पर 2500 दिया जाएगा। सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि चतरा विधानसभा में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी श्रीमती रश्मि प्रकाश पहली बार महिला प्रत्याशी के रूप में आई हैं, जो आजादी के बाद से आज तक किसी महिला ने नहीं किया। महिलाओं को बढ़ावा देने और महिला सशक्तिकरण के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इसलिए महिलाओं का मान-सम्मान बनाए रखने के लिए भारी मतों से रश्मि प्रकाश को लालटेन छाप पर बटन दबाकर विजयी बनाएं। उन्होंने सभी से मतदान करने की अपील की और कहा कि हर दुख-सुख में वह और उनकी पुत्रवधू रश्मि प्रकाश भरपूर सहयोग के साथ शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि 2019 में लोगों ने उन्हें भारी मतों से जीत दिलाई थी और उन्हें विश्वास है कि 2024 में भी प्रचंड बहुमत के साथ रश्मि प्रकाश को विधायक बनाया जाएगा।

## मतदाता सूचना पर्ची का वितरण जारी, वोटरों को नैतिक मतदान के लिए किया गया प्रेरित

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं के मतदाता सूचना पर्ची का वितरण किया जा रहा है, साथ ही बीएलओ के द्वारा वोटरों को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को डीडीसी ऋतुराज ने चंदवारा प्रखंड का दौरा कर बीएलओ द्वारा वितरित किये जा रहे मतदाता सूचना पर्ची का निरीक्षण किया एवं बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि शतप्रतिशत मतदाताओं के बीच मतदाता सूचना पर्ची का वितरण करना सुनिश्चित करें।

स्पीड न्यूज

## छठ पर्व को लेकर मुखिया ने निजी मद से कराई साफ सफाई

**महुदा।** पदुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश कुमार पटवारी ने निजी मद से मछियारा तालाब और ब्रह्म बाबा मंदिर के परिसर में बने छठ तालाब की सफाई कराई। धनबाद से बोकारो जाने वाले एन एच – 32 सड़क के किनारे जमा कचड़ा जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर व मजदूर लगाकर साफ कराया। मुखिया ने कहा कि छठ हिन्दुओं का सबसे बड़ा पर्व हैं। व्रतियों को किसी तरह का कष्ट न हो, उसे ध्यान में रखते हुए महुदा बाजार में सफाई निजी मद से की गई।

## अजय दुबे ने पुटकी मुनीडीह व भागाबांध में किया जनसंपर्क

**पुटकी।** धनबाद विधानसभा के कांग्रेस प्रत्यासी अजय दुबे सोमवार को पुटकी,मुनीडीह एवं भागाबांध में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से अपने पक्ष मैदान करने की अपील की। भागाबांध में गुड्डू खान एवं क्यूम खान ने माला पहनाकर स्वागत किया, जबकि पुटकी कोक प्लांट पंहुचने पर गुड़िया देवी एवं निवास रजवार ने उनका स्वागत किया।

## सामान्य पर्यवेक्षक ने महुदा के मतदान केंद्र का निरीक्षण किया

**महुदा।** विधान सभा चुनाव के सामान्य पर्यवेक्षक डा. हर्षित गोसावी बाघमारा विधान सभा के महुदा क्षेत्र में अवस्थित विभिन्न मतदान केंद्र भवन में पानी, बिजली, रैम्प, साफ सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी बाघमारा लक्ष्मण यादव, थाना प्रभारी धीरज कुमार, भाटडीह ओपी प्रभारी अनिल मंडल ,मुखिया महेश कुमार पटवारी, शिबु महतो , सम्बन्धित विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सुपरवाईजर , बीएलओ मौजूद रहे।

## 5 कांवड़ियों की उत्कृष्ट सेवा के लिए नंदी सेवा ट्रस्ट सम्मानित

**पुटकी।** बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग मंत्री डा दिलीप कुमार जायसवाल, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा द्वारा पटना के रविन्द्र भवन में कांवरियों की उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए नंदी सेवा ट्रस्ट (पुटकी) को उत्कृष्टता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। नंदी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष रंजीत कुमार उर्फ जितेंद्र यादव ने नंदी सेवा ट्रस्ट का मोमेंटो भेट किया।

## सोहराय महोत्सव को लेकर दीवार लेखन

गिरिडीह। लोकतंत्र के महापर्व विधानसभा चुनाव 2024 के निमित्त मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से पीरटाड़ प्रखंड के आदिवासी बहुल इलाकों में सोहराय महोत्सव के तहत दीवार लेखन किया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# तेज रफ्तार वैन ने 4 छात्राओं को कुचला, तीन की मौत

### एक ही परिवार की थीं तीनों छात्राएं

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना अंतर्गत जीटी रोड फकीरडीह के समीप एक पिकअप वैन ने सोमवार सुबह एक महिला समेत तीन बच्चियों को बुरी तरह रौंद दिया, जिसमें महिला एवं एक बच्ची की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि एक बच्ची ने अस्पताल ले जाने के क्रम में दम तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल एक बच्ची का इलाज लाइफ लाइन अस्पताल गोविंदपुर में करने के बाद निजी नर्सिंग होम धनबाद रेफर कर दिया गया । उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। घटना में एक साथ महिला समेत दो बच्चियों की मौत के विरुद्ध आक्रोशित फकीकडीह के ग्रामीणों ने 3 घंटे तक जीटी रोड जाम रखा। बीडीओ जहीर आलम, डीएसपी शंकर कामती, सर्किल इंस्पेक्टर कुमार सत्यम भारद्वाज एवं पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली के काफी प्रयास के बाद सड़क जाम टूटा और वाहनों की आवाजाही सामान्य होने में 5 घंटे लग गए । जीटी रोड जाम होने से सड़क के दोनों लेन में वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग गई और एंबुलेंस समेत कई आवश्यक वाहन भी जाम में फंसे रह गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फकीरडीह गांव के जफर मंसूरी की 28 वर्षीय विधवा पुत्री रूबी खातून अपनी 8 वर्षीय पुत्री सीफत परवीन, 15 वर्षीय बहन जानवी उर्फ आयत परवीन पड़ोसी जहांगीर शाह की पुत्री शाहिदा खातून 12 वर्ष को ट्यूशन भेजने के लिए रोड पार के लिए सोमवार सुबह करीब 7:00 बजे अपने दरवाजे पर खड़ी थी। तभी पिकअप वैन बी 33 जीए 8814 के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए चारों को बुरी तरह कुचल दिया। वैन सभी को कुचलते हुए आगे घसीटते हुए ले गई और एक मारुति ओमनी को धक्का मारते हुए एक घर के दरवाजे को क्षतिग्रस्त करते हुए फस गई इस घटना से जफर मंसूरी की 28 वर्षीय रूबी खातून तथा उसकी बहन जानवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि रूबी खातून की 8 वर्षीय पुत्री सीफत की मृत्यु अस्पताल ले जाने के क्रम में हुई।



### काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने हटवाया जाम

डीएसपी शंकर कामती, बीडीओ जहीर आलम, अंचल निरीक्षक कुमार सत्यम भारद्वाज एवं थाना प्रभारी मोहम्मद रुस्तम अली सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे और जाम हटाने के प्रयास में लग गये। झामुमो नेता मन्नू आलम, राकांपा नेता मोबिन अंसारी, समाजसेवी सलाउद्दीन, अनवर अंसारी, मुखिया निमाई महतो, चुन्नी मजूमदार, तालेश्वर साव, बलराम साव, ओमप्रकाश बजाज, फिरोज अंसारी आदि भी लोगों को समझा बुझा कर जाम हटाने में लगे हुए थे, परंतु फकीरडीह के युवकों ने किसी की एक न सुनी। प्रशासन की काफी प्रयास के बाद जाम हटाने पर सहमति बन जाती थी परंतु युवक रह रहकर नारेबाजी करते थे और सड़क जाम कर देते थे युवकों ने नेताओं के खिलाफ नारेबाजी भी की। इसे नाराज होकर कई नेता वापस लौट गए। इसके बाद अपना नर्सिंग होम के निर्देशक मो सलाउद्दीन मोर्चा संभाला उन्होंने सभी से सहयोग राशि देने की अपील की।

### मृतक के परिजनों को मिला 60 हजार

तीनों मृतक के परिवार को अपनी ओर से नगद 60 हजार दिए तथा घायल शाहिदा खातून के इलाज के लिए सलाउद्दीन ने 30 हजार की मदद की । घायल के इलाज के लिए बीडीओ ने 20 हजार, पुलिस इंस्पेक्टर ने 10 हजार और अनवर अंसारी ने 10 हजार की सहायता प्रदान की । जाम और देर तक रहता परंतु मो सलाउद्दीन की अपील पर ग्रामीण युवक मान गए और सड़क जाम हटा लिया । घटनास्थल पर बीजेपी प्रत्याशी तारा देवी, जेबीकेएसएस प्रत्याशी उषा महतो तथा राकांपा प्रत्याशी मोबिन अंसारी पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिवार की महिलाओं से मुलाकात की और संवेदना प्रकट की । बीडीओ ने सरकारी प्रावधान के अनुसार तीनों मृतक के परिवार को अधिक से अधिक सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। जाम हटवाने में मो सलाउद्दीन ने बड़ी भूमिका निभाई। पिकअप वैन बिहार की है वाहन मालिक ने तीनों मृतकों के परिजनों को एक-एक लाख रुपया मुआवजा एवं घायल के इलाज में मदद का आश्वासन दिया है।

## बच्चियों के पिता ने पेश की मानवता की मिसाल, वैन चालक को भगाया

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** अपनी दो पुत्री तथा नतनी की मौत के बाद भी जफर मंसूरी ने मानवता का परिचय दिया। पेशे से चालक जफर ने आपा नहीं खोया । उसने पिक अप वेन के नीचे अपनी पुत्री और नतनी की लाश देखी तो वैन के ड्राइवर से कहा कि जल्दी यहां से भागो नहीं तो लोग तुम्हारी जान ले लेंगे । इसके बाद पिकअप वैन का चालक फरार हो गया। यदि वह मौके पर रहता तो आक्रोशित भीड़ पीट पीट कर उसकी जान ले लेती । बीडीओ जहीर आलम एवं थाना प्रभारी रुस्तम अली ने आक्रोशित लोगों को समझा कर जाम हटाने का भरपूर प्रयास किया, परंतु ग्रामीण युवक आक्रोश में थे। उन्होंने नेताओं की भी नहीं सुनी। यही कारण था कि मो सलाउद्दीन को छोड़कर सभी नेता पीछे हट गए। पुलिस के समझाने पर लोग जैसे ही गाड़ी में लाश लादने जाते थे, युवक नारेबाजी करते हुए लाश उठाने नहीं देते थे। इसके बाद प्रशासन ने जफर मंसूरी को समझाया तो वह मान गए और कहा कि उनकी बेटी और नतनी की मौत हुई है। वह लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज रहे हैं इसके बाद उन्होंने रुख कड़ा किया तो आक्रोशित युवक किनारे हो गए और शव हटाने के साथ ही सड़क जाम टूटा । जफर मंसूरी की पांच बेटियां हैं। लवली और रबी की शादी हो चुकी थी। इनमें रूबी और तीसरी नंबर की जानवी की मौत गयी। नेहा और रानी अविवाहित है । उनके दो पुत्र हैं बादशाह और सलाउद्दीन। इस हादसे में रूबी की छोटी बेटी सायरा की भी जान चली जाती, परंतु वह अपने घर की ओर फेंका गई। जफर की पत्नी नजमा बीवी ने कहा कि उसकी दुनिया उजड़ गई है । पति ड्राइवरी करते हैं । घर भी नहीं है। सरकारी आवास अधूरा पड़ा है।

**एक नजर में**

## कांग्रेस प्रत्याशी अजय दुबे ने चलाया जनसंपर्क अभियान, जनता से मांगे वोट



धनबाद। सोमवार को धनबाद विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे ने पुटकी बाजार,प्रभु चौक,मुनीडीह बाजार,भागाबांध,कोक प्लांट-पुटकी एवं बैंक मोड़ बिरसा चौक से जयप्रकाश चौक होते हुए धोवाटांड़ आदि स्थानों पर जनसंपर्क अभियान चलाया। मतदाताओं से बातचीत के दौरान श्री दुबे ने कहा कि धनबाद विधानसभा की सर्वांगीण विकास के साथ-साथ बेहतर धनबाद बनाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। जनसंपर्क में मुझे सभी समुदाय के लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। पिछले 10 वर्षों में बीजेपी ने धनबाद को छलने का काम किया है। क्षेत्र की जनता भाजपा की गलत नीतियों के साथ-साथ इनके चाल,चेहरा और चरित्र को समझ चुकी हैं,भाजपा से लोगों का मोहभंग हुआ है और निश्चित रूप से इस चुनाव में धनबाद की जनता इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान कर कांग्रेस प्रत्याशी को ऐतिहासिक जीत दिलाने का काम करेंगी। मौके पर धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह,कार्यकारी अध्यक्ष रशीद राजा अंसारी, मदन महतो, मनोज यादव, राजेश्वर सिंह यादव आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त-एसएसपी ने अमलखोरी चेक पोस्ट का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

### मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली सामग्री मिलने पर जब्त करने का दिया निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक हदीप पी जनार्दनन ने सोमवार को हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड स्थित अमलखोरी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मियों को जिले में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सघन जांच करने तथा वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर व ऑनर का नाम, पता, मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया। साथ ही भारी मात्रा में नगदी, शराब, ज्वेलरी, नशीले पदार्थ सहित मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली अन्य सामग्री मिलने पर जब्त करने की बात कही। वरीय पुलिस अधीक्षक ने छोटे वहनों के साथ बड़े वाहनों की भी जांच करने का निर्देश दिया। ज्ञात हो कि चुनाव को देखते हुए जिले में 11 इंटर स्टेट एवं 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट बनाए गए हैं। यहां से गुजरने वाले वाहनों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## छठ को लेकर ट्रेनों में भारी भीड़ पैर रखने की नहीं मिल रही जगह



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** छठ को लेकर यूपी बिहार जाने वाले यात्रियों का अपने पैतृक निवास स्थान जाने का सिलसिला जारी है। धनबाद से खुलने वाली धनबाद - पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस, धनबाद -गया इंटर सिटी एक्सप्रेस, धनबाद गया पैसेंजर, लुधियाना एक्सप्रेस, गंगा दामोदर एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों में यात्रियों को पैर रखने की जगह नहीं मिल रही है। जेनरल के साथ सीलीपर बोगी में भिड़ है। लोग बाथरूम में भी बैठकर घर जा रहे है। सोमवार को भी धनबाद रेलवे स्टेशन पर यही स्थिति देखने को मिली। कई लोग भारी भीड़ के कारण ट्रेन में सवार नहीं हो सके। वही रेलवे कि व्यवस्था धरी कि धरी रह गई। रेलवे सुरक्षा बल भींड को नियंत्रित करने में विफल दिखा। रांची से खुलने मौर्य एक्सप्रेस और धनबाद से खुलने वाली गंगा दामोदर एक्सप्रेस में भारी भीड़ देखने को मिली। यही हाल धनबाद से पटना एवं अन्य स्थानों पर जानेवाली बसों में भी दिखा।

## सूर्योदय सेवा और मारवाड़ी महिला समिति ने किया अरूप चटर्जी का समर्थन



**कुमारधुबी।** सूर्योदय सेवा समिति और मारवाड़ी महिला समिति की ओर से आज सोमवार को चिरकुंडा सूर्योदय सेवा समिति के कार्यालय में बैठक की गई, जिसमें इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी अरूप चटर्जी व उनकी धर्मपत्नी आनंदिता चटर्जी पहुंची। ऊपर बाजार ठाकुरबाड़ी के साइड में समिति के सदस्यों ने दोनों का स्वागत किया। समिति के सदस्य शयाम गाडयाण ने बताया कि इस बार इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी अरुप चटर्जी हमारे बीच आये हैं, जिससे बहुत खुशी हुई है। सूर्योदय सेवा समिति के लोग महागठबंधन के प्रत्याशी अरूप चटर्जी को समर्थन करने का काम करेंगे । श्याम गाडयाण ने कहा कि लोकआस्था के महापर्व छठ पूजा की शुरुात 5 तारीख मंगलवार से हो रही है। इसी के उपलक्ष्य में सूर्योदय सेवा समिति तीन दिन के लिए फल भंडार व वह पूजा सामग्री की दुकान खुलेगी और सेवा के हिसाब से यह कार्यक्रम तीन दिन तक चलाएंगे।

## जोगता में भू धंसान स्थल से आग की लपटें निकलने से दहशत



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिजुआ।** बीसीसीएल के मोदीडीह कोलियरी अंतर्गत जोगता 11 नंबर में सोमवार अहले सुबह जमीन के नीचे से आग की लपटें उठती देख मोहल्ले वाले दहशत में आ गए। हालांकि इस घटना में जानमाल की क्षति होने की सूचना नहीं है। जिस जगह से आग की लपटें निकल रही हैं, वहां विगत साल भू धंसान की घटना हुई थी। पिछले साल आठ अक्टूबर को इसी मोहल्ला में जमीन धंस ग ई थी। घटना में दो लोगों के घर जमींदोज हो गए थे, जबकि एक बच्ची जख्मी हुई थी। पिछले वर्ष अगस्त माह में इसी तरह की घटना के दौरान गोफ में तीन लोग दब गए थे। काफी जद्दोजहद के बाद तीनों को बाहर निकाला गया था।

## सड़क निर्माण विभाग ने नहीं ली सुध ग्रामीणों ने खुद गड्ढा भर की मरम्मत



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** धनबाद- गोविंदपुर मुख्य सड़क के किनारे गोसाईंडीह मोड़ पर पिछले 1 वर्ष से बने जानलेवा गड्ढे को भरकर सड़क निर्माण के लिए ग्रामीणों ने काफी प्रयास किया। नेशनल हाईवे एवं स्टेट हाईवे अधिकारियों से कई बार आग्रह किया, परंतु सड़क एवं गड्ढे की स्थिति जस की तस रही। उक्त स्थान पर दो पहिया वाहन वाले गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे थे । स्कूटी सवार कई महिलाएं भी इस स्थान पर गिरकर घायल हुई थी। इधर छठ व्रतियों को भी काफी परेशानी होती तो ग्रामीणों ने इसकी मरम्मत के लिए एक जुटता दिखाईऔर सोमवार को सामाजिक कार्यकर्ता प्रदीप कुमार महतो, कमलेश गोप, नितेश गोप, गौतम उपाध्याय, संतोष गोप, महेंद्र प्रसाद, धीरेन महतो, मानस रंजन, विकास सिंह, मिथुन गिरि आदि के आर्थिक सहयोग से उक्त गड्ढे एवं सड़क की मरम्मत कर दी गई। उन्होंने दो दिनों तक उक्त स्थान पर सड़क को बंद रखने की भी अपील की है, ताकि सड़क फिर नहीं टूटे। प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह एवं मुखिया रेशम कुमारी ने ग्रामीणो की सराहना की है।

## भारतीय रेड क्रॉस समिति ने की मोक्ष वाहन की सेवा को लेकर बैठक



**धनबाद।** सोमवार को भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद के कार्यकारिणी में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक का संचालन संयुक्त सचिव दिलीप सिंह ने किया। इस दरम्यान वाईस चेयरमैन धनेश्वर महतो एवं चेयरमैन सलाहकार सह कार्यकारिणी सदस्य कुमार मधुरेन्द्र सिंह,नोडल पदाधिकारी ब्लड बेनजीर परवीन नोडल पदाधिकारी वाहन देवेन्द्र कुमार एवं अनिल भगत नोडल पदाधिकारी स्वास्थ्य डाक्टर जिम्मी अभिषेक उपलब्ध थे। बैठक में प्रमुखता से चर्चा की गई कि मोक्ष वाहन की सेवा बहाल की जा रही है और उसमें सिविल सर्जन एवं अधीक्षक एसएनएमएमसीएच के लिखित पत्र पर लाल कार्ड धारकों को नि:शुल्क मोक्ष वाहन धनबाद जिले के अंतर्गत उपलब्ध कराया जाएगा एवं अन्य को भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद द्वारा देय राशि पर ही ली जाएगी।

## लोक आस्था का महापर्व छठ आज से, सज गये बाजार

### पिछले साल की तुलना में हर सामान के दाम आसमान पर



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** लोक आस्था का महा पर्व छठ मंगलवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो जाएगा। हीरापुर, पुराना बाजार, सरायढेला आदि बाजार में फल, किराना और सूप-दउरा की दुकानें सज गई हैं। लेकिन इस बार महंगाई की मार आम जनता को ज्यादा झेलनी पड़ रही है। छठ की सभी सामग्री की कीमत पिछले साल के मुकाबले बढ़ी हुई है। विधानसभा चुनाव के कारण बाजार समिति फिलहाल व्यापारियों के लिए बंद है। व्यापारी किराए पर जहां तहां गोदाम लेकर थोक भाव में वस्तुओं की खरीद बिक्री कर रहे हैं। माना जा रहा है कि इस वजह से व्यापारी वस्तुओं की अधिक कीमत वसूल रहे हैं। त्योहारी सीजन में चुनाव ने मध्यम और निम्न आय वाले वर्ग पर बुरा असर डाला है।

अरवा चावल 80 से 150 रुपये प्रति किलो, गुड 85 से 140 रुपये प्रति किलो, चीनी 45 रुपये किलो, आटा 38 से 40 रुपये किलो, चना दाल - 90 रुपये प्रति किलो, दूध 60 से 70 रुपये प्रति लीटर, मिट्टी का चूल्हा 100 से 150 प्रति चूल्हा, आम की लकड़ी 40 से 60 रुपये प्रतिकिलो, बांस का सूप 60 से 70 रुपये पीस, दउरा 250 से 400 रुपये प्रति पीस, नारियल 30 से 40 रुपये पीस, सेव 100 से 120 रुपये किलो, अमरूद 80 रुपये, केला कांधी 350 से 650 रुपये, संतरा 60 रुपये किलो, ईख 15 रुपये पीस कीमत है। इस बार इन कीमतों में 30 से 50 प्रतिशत तक वृद्धि देखने को मिल रही है।

### 7 नवंबर को होगा पहला अर्घ्य

छठ व्रती 6 नवंबर बुधवार को खरना एवं 7 नवंबर गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी। 8 नवंबर शुक्रवार को उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस चार दिवसीय अनुष्ठान का विधिवत समापन हो जाएगा।

## निर्दलीय प्रत्याशी रोहित के पक्ष में कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार

**महुदा।** बाघमारा विधान सभा सीट से निर्दलीय प्रत्यासी रोहित यादव के पक्ष में सोमवार को महुदा में कार्यकर्ताओं का सम्मेलन हुआ। जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं ने अपनी बात रखी। निर्मल रवानी ने कार्यकर्त्ताओं से कहा कि हम सभी को संगठित होकर अपने बूथ की मजबूती के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ दशक से बाघमारा की जनता दहशत के साये में जी रही है। बेरोजगारी बढ़ी है।

# भगोड़ा प्रत्याशी कितना भी रायता फैला लें ये तो जनता है, सब जानती है : बन्ना गुप्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने कहा कि जिस पार्टी ने सरयू राय को मंत्री बनाया। उन्होंने पिछले चुनाव में अपनी ही पार्टी को रसातल में भेज दिया। आज फिर उसी पार्टी का नाम आगे कर वे जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं किंतु विपक्ष का भगोड़ा प्रत्याशी कितना भी रायता फैला ले, ये जनता है, सब जानती है। श्री गुप्ता ने कहा कि जमशेदपुर की जनता पढ़ी लिखी, बुद्धिजीवी एवं सुसंस्कृत विचारों की है। वो जात -पात -धर्म के पचड़े में नहीं फंसेगी बल्कि विकास के नाम पर अपना जनप्रतिनिधि चुनेगी। जमशेदपुर की जनता देख रही है कि सोनारी दोमुहानी संगम में भव्य द्वार किसने बनवाया। जनता देख रही है कि मानगो में फ्लाइ ओवर का काम किसने आरंभ करवाया।




जनसंपर्क के दौरान बन्ना गुप्ता को आशीर्वाद देती एक बुजुर्ग मतदाता और जन संपर्क करते बन्ना गुप्ता।

जनता देख रही है कि एमजीएम के नए अस्पताल भवन का उदघाटन हो चुका है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि झारखंड की माताओं के खाते में मईया सम्मान योजना का लाभ पहुंच रहा है। कदमा सोनारी की सड़कों का चौड़ीकरण हो रहा है। जमशेदपुर की हर गली में पेवर्स ब्लॉक लगाये जा चुके हैं। बन्ना गुप्ता ने कहा कि जो काम अधूरे बच गए हैं, मैं उन्हें पूर्ण करने के लिए कृतसंकल्पित हूं।

**सोनारी व धतकीडीह के युवाओं ने थामा कांग्रेस का हाथ, देंगे बन्ना का साथ :** सोनारी एवं धतकीडीह के सैकड़ों युवा आज केंद्रीय चुनावी कार्यालय, कदमा में पहुंचे और बन्ना गुप्ता में अपनी आस्था जताई. बन्ना गुप्ता ने सबको कांग्रेस का पट्टा पहना कर पार्टी में शामिल कराया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग बांटने वालों की गंदी राजनीति के षड़यंत्र में नहीं फंसना है. बल्कि राजनीति के माध्यम से यथासंभव समाजसेवा करनी है। **लोकतंत्र के महापर्व में काहे का चुपचाप - खुल के पंजा छाप : कमल-जम्मी**- वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमल किशोर अग्रवाल एवं जम्मी भास्कर ने कहा कि हर चुनाव में एनडीए झूठा नारा देकर जनता को दिग्भ्रमित करती है। एनडीए कहती है - चुपेचाप तीर छाप, चुपेचाप कमल छाप, चुपेचाप केला छाप, किंतु मैं कहता हूं कि लोकतंत्र के महापर्व में काहे का चुपचाप आप खुल के पंजा छाप पर वोट करें। खुल के अपने प्रत्याशी बन्ना गुप्ता का साथ दें, क्योंकि उन्होंने विकास के कई काम किये हैं।

# बन्ना गुप्ता भारी-भरकम काम करते हैं ताकि ठीक ठाक पैसे आये : सरयू राय

- सरयू राय का दावा- जमशेदपुर पूर्वी और तमाड़ सीट भी बड़े अंतर से जीतेगा एनडीए
- वेद व्यास निषाद चेतना समिति की तरफ से निषाद समाज ने सरयू राय का किया समर्थन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा सीट से एनडीए के प्रत्याशी सरयू राय ने सोमवार को दावा किया कि एनडीए ना सिर्फ जमशेदपुर पश्चिमी बल्कि तमाड़ सीट भी बड़े अंतर से जीतने जा रही है। वेद व्यास निषाद चेतना समिति की तरफ से मिलानी हॉल में सरयू राय के समर्थन में निषाद सम्मेलन में सरयू राय ने कहा कि अब जब आपने हमें समर्थन दे दिया तो वह यह मान कर चल रहे हैं अब उनकी जीत सुनिश्चित है। श्री राय ने बताया कि वह लिट्टी




निषाद सम्मेलन को संबोधित करते एनडीए प्रत्याशी सरयू राय।

चौक से लेकर एनएच 33 तक 4 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क और पुल 40 करोड़ में बनवा रहे हैं। बन्ना गुप्ता उसी स्वर्णरेखा नदी पर 471 करोड़ में फ्लाईओवर बनवा रहे हैं। उन्होंने इसमें एस्टीमेट और डिजाइन घोटाला की आशंका जताई। उन्होंने कहा कि बन्ना गुप्ता भारी-भरकम काम करते हैं ताकि ठीक से पैसे आयें इनकी रुचि इसमें ही है। सरयू राय ने कहा कि बस्तियों में एक खतरनाक काम हो रहा है। अब बस्तियों में अपराधियों को जमा किया जा रहा है। गिरोहबंदी हो रही है। अपराधी लोगों को धमका रहे हैं। बड़े बिजनेसमैन को धमकाया जा रहा है। उनसे कहा जा रहा है कि वे हाजिरी लगाएं। हाजिरी लगाने आएं तो खाली हाथ न आएं। मतलब कुछ लेकर जाएं। भय का माहौल है। अत्याचार का माहौल है। डर का माहौल है। हम लोग भय के इस माहौल को खत्म करेंगे।

श्री राय ने कहा कि जमशेदपुर पश्चिम और तमाड़, दोनों सीट हम लोग जीतने जा रहे हैं। जमशेदपुर पश्चिम की सीट को अच्छे मार्जिन से जीतेंगे। उन्होंने कहा कि निषाद समाज के कई लोगों से उनके निजी संबंध रहे हैं। श्री राय ने कहा कि पांच साल पहले जन सुविधाओं से संबंधित विकास कार्य उन्होंने कराये थे। अब जिन कार्यों को वह पूरा न कर पाए, वो आज भी उसी तरह से अधूरे हैं। वह लगातार क्षेत्र में घूम रहे हैं और हर जगह लोग बताते हैं कि पेयजल की भारी दिक्कत है। उन्होंने बताया कि मानगो में एक नल होता था और उसके सामने पानी लेने वालों की लंबी कतार लगती थी। इसी दृश्य ने उन्हें मानगो पेयजल परियोजना शुरू करने की प्रेरणा दी।

## स्पीड न्यूज

### आज विकास सिंह के लिए वोट मांगेंगी देवी



**जमशेदपुर।** भोजपुरी की मशहूर लोकगायिका सुश्री देवी सोमवार को जमशेदपुर पहुंच गयीं। वे मंगलवार को अपने मुंहबोले बड़े भाई विकास सिंह के लिए जनसंपर्क करेंगे। श्री सिंह जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं जिनका चुनाव चिह्न बाल्टी छाप है।

### आज ऐतिहासिक होगी योगी की सभा : काले



**जमशेदपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक योगी आदित्यनाथ का आगमन 5 नवंबर दोपहर 1 बजे जमशेदपुर के आमबागान मैदान में होगा। उनके आगमन को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में अभूतपूर्व उत्साह है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि योगी आदित्यनाथ ने अपनी ओजस्वी वक्तृत्व शैली, कुशल रणनीति और कठोर प्रशासन के माध्यम से एक प्रभावशाली नेता के रूप में अपनी पहचान बनायी है।

### नहाय-खाय के साथ आज से शुरू होगा महापर्व छठ



**जमशेदपुर/ गम्हरिया।** जमशेदपुर, गम्हरिया, कांड्रा समेत आसपास के इलाके में महापर्व छठ को लेकर तमाम भव्य तैयारियां की जा रही है। कल मंगलवार को नहाये खाय (कद्दू भात) के साथ चार दिवसीय महापर्व की शुरूआत हो जायेगी। सोमवार को बाजार में नहाय खाय दिन बनने वाले प्रसाद को लेकर चने की दाल, अरवा चावल, कद्दू, शुद्ध घी आदि की खूब बिक्री हुई। इसके अलावा तमाम छठ घाटों के निर्माण की तैयारियां जोर-जोर से चल रही है।

### अर्जुन मुंडा ने पीएम का किया अभिनंदन



**चाईबासा।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय आदिवासी कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने आज चाईबासा की सभा में प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया। उन्होंने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा के शासन में प्रत्येक प्रखंड में आदिवासी मुलवासी बच्चों की शिक्षा के लिए एकलब्य विद्यालयों की स्थापना हो रही है जबकि झारखंड में झामुमो की सरकार आदिवासियों के जंगल और जमीन को लूटने में लगी है। उन्होंने कहा कि झामुमो के नेता सिर्फ कमीशन खाने, लोगों को कारोबार करने के लिए जजिया टैक्स देने पर बाध्य करने, अन्यथा उनका कारोबार बंद कराने में लगे रहे।

# भाजपा ने मेरे प्रस्तावक को ही चुरा लिया, ऐसी पार्टी से झारखंडवासी रहे सावधान : हेमंत सोरेन

**मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र**

- कहा-इतना विधायक बनाइये कि भाजपा का पैसा खत्म हो जाये किंतु हमारा विधायक नहीं
- गुदड़ी में झामुमो प्रत्याशी जगत माझी के पक्ष में मुख्यमंत्री ने चुनावी सभा को किया संबोधित
- कहा-कठपुतली बन बैठी चुनाव आयोग से जनता हिसाब लेगी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**सोनुवा/जमशेदपुर।** मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सुदूर गुदड़ी प्रखंड में झामुमो प्रत्याशी जगत माझी के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने चुनाव आयोग की निष्ठा पर सवाल खड़े किये। उन्होंने चुनाव आयोग को निशाने पर लेते हुए कहा आज जिस तरह से चुनाव आयोग भाजपा की कठपुतली बनकर नाच रहा है उसका हिसाब जनता को देना होगा। सीएम ने कहा खूब मनमानी चल रही है पदाधिकारियों को मनमर्जी हटाया जा रहा है। कहा चुनाव आयोग हो चाहे सरकार या ईडी, सीबीआई किसी को भी अपने अधिकारों का दुरुपयोग नहीं कर सकता।

उन्होंने जगत माझी को मनोहरपुर से विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा भाजपा के लोग जहां चुनाव भी नहीं लड़ता वहां पैसा के बल पर सरकार बना लेता है। उन्होंने कहा इस बार इतना विधायक बनाना है कि इन लोगों का पैसा खत्म हो जाए, लेकिन विधायक कम नहीं होना चाहिए। संबोधन के दौरान हेमंत सोरेन ने लोगों से पूछा आपका बिजली बिल माफ हुआ की नहीं। कहा डबल इंजन की सरकार में केवल बिल आता था लेकिन हमारी सरकार में बिजली आयेगी बिल नहीं।



गुदड़ी प्रखंड में चुनावी सभा को संबोधित करते सीएम हेमंत सोरेन। बगल में खड़े हैं झामुमो के प्रत्याशी जगत माझी।

**जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए वोट करें : जोबा माझी**

सभा को सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने भी संबोधित किया। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा विरोधियों की निगाह हमारे जल, जंगल और जमीन पर है, इसलिए इसकी रक्षा के लिए झामुमो के पक्ष में मतदान करें। सांसद ने कहा मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से उनका गहरा लगाव है। यहां का विकास ही उनकी प्राथमिकता है। ग्रामीणों से किसी भी तरह के बहकावे में नहीं आने की अपील की। कहा जगत माझी को विजयी बनाकर हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत करें।

**कई लोगों ने थाना झामुमो का दामन :** मुख्यमंत्री की उपस्थिति में गुदड़ी में भाजपा नेता भातुराम सांडिल समेत दर्जनों लोगों ने झामुमो का दामन थामा। मुख्यमंत्री ने झामुमो में शामिल होने वाले लोगों को पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया।

**सभा में ये रहे उपस्थित :** प्रत्याशी जगत माझी, अकबर खान, सुभाष नाग, अशोक वर्मा, सोनाराम देवगम, गणेश बोदरा, प्रिंस खान, दिनेश गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# एक नजर में

## प्रशासन सख्त कार्रवाई करे, नहीं तो जरूरत पड़ने पर चुनाव आयोग भी जायेंगे : सरयू राय

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा से एनडीए के प्रत्याशी सरयू राय ने सोमवार को कहा कि बीती रात (रविवार की रात) शास्त्री नगर में बन्ना गुप्ता के साथ साये की तरह रहने वाले लोगों ने मां काली की प्रतिमा विसर्जन के दौरान उपद्रव किया, मारपीट की। इसकी पूरी रिकार्डिंग भी है। इस मामले में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी कहा कि एफआईआर हो चुका है। उसमें दो-तीन लोग जो नामजद अभियुक्त हैं, उन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में श्री राय ने कहा कि पहले भी इस बात की आशंका जतायी गयी थी कि बन्ना गुप्ता के लोग चुनाव में उपद्रव करेंगे। मारपीट भी करेंगे। रविवार की रात वही हुआ। शास्त्रीनगर की कल रात 10 बजे की घटना यही साबित करती है। कहा कि अब हम लोग इस बात को लेकर सावधान हो गये हैं चुनाव के दौरान इस तरह की घटनाएं आये दिन होती रहेंगी। बन्ना के यहां से लोगों को रोज धमकियां मिल ही रही हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से अपील की कि कानून व्यवस्था के मुताबिक दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करें। अगर प्रशासन सख्त कार्रवाई नहीं करेगी तो हमें मजबूरन चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा।

## बकबकिया मेल हैं सांसद पप्पू यादव, राय जी के बारे में भी अल-बल बोल रहे हैं : श्रवण कुमार



**जमशेदपुर।** बिहार के मंत्री श्रवण कुमार ने पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव के श्री राय पर टिप्पणी पर कहा कि पप्पू यादव राय जी के बारे में अनाप-शनाप बक रहे हैं। उनको बोलने की बीमारी है, जहां माइक वालों को देखते हैं, बोलना शुरू कर देते हैं। बकबकिया मेल हैं। श्रवण ने कहा कि पप्पू ने कांग्रेस में अपनी पार्टी का विलय कर दिया और चुनाव लड़े निर्दलीय। न इनका कोई हिसाब-किताब है, न इनकी पार्टी का। सरयू राय ने पूर्वी और पश्चिमी जमशेदपुर में आम आदमी के लिए जबरदस्त काम किया है। सरकार एनडीए की बनेगी। सरयू राय भी उसमें शामिल होंगे। श्रवण कुमार ने कहा कि जमशेदपुर पश्चिमी में एनडीए की एकतरफा लहर है। वह लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं। सरयू राय की बेदाग छवि के बारे में लोग खुल कर बात कर रहे हैं। दावा किया कि सिलेंडर छाप पर दनादन बटन दबेगा और बाकी लोगों का पता ही नहीं चलेगा। जीत हर हाल में सिलेंडर छाप की ही होगी।

## बन्ना गुप्ता कर्मवीर और डॉ अजय की स्वच्छ छवि ये दोनों भारी मतों से जीतेंगे : अखिलेश सिंह



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में प्रेस वार्ता कार्यक्रम कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में किया गया। जिसमें प्रेस वार्ता को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह सांसद राज्यसभा ने संबोधित करते हुए कहा कि जमशेदपुर पश्चिम में कांग्रेस पार्टी एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी माननीय मंत्री बन्ना गुप्ता हैं जिनके कार्यों की सराहन जितना भी की जाए उतना कम होगा। कोविद काल में इनका योगदान काफी सराहनीय रहा है, भारत सरकार के द्वारा इस सेवा के लिए उन्हें प्रोत्साहित और सम्मानित भी किया गया साथ ही मानगो से साकची के बीच में बड़ा फ्लाइओवर का निर्माण करने का कार्य भी इनके विशेष कार्यों में से है। जिससे आम जनता को बहुत लाभ पहुंचेगा जाम से निजात मिलेगा तथा एमजीएम अस्पताल नया निर्माण 600 बेड से आम जनता को चिकित्सा सेवा में काफी राहत मिलेगी। इसके अलावा झारखंड सरकार के द्वारा जनकल्याण कार्यों में मैया सम्मान निधि के तहत 50 लाख से अधिक महिलाओं को मैया सम्मान योजना देने का कार्य भी झारखंड सरकार के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बहुत बड़ा कार्य किया है साथ ही जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी एवं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर अजय कुमार जी खड़े हैं जिनकी छवि काफी शिक्षित व्यक्तित्व के साथ है साथ ही इन्होंने अपने आरक्षी अधीक्षक के कार्यकाल में भी बहुत अच्छा सराहनीय कार्य किया है। अब इंडिया गठबंधन कांग्रेस पार्टी के द्वारा प्रत्याशी बनाए गए हैं। इस क्षेत्र की जनता इनका पूरा सहयोग देते हुए भारी मतों से जीतने का कार्य भी करेगी। दूसरी तरफ भाजपा सरकार परिवारवाद के नारा को लगातार कहती थी। अब बताएं पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यपाल के बहू को जो उम्मीदवार बनाया गया है क्या यह परिवारवाद नहीं है।

# यह चुनाव बदलाव का वाहक है, मत चूकें जमशेदपुर पूर्वी के मतदाता: शिवशंकर सिंह

- निर्दलीय प्रत्याशी ने कहा-पूरे प्रदेश की निगाहें टाटा नगरी की चर्चित विधानसभा पर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के विचारधारा और उन्हें अपना आदर्श बताने वालों की राजनीति अलग वर्तमान समय में लोगों की शासन में भागीदारी सुनिश्चित करने के स्थान पर केवल परिवारवाद और वंशवाद को बढ़ावा देने की हो गई है, जिससे छुटकारा पा कर ही हम लोगों की, आम जनता की समस्याओं को दूर कर सकते हैं। यह कहना है पूर्व भाजपा नेता और जमशेदपुर पूर्वी विस क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी प्रसिद्ध समाजसेवी शिव शंकर सिंह का। सोमवार को अपने प्रचार सह जनसंपर्क अभियान को



तेजी लाते हुए उन्होंने लगभग एक दर्जन से अधिक क्षेत्रों में पदयात्रा और जनसंपर्क अभियान किया। अभियान के दौरान निर्दलीय उम्मीदवार ने कहा कि पिछले तीस साल उन्होंने लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए राजनीति नहीं की बल्कि जनसेवा कर उन समस्याओं में वह लोगों के साथ खड़े रहे।

# संथाल परगना जल रहा है, लेकिन झारखंड सरकार मूकदर्शक बनी हुई है: चंपई सोरेन

- पीएम की उपस्थिति में कहा-महागठबंधन सरकार ने युवाओं और आदिवासियों को ठगा है

खबर मन्त्र ब्यूरो

**चाईबासा/ जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सरायकेला से भाजपा के प्रत्याशी चम्पाई सोरेन ने आज प्रदेश की महागठबंधन सरकार पर युवाओं, आदिवासियों एवं मूलवासियों समेत झारखंड के आम लोगों को ठगने का आरोप लगाया। वे चाईबासा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में विजय संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन की शुरुआत में कोल विद्रोह के महानायक वीर पोटो हो को नमन करते हुए उन्होंने



राजनगर में चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के बाद समर्थकों से बात करते पूर्व सीएम चंपई सोरेन।

कहा कि पिछले पांच वर्षों में इस सरकार ने आदिवासियों के विकास के लिए कुछ नहीं किया। अपने पांच महीनों के कार्यकाल को याद करते हुए उन्होंने कहा कि अपने छोटे से कार्यकाल में उन्होंने प्राथमिक स्तर पर जनजातीय एवं स्थानीय भाषाओं में पढ़ाई का मार्ग प्रशस्त कर दिया था, लेकिन नेतृत्व परिवर्तन होते ही वह प्रक्रिया रुक गई। हो भाषा (वरांग क्षिति लिपि) आंदोलन के संबंध में उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से हर साल आंदोलनकारी दिल्ली में धरना देने जाते थे।

# युवाओं का रुझान आजसू की तरफ, प्रदेश में एनडीए की सरकार तय : रामचंद्र सहिस

- जयराम का भूत लोगों के दिमाग से उतर गया है : कन्हैया सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** आजसू पार्टी के प्रत्याशी सह एनडीए समर्थित उम्मीदवार रामचंद्र सहीस के द्वारा जोरदार प्रचार प्रसार और उनके पक्ष में जगह जगह चुनावी कार्यालय खोल लोगो से वोट करने की अपील कर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह और अनिल मोदी के संयुक्त प्रचार अभियान जोर पकड़ा है। इस कड़ी में कई युवाओं ने जे एल के एम छोड़ आजसू पार्टी का दामन थामा है उक्त अवसर पर रामचंद्र सहिस ने बताया कि जे एल के एम अपने मुद्दे से भटक गई है और अब युवाओं का रुझान आजसू के पक्ष में आ गया है और जुगसलाई की जनता इस बार जल, जंगल, जमीन और माटी, बेटी, रोटी की रक्षा करने वाली आजसू पार्टी के साथ खड़ी है और 13 को आजसू के पक्ष में मतदान करने का कार्य करें।



चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के बाद समर्थकों संग जुगसलाई से आजसू सह एनडीए प्रत्याशी रामचंद्र सहिस।

# आम बगान मैदान में एनडीए के पक्ष में योगी की सभा आज

- जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने तैयारियों का लिया जायजा, कहा-ऐतिहासिक होगी सभा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महानगर की चारों विधानसभा सीट के साथ पूरे कोल्हान में भाजपा की चुनावी तैयारी जोरों पर है। जमशेदपुर में पार्टी की चुनाव अभियान को धार देने पार्टी के फायरब्रांड नेता एवं यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ 5 नवंबर को जमशेदपुर आयेंगे। वे साकची स्थित आम बागान मैदान में जमशेदपुर महानगर अंतर्गत पुर्वी, पश्चिम, पोटका एवं जुगसलाई विधानसभा के कार्यकर्ताओं को संयुक्त रूप से संबोधित करेंगे।



सीएम योगी आदित्यनाथ के जमशेदपुर आगमन और उनके विशाल जनसभा को लेकर भाजपा जमशेदपुर महानगर व्यापक तैयारी कर रही है। इस निमित्त, सोमवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर की प्रेस वार्ता साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई।

# चेंबर अध्यक्ष से मिलीं पूर्णिमा साहू दास, दिया समर्थन, सामाजिक संगठन भी आगे आये

**जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का प्रचार अभियान दिनोंदिन जोर पकड़ता जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से जहां सीधे जुड़ कर संवाद करने में जुटी हुई हैं तो विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग भाजपा को लगातार समर्थन



जन संपर्क के दौरान भाजपा सह एनडीए प्रत्याशी पूर्णिमा साहू दास।

की घोषणा कर रहे हैं। उधर, भाजपा से जुड़े संगठनों के कार्यकर्ता कमर कस कर मैदान में कूद गये हैं। वे घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क साध रहे हैं और पार्टी की उपलब्धियों की जानकारी दे रहे हैं।

प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने सुबह में भ्रमण के दौरान बाराद्वारी मैदान में लोगों से मुलाकात की और समर्थन मांगा। वह सिंहभूम चैम्बर आफ कामर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका के आवास गयी और आशीर्वाद लिया। इस मौके पर मूनका ने व्यापारी वर्ग के समर्थन का आश्वासन दिया।

# पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने की जमशेदपुर पूर्वी विस की जनता से डॉ अजय को जिताने की अपील

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय कुमार के पक्ष में पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव ने सोमवार को जमशेदपुर पूर्वी के जनता से वोट देने की अपील की। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर लोगों के साथ बैठक किया एवं रणनीति पर चर्चा की। पप्पू यादव ने काशीडीह, टुईलाडुंगरी, बर्मामाइंस, जोजोबेड़ा, रामदीन बागान, जेम्को, भुईंयाडीह और सिदगोड़ा में बैठक की। इस दौरान पप्पू यादव ने कहा कि डा. अजय किसी परिचय के मोहताज नहीं, उन्होंने हमेशा ईमानदारी से काम किया है। उनकी छवि काम करने वाले जनप्रतिनिधि के रुप में है, अगर जमशेदपुर की जनता ने समर्थन दिया तो निश्चित रुप से वो सुरक्षित एवं विकसित जमशेदपुर का लोगों का सपना को पूरा करेंगे। यह चुनाव स्वभिमान की लड़ाई है। यह लड़ाई भ्रष्टाचार और एक परिवार के आतंक के खिलाफ है।

**›› पप्पू यादव ने विभिन्न समाज के लोगों के साथ की बैठक**



सोनारी में पप्पू यादव का स्वागत करते लोग।

# माफिया का गुलाम बन कर रह गई है झारखंड की सरकार : मोदी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गढ़वा में चुनावी जनसभा






प्रधानमंत्री को तस्वीर प्रदान करते बाबूलाल मरांडी व उपस्थित जनसमूह

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में गढ़वा की धरती पर पधारे। दो लाख से अधिक लोगों की उपस्थिति और उत्साह के बीच उन्होंने झारखंड की सरकार को माफियाओं का गुलाम बताया। गढ़वा को बालू तस्करी का बड़ा केंद्र बनाने, लोगों को पलायन के लिए मजबूर करने और ट्रांसफर पोस्टिंग को प्रमुख धंधा बनाकर जनता की आकांक्षाओं पर कुठाराघात करने के लिए झामुमो नेतृत्व वाली ईडी गठबंधन सरकार को कठघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने गढ़वा सहित झारखंड वासियों से भाजपा एनडीए की सरकार बनाने की अपील की ताकि राज्य का तेजी से विकास हो सके। केंद्र की विकास योजनाओं को झारखंड की धरती पर उतारा जा सके और यहां का डबल विकास कर आदिवासी, दलित, पिछड़ा सहित सभी जनों की समस्याओं का निराकरण कम समय में किया जा सके। वह सोमवार को गढ़वा जिला मुख्यालय से सटे चेतना खेल मैदान में चुनावी जन सभा को संबोधित कर रहे थे। नरेंद्र मोदी ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद की सरकार ने झारखंड में तुष्टिकरण को चरम पर पहुंचा दिया है। घुसपैठिए को समर्थन कर रही है। घुसपैठिए को झारखंड में बसा रही है। जिसके राजपाट में विद्यालयों में सरस्वती वंदना को बंद कराया जा रहा है। त्यौहार मनाने से रोका जा रहा है। दुर्गा माता का रास्ता रोका जा रहा है। बेटियों की शादी में छल कपट किया जा रहा है। घुसपैठिए पर हाई कोर्ट जब संचयन लेती है तो सरकार घुसपैठ के समर्थन में पत्र लिखती है तो समझ जाएं खतरा कितना बड़ा है। इन तमाम खतरों से बाहर निकलना, झारखण्ड का तेज विकास तभी संभव है जब केंद्र की योजना को तेजी से राज्य में लागू किया जाए। यह तब तक संभव नहीं है जब तक झारखंड में झामुमो कांग्रेस की लुटेरी सरकार बैठी है। आप अपने एक-एक वोट से भाजपा, आजसू, जदयू, लोजपा के प्रत्याशियों को जिताकर झारखंड में भाजपा एनडीए की डबल इंजन की सरकार बनाए। तभी हम अपनी स्वतंत्रता, अपनी अस्मिता, झारखंड और यहां के लोगों को बचा सकेंगे।

**भ्रष्टाचार की बलि चढ़ गई केंद्र की लाभकारी योजनाएं :** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने केंद्र की हजारों करोड़ की लाभकारी योजनाओं को भ्रष्टाचार की बलि चढ़ा दी। उत्तर कोयल मंडल डैम को पूरा करने के लिए गत वर्ष ही हजारों करोड़ रुपए दिए गए थे। उसमें विस्थापितों के पुनर्वास के लिए भी फंड शामिल थे लेकिन राज्य सरकार ने उसकी अनुमति ही नहीं दी। इस कारण सिंचाई, पेयजल की बड़ी योजनाएं जनता का काम नहीं आ सकी वहीं विस्थापितों को भी खुले आसमान में रहना पड़ रहा है। सोन-कोयल योजना से पूरे गढ़वा को पानी आपूर्ति की योजना भी राज्य सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैया से आर में हैं। नल जल योजना के लिए केंद्र सरकार ने हजारों करोड़ रुपए दिए लेकिन यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधि सह पेयजल मंत्री काम कराने के बजाय अपनी तिजोरी भर ली। केंद्र सरकार ने पलामू-गढ़वा में सोलर पार्क की मंजूरी दी थी। लेकिन हेमंत सरकार ने इसके लिए जमीन ही उपलब नहीं करा सकी। इस तरह केंद्र की अनेकों योजनाएं झारखंड सरकार की फाइल में धूल फांक रही हैं। हेमंत सोरेन इन योजनाओं से डरते हैं। उन्हें लगता है कि इसे करने से क्रेडिट केंद्र सरकार को मिल जाएगी। अपना क्रेडिट लेने के लिए हेमंत सोरेन ने जनता को हाशिए पर भेज दिया है। हम जनता के साथ अन्याय नहीं होने देंगे बशर्ते आप हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने में सहयोग करें। पीएम ने कहा कि तेज विकास भाजपा की गारंटी है और इसे पूरा करने का संकल्प ही हमें आप सबों के बीच का खड़ा किया है। आप आगे आएं। विकास आपके देहरी पर दिखेगी।

### प्रधानमंत्री ने दिया नारा

## बेटी रोटी माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा की सरकार

प्रधानमंत्री अपनी सभा में उपस्थित लोगों से एक नारा का अभ्यास कराया। वह नारा है - बेटी रोटी माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा एनडीए की सरकार। उन्होंने कहा कि झारखंड के चुनाव में भाजपा का संकल्प पत्र शानदार है। बेटी रोटी माटी की सम्मान, सुरक्षा, समृद्धि के लिए समर्पित है। झारखंड में भाजपा की सरकार बनने के बाद गोगो दीदी योजना के तहत झारखंड के सभी मां बहनों को प्रति माह 2100 रुपए मिलेंगे। माताओं को पहले उज्ज्वला योजना से जोड़कर निःशुक्ल गैस सिलेंडर दिया गया था। अब उन्हें मात्र 500 में गैस सिलेंडर मिलेगी। दीपावली एवं रक्षाबंधन के दिन निःशुल्क दो सिलेंडर देंगे। तीन लाख सरकारी नौकरी देंगे।

पारदर्शी तरीके से परीक्षाएं होगी। इसके लिए वार्षिक कलेंडर जारी किया जाएगा। युवा साथी को 2000 रुपए प्रति माह बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। किसानों के लिए धान के फसल के लिए न्यूनतम समर्थक मूल्य 3100 रुपए क्विंटल निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसा लाभ भाजपा शासित अन्य राज्यों में दिया जा रहा है। ये मोदी और भाजपा की गारंटी है। मोदी जो बोलता है करता है।

**गढ़वा में बने एक लाख 15 हजार आवास :** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत झारखंड में 16 लाख गरीबों का घर बना है। गढ़वा में भी एक लाख 15 हजार गरीबों को आवास मिला है। अब तीन करोड़ नए घर बनाने की मेरी गारंटी है। झारखंड में भी 21 लाख नए घर बनेंगे। कहीं भी मिट्टी का घर देखें। उन्हें आवास देने की गारंटी अपने आप को मोदी समझकर दे दें।

## झारखंड के नवजवानों में नहीं है टैलेंट की कमी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि झारखंड के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। खेल के क्षेत्र में झारखंड के युवा देश का मान सम्मान बढ़ा रहे हैं। लेकिन राज्य सरकार ने उन्हें सर्व सुविधायुक्त खेल का मैदान और प्रशिक्षण भी उपलब्ध नहीं करा पा रही है। बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने का उनका वादा भी झूठा निकल गया। झारखंड में परीक्षा में धांधली, पेपर लीक लुट का उद्योग बन चुका है। सिपाही भर्ती में कई युवाओं की जान चली गई। पिछले चुनाव में युवाओं से झूठ बोलकर वोट लेने वाले झामुमो कांग्रेस को इस बार अपने वोट से ऐसा चोट दें कि ये दूर दूर तक नजर न आएं। फिर से वे आपको छलने न आ जाएं।

**मोदी ने खड़गे की बयान को हथियार बनाकर परोसा :** चुनावी जन सभा में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की बयान से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि खड़गे जी के मुंह से सच सामने आ गया। खड़गे ने पिछले दिनों माना कि कांग्रेस झूठे वादे करती है। ऐसे झूठ से कांग्रेस शासित राज्य दिवालिया बन जाएंगे। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा कांग्रेस की तरह झूठे वादे नहीं करती है। चुनावी सभा में भाजपा प्रदेश अयक्ष बाबूलाल मरांडी, भवनाथपुर के विाायक सह प्रत्याशी भानु प्रताप शाही, गढ़वा के प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी, विश्रामपुर के प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी सहित कई प्रत्याशी और नेता उपस्थित थे।

खबर एक नजर में

## गढ़वा की धरती पर पहली बार पड़ा प्रधानमंत्री का कदम

### स्वागत में नारों से गूंजा आसमान




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते भाजपाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा की धरती पर नरेंद्र मोदी के रूप में पहली बार किसी प्रधानमंत्री का कम पड़ा। इसके साथ ही 4 दिसंबर का दिन गढ़वा लिए ऐतिहासिक बन गया। देश की आजादी के बाद गढ़वा जिले की ारती पर आने वाले नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री बन गए। जिला मुख्यालय के समीप चेतना गांव के मैदान में पाारे देश के प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ाुन पर झारखंडी गीत और नृत्य के बीच पुष्प वर्षा के साथ प्रधानमंत्री को मंचासिन किया गया। प्रधानमंत्री ने हाथ जोड़कर गढ़वा वासियों का अभिनंदन किया। कहा गढ़वा आकर वह अपने को ान्य मानते हैं। यहां के स्वागत से वह अभिभूत हैं। गढ़वा भारत का अहम हिस्सा है। भारत की उन्नति में गढ़वा की भी उन्नति निहित है। उन्होंने आज गढ़वा को नजदीक से देखा है। इस क्षेत्र के विकास के लिए सरकार विशेष योजना के तहत कार्य कर रही है। अपनी धरती पर प्रधानमंत्री को देख लोग काफी खुश थे। मोदी के प्रति सकारात्मक भाव लिए गढ़वावासी प्रधानमंत्री की एक-एक बातों को गंभीरता से सुन रहे थे।

## दुर्घटना में घायलों को मंत्री ने अपनी गाड़ी से पहुंचाया सदर अस्पताल



घायल व्यक्ति को अपनी गाड़ी से लाते मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सड़क दुर्घटना में घायलों को अपनी गाड़ी से सदर अस्पताल पहुंचाया। वहां घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था करायी। सोमवार को मंत्री श्री ठाकुर मेराल में कल्पना सोरेन की आयोजित कार्यक्रम के बाद लौट रहे थे। इस दौरान रास्ते में गढ़वा-मेराल मार्ग पर नेनुआ मोड़ के समीप घटित टेंपो दुर्घटना में चालक सहित दो लोग घायल मिले। घायलों में मेराल थाना क्षेत्र के मेराल पुरबारा टोला निवासी स्व. सरजू माली का पुत्र सुनील माली और गढ़वा थाना क्षेत्र के चिरौंजिया मस्जिद टोला निवासी विजय पासवान की पत्नी सरिता देवी का नाम शामिल है। मंत्री ने घायलों को देखकर अपनी काफिला को रोक दिया।

## मुख्यमंत्री ने जेपी सेतु-दीघा गंगा घाट का किया निरीक्षण



एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियों को लेकर सोमवार शाम जेपी सेतु घाट-दीघा गंगा घाट का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बैरिकेडिंग, साफ-सफाई, छठ व्रतियों की सुविधाओं एवं सुरक्षा का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कल से छठ महापर्व की शुरूआत हो रही है। प्रशासन छठ घाटों पर सारी व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुश्तैद रहे। छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसका विशेष ख्याल रखें।

छठ घाटों पर सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुविधाओं को लेकर किसी प्रकार की कोई कोताही न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि छठ व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के लिये आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। ट्रैफिक व्यवस्था को सुरक्षित और सुगम बनाये रखें। छठ घाट के निरीक्षण के पश्चात मुख्यमंत्री ने जेपी सेतु घाट-दीघा गंगा घाट पर दीप प्रज्जवलित कर 'गंगा उत्सव' का उद्घाटन किया।

## छठ महापर्व में साढ़े तीन लाख लोगों के स्वागत की तैयारी तेज

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबहिनी झरना तीर्थ पर लगा टेंट

**कांडी।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में लोक आस्था के महापर्व छठ की जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। पहले झरना घाटी में पिछले 6 वर्षों से काबिज फर्जी ट्रस्ट की अवधि में लगी गंदगी और झाड़ झंखाड़, उग आई झाड़ियां और बड़े-बड़े पेड़ों को जेसीबी से तीन दिनों की मेहनत के बाद साफ किया गया। इसके साथ ही झरना घाटी के पश्चिम मेला मैदान के ऊंचे-नीचे भाग को समतल किया गया। इतना ही नहीं झरना घाटी में सेतु मार्ग के उत्तर एवं दक्षिण के भाग को समतल किया गया। जिस पर इन दोनों टेंट लगाया जा रहा है। जबकि सेतु मार्ग के नीचे जमा बालू को हटाकर उार से भी व्रतियों के आने-जाने का मार्ग साफ कर दिया गया है। जबकि नदी की ाारा को छठ घाट से होकर बहने का रास्ता दिया गया है। यद्यपि छठ घाट से पानी की सतह की गहराई थोड़ी सी आकि है। यहां सीढ़ी का निर्माण किया जाएगा। जबकि झरना घाटी के पश्चिम के मेला मैदान में बड़े-बड़े टेंट लगाए जा रहे हैं। सूर्य मंदिर से प्रवचन मंच तक की लंबाई में तीन कतारों में दोनों तरफ से निराहार छठ व्रतियों के बैठने की जगह चिन्हित की जा रही है। उार से टेंट लगाया जा रहा है। जबकि बीच-बीच से रास्ता दिया गया है। पूरे मैदान, झरना घाटी, नवीन यज्ञशाला मैदान व सभी मंदिरों में रंग बिरंगी प्रकाश व्यवस्था की जा रही है। कारीगरों के साथ दो दर्जन से आकि मजदूर दिन-दिन भर काम में लगे हुए हैं। झरना घाटी के पूरब एवं पश्चिम दोनों तरफ के प्याऊ से लगातार पेयजल की आपूर्ति जारी रहेगी। इसी तरह मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के द्वारा समय-समय पर सूचना प्रसारण के लिए साउंड की व्यवस्था की जा रही है। इन दिनों जारी कार्यों का यश कुमार पांडेय उर्फ लाला पांडेय के द्वारा पर्यवेक्षण किया जा रहा है। मालूम हो कि सतबहिनी झरना तीर्थ छठ महाव्रत के विराट सामूहिक महा अनुष्ठान के लिए निकट और दूर के लोगों के लिए पहली पसंद बन चुका है। यहां पर स्थानीय 100 गांवों के साथ-साथ झारखंड के विभिन्न जिले एवं देश के विभिन्न प्रदेशों की छठ व्रती एवं उनके परिजनों के साथ-साथ सतबहिनी झरना तीर्थ के छठ के आयोजन की मनोहारी छटा देखने के लिए काफी बड़ी संख्या में दर्शकों को मिलाकर करीब साढे तीन लाख लोग यहां आया करते हैं। इस वर्ष इस संख्या में और वृद्धि होने की संभावना है। सतबहिनी विकास समिति के अध्यक्ष समाजसेवी सह राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह एवं सचिव पंडित मुरलीधर मिश्र ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से छठ सतबहिनी झरना तीर्थ में आकर छठ व्रत के महा अनुष्ठान में भाग लेने की अपील की है।

### पेज एक का शेष

#### झारखंड में अबकी...

उन्होंने कहा कि परिवारवाद से देश की अस्मिता पर खतरा उत्पन्न हो गया है। अपने सिफई परिवार से मतलब है, देश और जनता से नहीं। परिवारवाद के कारण भ्रष्टाचार खतरनाक स्थिति पर पहुंच गया है। इनलोगों ने एक आदिवासी पुत्र चंपई सोरेन को अपमानित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वहीं सीता सोरेन जैसी एक बड़े आदिवासी घराने की बहू के खिलाफ अपशब्ध भाषा का प्रयोग किया। यही इन लोगों का चाल-चरित्र है। उन्होंने कहा, झारखंड की सरकार माफिया की गुलाम बन गयी है। यह क्षेत्र बालू तस्करी का केंद्र बन गया है जनता पलायन को मजबूर। ये लोग बंदरबांट में व्यस्त हैं। कामधंधा बंद होता जा रहा है, लेकिन ट्रांसफर पोस्टिंग का धंधा खूब फल फूल रहा है।

संकल्प पत्र मोदी की गारंटी : पीएम ने कहा, झारखंड भाजपा का चुनावी संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है। मोदी अपनी हर गारंटी पूरी करता है। झारखंड का तेज विकास एनडीए की गारंटी है। उन्होंने कहा कि झारखंड में एनडीए की सरकार बनने पर गोगो-दीदी योजना के जरिए हर महीने माताओ-बहनों को 2100 रु. मिलेंगे. नौजवानों को युवा साथी भत्ता मिलेगा. सिर्फ 500 रु. में गैस सिलेंडर मिलेगा। अगले साल दीपावली और रक्षाबंधन पर बहनों को दो मुफ्त सिलेंडर भी मिलेंगे। पीएम ने कहा कि मैंने तीन करोड़ घर बनाने की गारंटी दी थी। सरकार बनते ही काम शुरू कर दिया। 21 लाख नये आवास बनाने , हर गरीब को पक्का घर देना भाजपा की गारंटी है।

**झारखंड से अत्याचारी सरकार को हटा दें :** चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में चुनावी जनसभा में पीएम ने कहा, झारखंड से अत्याचारी शासन को उखाड़ फेंकना है। इसके लिए जनता ने कमर कस ली है। हर कोई कह रहा है कि इस बार कोल्हान नया इतिहास रचने जा रहा है।

आदिवासी समाज के बिना देश का विकास नहीं : पीएम ने कहा कि आदिवासी समाज की उचित भागीदारी के बगैर देश का विकास संभव नहीं है। भाजपा आदिवासियों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम करती है। कांग्रेस ने कभी किसी आदिवासी को न पार्टी अध्यक्ष बनाया और न ही राष्ट्रपति। इन लोगों ने कांग्रेस के एक नेता ने सीता सोरेन के लिए जिस भाषा का प्रयोग किया, वह निंदनीय है। सीएम भी इस पर चुप रहे। जेएमएम को सत्ता सुख के लिए महिला का अपमान भी स्वीकार्य है।

#### इस चुनाव में ...

जिसे केंद्र सरकार वापस नहीं कर रही है। साथ ही उन्होंने देश में बढ़ती महंगाई के लिए भी भाजपा की केंद्र सरकार को जिम्मेदार बताया। कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन को केंद्र की एजेंसियों के द्वारा जेल में डाला गया था। वहीं हजारीबाग में चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी किसी को धर्म या जाति के नाम पर नहीं बांटती है। यह भाजपा का काम है। उन्होंने कहा कि हमने काम करके दिखाया है और हम जुमले फेंकने वाले लोग नहीं हैं। धनवार में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कल्पना ने कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि राज्य के गरीब बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और आत्मनिर्भर बनें। कल्पना ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि हम अपने बच्चों को शिक्षा का वो उजाला देंगे, जो उनकी ज़िंदगी को रोशन कर सके। इस बार धनवार से झामुमो की प्रचंड जीत होगी।

### पीएम मोदी के कार्यक्रम के बावजूद कल्पना सोरेन के कार्यक्रम में चिनियां व मेराल में उमड़ी जनसैलाब

# आदिवासी सरकार के अपमान का लेना है बदला, विकास को जीताना है : मंत्री मिथिलेश

## केंद्र सरकार देती है महंगाई का उपहार : कल्पना सोरेन





लोगों का अभिवादन करती कल्पना सोरेन व मंत्री मिथिलेश ठाकुर व उपस्थित जनसमूह

खबर मन्त्र संवाददाता

**चिनियां/मेराल (गढ़वा)।** गढ़वा में झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन एवं गढ़वा विाायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश ठाकुर का जलवा दिखा। गढ़वा में प्राानमंत्री नरेंद्र मोदी की आयोजित कार्यक्रम के बावजूद मंत्री श्री ठाकुर का चिनियां व मेराल में आयोजित प्रखंड स्तरीय जनसभा में जनसैलाब उमड़ पड़ी। हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने कल्पना सोरेन के कार्यक्रम में शामिल होकर गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मिथिलेष कुमार ठाकुर के प्रति समर्थन व्यक्त किया। सोमवार को गढ़वा विाानसभा क्षेत्र के चिनियां प्रखंड अंतर्गत चिरका आईटीआई के मैदान तथा मेराल हाई स्कूल के मैदान में झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के पक्ष में आयोजित चुनावी जनसभा आयोजित की गई। इस जनसभा में श्रीमती सोरेन ने उपस्थित जनसमूह से प्रत्याषी मिथिलेष कुमार ठाकुर के पक्ष में आगामी 13 नवंबर को ईवीएम में दूसरे नंबर पर स्थित चुनाव चिन्ह तीर धनुष छाप पर वोट देकर भारी बहुमत से जीताने की अपील की।

मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए झामुमो की स्टार प्रचारक गांडेय विाायक कल्पना सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई का उपहार देती है। वह झारखंड का पैसा दूसरे राज्यों को भेजती है और झारखंड को अपने आाकार से वंचित रखती है। उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने अपने कार्यकाल में जो विकास का काम किया है, उसकी बदौलत हम आपके पास आशीर्वाद मांगने आए हैं। झारखंड की जनता जवाब देगी कि समाज को तोड़ने वालों की सरकार बनेगी या जोड़ने वाले की। भाजपा चाहती है कि हिंदू, मुस्लिम, अगड़ा-पिछड़ा करते रहें और जनता को द्विभ्रमित करते रहें। लेकिन अब इन्हें यहां की जनता समझ चुकी है। आज मंईयां सम्मान योजना से 55 लाख महिलाओं के खाते में राशि भेजी जा रही है। जो आगामी दिसंबर महीने से इस राशि को बढ़ाकर 2500 कर दिया गया है। भाजपा ने झारखंड में 20 साल राज किया और राज्य को अपने हालत में छोड़ दिया था। जबकि हेमंत सोरेन पांच साल में झारखंड को विकास के रास्ते पर ले आए है। कल्पना सोरेन की ओजस्वी में भाषण में झारखंड के विकास का संकल्प साफ झलक रहा था। उन्होंने बीच-बीच में लोगों मे जोश भरते हुए तीर ाानुष छाप के पक्ष में मतदान करने के लिए संकल्प भी दिलाई। उन्होंने कहा कि झारखंड के विकास की कोई भी योजना लाते हैं तो भाजपा उसे रोकने के लिए मुकदमा दर्ज करा देती है। भाजपा पिछड़ों का 27 प्रतिषत आरक्षण को समाप्त कर 14 प्रतिषत कर दी। झामुमो उसे बढ़ाने के लिए संकल्पित है। मौके पर पार्टी प्रत्याशी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कल्पना सोरेन को झारखंड की शेरनी बताया। मत्री ने कहा कि चिनियां व मेराल की जनसभा में उमड़ी जनसैलाब यह बता रही है कि विधानसभा का चुनाव परिणाम इंडिया गठबंधन के पक्ष में होगा। गढ़वा के लोगों ने मन बना लिया है कि इस बार विकास के नाम पर मतदान करना है। झूठे एवं फरेबियों को, समाज में जोड़ तोड़ करने वालों को सबक सिखलाना है गरीबों, आदिवासियों की सरकार को अपमानित करने वालों से बदला लेना है। मंत्री ने अपने 5 वर्ष तक किए विकास कार्यों की बदौलत मजदूरी के तौर पर आगामी 13 नवंबर को अपने पक्ष में तीर धनुष छाप पर मतदान करने की अपील किया। श्री ठाकुर ने गढ़वा के विकास कार्यों की चर्च करते हुए कहा कि वे चिनियां के चिरका से सड़क मार्ग से चलकर हेलीकप्टर के साथ ही मेराल की सभा में शमिल हो गए। जबकि पूर्व में वहां से मेराल पहुंचने में 2 घंटे का समय लगता था। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, नितेष सिंह, फरीद खान, माले नेत्री सुषमा मेहता, अरविंद यादव, राजकिषोर यादव, बनारसी सिंह, सुनैना देवी, उमाषंकर गुप्ता, चंदू कोरवा, चरखु परहिया, चैतु सिंह, रामु भुईयां, फारूक, रामवृक्ष सिंह, गंगेष्वर सिंह, प्रमिला देवी, संपूर्णा तिवारी, जैनुल्लाह अंसारी, रामसागर यादव, जवाहर पासवान, संजय भगत, दीपमाला, अतहर अली, चंदन जायसवाल, मनीष कमलापुरी, सूर्य प्रकाश, दषरथ प्रसाद, अजय गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


स्पीड न्यूज

### आगरा में मिग-29 क्रैश, पायलट सुरक्षित



**नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में आगरा के पास सोमवार को वायु सेना का एक मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ने पंजाब के आदमपुर से उड़ान भरी थी और अभ्यास के लिए आगरा जा रहा था। दुर्घटना से पहले विमान के पायलट सहित दो लोग कूद गए, जिससे उनकी जान बच गई। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए भारतीय वायु सेना ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

### वरूण धवन की फिल्म बेबी जॉन का टीजर लांच



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन की आने वाली फिल्म बेबी जॉन का टीजर रिलीज हो गया है। वरुण धवन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर चर्चा में हैं।'बेबी जॉन' का टीजर रिलीज हो गया है ।बेबी जॉन का टीजर एक बच्ची से शुरू होता है,जो अपने पिता वरुण धवन के बारे में बताती नजर आती है। वही, दूसरी ओर वरुण धवन भी धमाकेदार एक्शन करते नजर आते हैं। फिल्म में वरुण पुलिस वाले की भूमिका में नजर आते हैं। इसके अलावा फिल्म की अभिनेत्रियों में कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी की झलक भी देखने को मिली है। वही, जैकी श्रॉफ फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आने वाले हैं।

### लद्दाख में फिर भूकंप के झटके, कोई नुकसान नहीं

**लद्दाख।** लद्दाख में सोमवार को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने कहा कि भूकंप का केंद्र 34 .51 उत्तरी अक्षांश और 78 .52 पूर्वी देशांतर पर स्थित था, जो लेह क्षेत्र में 10 किलोमीटर की गहराई पर था। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि कहीं भी जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। दो सप्ताह पहले भी इस क्षेत्र में लेह से लगभग 200 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में 3 .7 तीव्रता का ही भूकंप आया था।

### मिथुन चक्रवर्ती की पहली पत्नी का निधन

**मुंबई ।** अभिनेता से राजनेता बने मिथुन चक्रवर्ती की पहली पत्नी अभिनेत्री हेलेना ल्यूक का अमेरिका में निधन हो गया है। हेलेना ल्यूक ने 3 नवंबर को अंतिम सांस ली। हालांकि, उनकी मौत का कारण पता नहीं चल पाया है। हेलेना ने अमिताभ बच्चन की फिल्म मर्द' में काम किया था। इस फिल्म में उन्होंने ब्रिटिश रानी की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म से उन्हें पॉपुलैरिटी मिली थी। उनकी और मिथुन चक्रवर्ती की शादी केवल चार महीने चली थी।

### अमेजन ग्रेट फेस्टिवल ने बनाया रिकॉर्ड


**बेंगलुरु।** अमेजन इंडिया ने सोमवार बताया कि एक महीने तक चलने वाला अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल देश भर में ग्राहकों, विक्रेताओं और ब्रांड भागीदारों के लिए अब तक का सबसे अच्छा खरीदारी उत्सव रहा है। 24 घंटे के प्राइम अर्ली एक्सेस के साथ एजीआईएफ का शुभारंभ 27 सितंबर को हुआ था। इसमें ग्राहकों को लैपटॉप, टीवी, स्मार्टफोन, फैशन एवं ब्यूटी, होम डेकोर, अप्लायंसेज, फर्नीचर और ग्रॉसरी जैसी श्रेणियों में शीर्ष ब्रांडों के 25,000 से अधिक नए उत्पाजदों को खरीदने का शानदार मौका मिला। पिछले वर्ष की तुलना में 26फीसदी की वृद्धि देखी गई।

# अमेरिका में नये राष्ट्रपति के लिए मतदान आज

## उपराष्ट्रपति हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप में कांटे की टक्कर

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में नए राष्ट्रपति के चुनाव के लिए मंगलवार (पांच नवंबर) को मतदान होगा। राष्ट्रपति चुनाव के लिए मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार एवं वर्तमान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच है। देश के अलग-अलग राज्यों में मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे से नौ बजे के बीच शुरू होगा। अमेरिका में अधिकांश मतदान केंद्रों पर मतदान की प्रक्रिया पांच नवंबर को यहां पूर्वी (तट) के







मानक समय (ईएसटी) के अनुसार शाम सात बजे से 11 बजे के बीच बंद हो जाएगी। अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए सात करोड़ 80 लाख से अधिक लोगों ने मतदान किया है। यूनिवर्सिटी ऑफ फ्लोरडिया की इलेक्शन लैब ने यह जानकारी दी। इलेक्शन लैब के मुताबिक लगभग सात करोड़

### सात करोड़ अमेरिकी पहले ही कर चुके हैं मतदान

अमेरिकी पहले ही चुनाव में मतदान कर चुके हैं, जिसमें तीन करोड़ 65 लाख अमेरिकियों ने व्यक्तिगत रूप से मतदान किया और तीन करोड़ 25 लाख ने मेल के जरिए मतदान किया। राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूरी ताकत झोंक दी। दोनों ने मतदाताओं को अपने-अपने तरीके से अपने पाले में खींचने की कोशिश की। अमेरिकी लोकतंत्र के इस महापर्व पर द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार हैरिस ने रविवार को मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी में रैली को संबोधित किया। उन्होंने मतदाताओं से एकता बनाए रखने की अपील की। दिलचस्प यह रहा कि उन्होंने यहां अपने प्रतिद्वंद्वी ट्रंप का एक बार भी नाम नहीं लिया। उन्होंने गाजा में युद्ध को समाप्त करने का वादा किया। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया की तुलना में मैकॉन की रैली में सर्वेक्षणों पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने जॉर्जिया की रैली में उत्तरी कैरोलिना में आए तूफान हेलेन के लिए संघीय सरकार की आलोचना की। बाइडेन प्रशासन को प्रवासियों पर आपदा निधि खर्च करने पर घेरा। इस चुनाव में न्यूयॉर्क का 42 ब्रॉड-वे चर्चा के केंद्र में है। यहां निर्वाचन बोर्ड का दफ्तर है। पहले दिन करीब एक लाख 40 हजार लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अमेरिका के विभिन्न प्रांतों में करोड़ों मतदाता वोट डाल चुके हैं। फ्लोरिडा विवि के इलेक्शन लैब ट्रैकर के आंकड़ों के मुताबिक, 6.8 करोड़ से अधिक अमेरिकी मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं।

### केरल, पंजाब व उप्र में उपचुनाव 20 को

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने तीन राज्यों की 14 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव से जुड़ी मतदान तारीखों में बदलाव किया है। अब इन सीटों पर 13 नवंबर की बजाय 20 नवंबर को मतदान होगा। जिन सीटों पर उपचुनाव की तारीख बदली गई हैं, वे इस प्रकार हैं केरल की पलक्कड़। पंजाब की डेरा बाबा नानक, छब्बेवाल (एससी), गिद्दड़बाहा, बरनाला।

उत्तर प्रदेश की मीरापुर, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर (एससी), करहल, शीशामऊ, फूलपुर, कटेहरी और मझवां। आयोग ने बताया कि उसे विभिन्न मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों में भाजपा, कांग्रेस, बसपा, रालोद शामिल हैं।

# शेयर बाजार में भारी गिरावट

## सेंसेक्स 941 अंक लुढ़का, निवेशकों के करीब 6 लाख करोड़ डूबे

एजेंसी

- अमेरिकी चुनाव के नतीजों में अनिश्चितता को लेकर लाल निशान पर बंद हुये बाजार
- निफ्टी 309 अंक गिरकर 23,995 पर पहुंचा



**मुंबई ।** अमेरिकी चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता और फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति बैठक के बीच भारतीय शेयर बाजार सोमवार को लाल निशान में बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत घोषणा 7 नवंबर को होगी। इस बीच सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही इंडेक्स में 2 प्रतिशत तक की भारी गिरावट देखने को मिली। हालांकि, कारोबार के अंत में बाजार में कुछ रिकवरी हुई। बीएसई का सेंसेक्स 941.88 अंक या 1.18 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। वहीं, दूसरी ओर एनएसई का निफ्टी 309 अंक या 1.27 प्रतिशत गिरने के बाद 23,995.35 पर बंद हुआ। मिड और स्मॉल कैप इंडेक्स भी 2 प्रतिशत तक गिरे। निफ्टी बैंक 458.65 अंक या 0.89 प्रतिशत गिरने के बाद 51,215.25 पर आ गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स कारोबार के अंत में 711.50 अंक या 1.26 प्रतिशत गिरने के बाद 55,784.55 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 370.25 अंक या 1.97 प्रतिशत चढ़ने के बाद 18,424.65 पर बंद हुआ। निफ्टी के रियलिटी, एनर्जी, मीडिया, इंफ्रा और कमोडिटीज सेक्टर में भारी बिकवाली रही। वहीं, ऑटो, फिन सर्विसेज, एफएमसीजी और मेटल सेक्टर भी 1 प्रतिशत की गिरावट के साथ लाल निशान पर रहे। बाजार का रुझान नकारात्मक रहा। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,357 शेयर्स हरे, 2,705 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे थे। वहीं, 137 शेयर में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं रहा।

**टॉप लूजर्स :** सेंसेक्स पैक में रिलायंस, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, टाइटन, पावर ग्रिड, टाटा स्टील और भारती एयरटेल टॉप लूजर्स रहे।

**टॉप गेनर्स :** वहीं, एमएंडएम, टेक महिंद्रा, एसबीआई, एचसीएल टेक, इंफोसिस और इंडसइंड बैंक टॉप गेनर्स रहे। गिरावट के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का मार्केट कैप करीब 6 लाख करोड़ रुपये गिरकर 442 लाख करोड़ रुपये रह गया है ।वहीं, निफ्टी 11 अंक बढ़कर 24,315.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,316.75 अंक के उच्चतम जबकि 23,816.15 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,304.35 अंक की तुलना में 1.27 प्रतिशत कमजोर होकर 23,995.35 अंक पर आ गया। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में अडानी पोर्ट्स 3.23, रिलायंस 2.77, सन फार्मा 2.68, एनटीपीसी 2.59, बजाज फिनसर्व 2.44, टाटा मोटर्स 2.31, एक्सिस बैंक 2.15, पावरग्रिड 2.08, टाइटन 2.06, टाटा स्टील 1.84, नेस्ले इंडिया 1.55, भारती एयरटेल 1.54, एलटी 1.45, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.41, एचडीएफसी बैंक 1.37, अल्ट्रासिमको 1.30, आईसीआईसीआई बैंक 1.21, आईटीसी 1.19, बजाज फाइनेंस 1.15, कोटक बैंक 0.94, एशियन पेंट 0.85, टीसीएस 0.58, मारुति 0.53 और हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.49 प्रतिशत शामिल रही।

# कनाडा के ब्रैम्पटन में मंदिर पर खालिस्तानियों ने किया हमला

एजेंसी

ब्रैम्पटन। समूची दुनिया में मिनी पंजाब के नाम से मशहूर कनाडा में फिर हिन्दुओं की आस्था पर चोट की गई है। खालिस्तान समर्थकों ने इस बार ब्रैम्पटन में हिन्दू सभा मंदिर को निशाना बनाया है। इन लोगों ने हिन्दू श्रद्धालुओं के साथ जमकर मारपीट की। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हमले की कड़ी निंदा की है। हिन्दू कैनेडियन फाउंडेशन के आधिकारिक एक्स हैंडल पर जारी वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि खालिस्तान समर्थक ब्रैम्पटन के हिन्दू सभा मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ मारपीट कर रहे हैं। हिन्दू कैनेडियन फाउंडेशन गैर लाभकारी संगठन है। यह कनाडा में हिन्दू समुदाय के लिए काम करता है। संगठन ने एक्स पर कहा कि खालिस्तानी आतंकवादियों ने बच्चों और महिलाओं पर हमला किया। ओटावा में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर और काउंसुलर कैंप के बाहर भारतविरोधी तत्वों का हिंसक व्यवधान बेहद निराशाजनक है। हम भारतीय नागरिकों सहित आवेदकों की सुरक्षा के लिए भी बहुत चिंतित हैं। कनाडा के प्रमुख विपक्षी नेता पियरे पोलीवरे ने हिन्दू सभा मंदिर पर हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि कनाडा हिंदुओं की रक्षा नहीं कर पा रहा। टोरंटो के सांसद केविन वुओंग ने भी हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि कनाडा आज कट्टरपंथियों के लिए सुरक्षित जगह बन गया है। कनाडा के नेता हिन्दुओं की रक्षा करने में विफल रहे हैं, ठीक उसी तरह जैसे वे ईसाई और यहूदी कनाडाई लोगों की रक्षा करने में विफल रहे।

**आतंकवादियों ने बच्चों और महिलाओं के साथ की मारपीट**



# बागियों ने हर दल की बढ़ाई मुसीबत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में हो रहे विधानसभा चुनाव में सोमवार को 983 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। इससे अब महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिए 8272 उम्मीदवार मैदान में हैं। महाराष्ट्र के प्रमुख हर राजनीतिक दलों को अपने ही बागियों का सामना करना पड़ रहा है। सूबे में 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को मतगणना होने वाली है। जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए 15 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की गई थी। चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 29 अक्टूबर थी। उस दिन तक विधानसभा की 288 सीटों के लिए कुल 10,900 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन भरा था। इन नामांकनों की जांच के दौरान कुल 1654 नामांकन विभिन्न गलतियों की वजह से रद्द कर दिए गए थे।

### महाराष्ट्र विस चुनाव

बचे हुए उम्मीदवारों के नामांकनों में आज 983 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया है। इस तरह बचे हुए उम्मीदवारों के तकदीर का फैसला 20 नवंबर को ईवीएम में बंद हो जाएगा। बोरीवली से पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने भाजपा से नाराज होकर नामांकन भरा था लेकिन आज गोपाल शेट्टी ने अपना नामांकन वापल ले लिया है। इसी तरह भायखला से कांग्रेस के पूर्व विधायक मधुकर चव्हाण ने नामांकन भरा था, उन्होंने भी नाम वापस ले लिया है। प्रमुख पार्टियों में बगावत का आलम यह है कि एनडीए गठबंधन के सहयोगी दल शिवसेना शिंदे समूह और राकांपा अजीत पवार के अधिकृत उम्मीदवारों को खुद उनके ही पार्टी के बागी उम्मीदवारों का सामना करना पड़ेगा।